कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 01:15 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024

वर्ष 3, अंक 58, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चरम पर पहुंचा 11 वर्षीय सूर्य का सौरचक्र 16

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण 15

## एक नजर

### सलमान के घर फायरिंग मामले में शूटर गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में पनवेल के पास बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के फार्महाउस की टोह लेने वाले और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक व्यक्ति को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार यहां इसकी पुष्टि की। हाल ही में पंजाब और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त अभियान में पानीपत के सेक्टर-29 पुलिस थाना क्षेत्र से संदिग्ध सुखबीर बलबीर सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि सुक्खा, अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के मामले में फरार था।

### ईडी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से की पूछताछ



गुवाहाटी। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां गुरुवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये बिटकॉइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि भाटिया (34) का बयान यहां एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि भाटिया को ऐप कंपनी के एक कार्यक्रम में सेलिब्रिटी के रूप में शामिल होने के लिए कुछ धनराशि मिली थी और उनपर मामले में उनकी संलिप्तता होने का कोई आरोप नहीं है।

### बाराबंकी में देवा महोत्सव का आगाज आज

देवा (बाराबंकी)। कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। यह मेला महोत्सव 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले का पशु बाजार भी पशुओं की आमद से गुलजार है।

# रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन की गई



- 1 नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण में होगा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय ने इस सदर्भ में बुधवार को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 01 नवंबर से ट्रेनों के अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालांकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। 01 नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार एआरपी को 60 दिन करने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि अनुरक्षण कार्य के लिए प्लानिंग में आसानी होगी।

# दीपावली पर 1.86 करोड़ परिवार को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासनादेश जारी होते ही वितरण शुरू, 1,890 करोड़ खर्च होगा

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बीते साल की तरह इस दीपावली पर भी निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस कदम से उप्र. के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है।

साल में दो बार होली और दीपावली पर ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। पिछले साल जहां 1.85 करोड़ लाभार्थी परिवार और 85 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ दिया गया था। वहीं इस साल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ परिवार हो गयी है। इसपर 1,890 करोड़ रुपये खर्च होगा। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है जबकि शेष छूट राज्य सरकार देती है। योजना के तहत लाभार्थियों को 14.2 किग्रा. का सिलेंडर रिफिल दिया जाता है।

# महज 46 रनों पर सिमटी टीम इंडिया



**37** सालों बाद घरेलू मैदान पर बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**5** विकेट न्यूजीलैंड के हेनरी ने चटकाए

बेंगलुरू। 37 सालों बाद घरेलू मैदान पर भारतीय टीम लड़खड़ा गई। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारत ने अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेट दिया। इसके बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाए लिए। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढ़त है। चिन्नास्वामी में खेले जा रहे मैच में न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने सिर्फ 15 रन देकर 5 विकेट झटके। हेनरी ने सरफराज खान, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव को अपना शिकार बनाया। पहली पारी में खराब प्रदर्शन की वजह से टीम इंडिया बैकफुट पर आ गई है। ये पहला मौका नहीं है जब भारतीय टीम होम टेस्ट की किसी पारी में धाराशायी हो गई हो। इससे पहले भी 1987 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान (अब अरूण जेटली) पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए भारतीय टीम मात्र 75 रनों पर ऑल-आउट हो गई थी।

# हत्याकांड के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़

**बहराइच हिंसा**

## पांचों आरोपी गिरफ्तार, दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

## नेपाल की सीमा पर नानपारा थानाक्षेत्र में असलहा बरामदगी के दौरान हुई मुठभेड़

- अब तक 57 आरोपी हो चुके गिरफ्तार, 13 एफआईआर दर्ज

संवाददाता, बहराइच



मुठभेड़ के बाद आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

**अमृत विचार :** नानपारा थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे बहराइच हिंसा के दो मुख्य आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रामगोपाल की हत्या के मामले में तीन नामजद और दो अन्य आरोपियों सहित कुल पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है। महराजगंज मामले में अब तक 57 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हिंसा के तहत अब तक अलग-अलग 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लापरवाह सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ निलंबित हैं।

एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक गुरुवार को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हिंसा और रामगोपाल मिश्रा की हत्या में नामजद आरोपियों समेत पांच को गिरफ्तार किया। इसमें मो. फहीन, मो. तालीब उर्फ सबलू, मो. सरफराज उर्फ रिंकू, अब्दुल हमीद और मो. अफजल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद असलहा बरामद कराने के लिए नानपारा इलाके में नेपाल मार्ग पर हांडा बसेहरी लेकर गई। जहां हत्या में प्रयुक्त में लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक छिपाकर रखी गई थी। पुलिस अभी बरामदगी की कार्रवाई कर ही रही थी। इसी बीच आरोपी मो. सरफराज उर्फ रिंकू और मो. तालिब उर्फ सबलू ने बंदूक से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने जिला अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी के जवान तैनात कर दिया है। वहीं अन्य तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सरफराज की बहन बोलीं- बुधवार को पुलिस ने उठा लिया था

महाराजगंज के जिस मकान में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या की गई थी। वह अब्दुल हमीद का था। हमीद की बेटी रुखसार ने एसटीएफ पर आरोप लगाया कि बुधवार शाम चार बजे उसके पिता अब्दुल हमीद, भाई सरफराज, फहीम और उनके साथ एक अन्य युवक को उठा लिया था। मेरे पति और देवर को पहले ही पकड़ लिया था। किसी भी थाने से उनकी कोई खबर नहीं मिल पा रही है। हमें डर है कि उनका एनकाउंटर कर हत्या की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिजनों की सुरक्षा की अपील की है। वहीं रुखसान के बयान का वीडियो जाकिर अली त्यागी नाम के व्यक्ति के ट्विटर अकाउंट से अपलोड किया गया है।

### बहराइच हिंसा उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की विफलताः अखिलेश



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बहराइच जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था तो वहां कोई पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी। यादव ने लखनऊ में कहा यह बहराइच प्रशासन और सरकार की विफलता है। वे अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और हर कार्यक्रम को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की बात करते हैं।

### आरोपियों के खिलाफ होगी रासुका की कार्रवाई



एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि महराजगंज मामले में अभी और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। इस मामले में हिंसक घटना में शामिल लोगों के साथ अफवाह फैलाने वाले, साजिश रचने वाले और आरोपियों को शरण देने वाले सभी के लिए खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। सभी आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**हरियाणा में मुख्यमंत्री का शपथग्रहण**

# नायब सैनी ने ली शपथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

चंडीगढ़, एजेंसी



मोदी से शिष्टाचार मुलाकात करते सैनी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता मौजूद रहे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। मोदी ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह सरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### समारोह के बाद राजग के नेताओं ने की बैठक

शपथ ग्रहण समारोह के बाद, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों समेत राजग के नेता विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए यहां आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए। बैठक से पहले एक बयान में भाजपा ने कहा कि देशभर में 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा के हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नगालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री उसके सहयोगी दलों के हैं, जो इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। पिछले कई वर्षों में राजग का इस तरह का यह पहला सम्मेलन है।

# मुंबई आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई, एजेंसी

घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहने के बीच इसी तर्ज पर गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी।

एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को, बम की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को आपात स्थिति में मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। उसने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है।

### नो-फ्लाई सूची में शामिल करने के विकल्प पर सरकार कर रही विचार

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्रालय विमानों में बम होने की धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने और दोषियों को 'नो फ्लाई' सूची में शामिल करने की योजना बना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

### 8 सोशल मीडिया खाते निलंबित

नई दिल्ली। भारतीय विमानों में बम रखे होने की धमकी देने वाले कई सोशल मीडिया खातों को साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने निलंबित या ब्लॉक कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि साइबर, विमानन सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की एक संयुक्त टीम ने विश्लेषण किया।

# मुरादाबाद में डबल मर्डर महिला की सिर कटी लाश व बच्चे का शव मिला

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला का शव गुरुवार को देवापुर के जंगल में कल्याणपुर जाने वाले चकरोड पर रामगंगा नदी के पास मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की तो शव से लगभग 25-30 मीटर दूर सिर बरामद हुआ। इस दौरान फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी थी, तभी करीब 200 मीटर दूर एक बच्चे का शव और मिला। बच्चे के शरीर पर सिर्फ अंडरवीयर है। दोनों ही शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सपा के सात प्रत्याशी मैदान में, दो सीट कांग्रेस को मिली

**उप्र. विस उपचुनाव**

- सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर उतारा उम्मीदवार
- गाजीपुर और खैर सीट पर कांग्रेस से गठबंधन के उम्मीदवार उतरेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हो गया है। नौ सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में सपा, कांग्रेस को दो सीटें दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, श्रीनगर में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच सीटों को लेकर बातचीत में कांग्रेस को दो सीट गाजियाबाद और खैर देने की सहमति बनी है।

इधर, गुरुवार को सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर सुम्बुल राणा को अपना उम्मीदवार बना दिया है। ऐसे में अब तक कुल सात सीट के लिए अखिलेश यादव ने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। सपा ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट पर अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इन्हीं दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतरेंगे। हालांकि, इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

# भाजपा-रालोद की मांग, 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

- तिथि बदलने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम मांगपत्र सौंपा
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की जताई आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा। मांग की गई कि प्रदेश में उप चुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गई है जबकि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद व प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में लोग तीन-चार दिन पूर्व ही पहुंच जाते है। ऐसे में मतदान की तिथि न बदली गई तो बहुसंख्यक मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। भाजपा और रालोद को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि चुनाव आयोग नई दिल्ली से यथोचित पत्र व्यवहार किया जाएगा।

# तीन लाख के नकली नोट पकड़े

## उन्नाव पुलिस और एसओजी ने एक कार से किए बरामद, लखनऊ में छापते थे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- प्रिंटर, वाईफाई मोडम, मानिटर, सीपीयू आदि बरामद
- लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में छापते थे जालसाज

**अमृत विचार:** औरास पुलिस और एसओजी ने एक कार में छिपाकर ले जाए जा रहे करीब तीन लाख के जाली नोट व नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने साथ ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद जाली नोट 100 और 500 के हैं। युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में जाली नोट छापने का काम करते थे।

पुलिस गिरोह के बारे में और जानकारी जुटा रही है। उन्नाव एसपी दीपक भूकर ने बताया कि औरास पुलिस व एसओजी को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में जाली नोटों को खपाने का कारोबार चल रहा है। इसके चलते पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने औरास में एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली तो कार में डेस्क बोर्ड से 100 रुपये के 988 जाली नोट बरामद हुए। कार की डिग्गी में एक प्रिंटर, वाईफाई मोडम, एक मानिटर, एक सीपीयू, एक पेपर कटर, एक लैपटाप आदि बरामद हुए। पुलिस ने कार सवार मो. शोएब पुत्र मो. शरीफ निवासी गांव तिलोइया कला थाना संडील हरदोई व फुरकान निवासी तकिया रहीमाबाद थाना रहीमाबाद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 500 रुपये के 394 जाली नोट व दो मोबाइल फोन भी बरामद किये।

# चीन ने भूटान में बसाई आबादी, अब डोकलाम पर नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए



चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए हैं। एक रिसर्च रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इन 22 गांवों में से 19 पूर्ण रूप से रिहायशी गांव हैं, जबकि तीन में आबादी अभी कम ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 22 गांवों में से सात में निर्माण कार्य शुरू होने का खुलासा 2023 की शुरुआत में हो गया था।

चीन ने डेढ़ साल में इन इलाकों में तेजी से निर्माण कार्य भी किया है। इनके माध्यम से चीन की नजर डोकलाम पर है। ये क्षेत्र वही है, जिसे लेकर 2017 में भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने थीं। भारत-चीन और भूटान के ट्राई-जंक्शन पर पड़ने वाले डोकलाम को चीन अपना बताता है। तिब्बती विश्लेषकों के नेटवर्क टरकोइस रूफ की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने 2016 में भूटान के क्षेत्र के तौर पर जाने जाने वाले अपनी सीमा के पार वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। चीन ने इन 22 गांवों में 752 रिहायशी ब्लॉक बनाए हैं, जिनमें 2284 परिवारों के रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों में अधिकारियों, निर्माण कार्य में लगे कर्मियों, सीमा पुलिस और सेना के करीब 7000 लोगों को बसाए जाने की तैयारी है। यह गांव काफी ढलान वाली इलाके और ऊंची घाटी वाले क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जिसकी समुद्र से ऊंचाई 3832 मीटर तक है। चीन का बसाया सबसे ऊंचा गांव मेनचुमा समुद्री से करीब 4670 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। चीन की तरफ से भूटान के क्षेत्र पर कब्जे की एक बड़ी वजह थिंपू की छोटी सेना और कमजोर रक्षा तैयारियां भी बताई जाती हैं। भूटान के पास इस वक्त सिर्फ 8000 सैनिक हैं, जो कि रक्षा के मकसद से तैनात किए गए हैं।

### डोकलाम पर कब्जे पर चीन की नजर

चीन ने भूटान में जिन गांवों का निर्माण किया है, उनकी लोकेशन काफी अहम है। दरअसल, चीन की तरफ से यह गांव पश्चिम और पूर्वोत्तर में स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ गांव पश्चिमी भूटान में हैं, जिसे 1913 में तत्कालीन भूटान के शासक 13वें दलाई लामा द्वारा भूटान को सौंप दिया गया था। इन गांवों के जरिए चीन की पश्चिम में अहम कूटनीतिक लक्ष्य पर भी नजर है। यह क्षेत्र है 89 किमी का डोकलाम का पठार।

### झूठे पैकेज डील देना चाहता है चीन

चीन की तरफ से जो गांव बसाए गए हैं, वह पूर्वोत्तर भूटान में स्थित हैं, जो कि कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए खतरा नहीं हैं। हालांकि, चीन ने 1990 तक इन्हें भूटान के नक्शे पर दिखाने के बाद फिर अपने नक्शे पर दिखाना शुरू कर दिया। आखिर चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक फायदा न मिलने के बावजूद उसने पूर्वोत्तर भूटान के गांवों पर कब्जा क्यों किया? टरकोइस रूफ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन इलाकों को भूटान के पश्चिम में स्थित डोकलाम पठार पर कब्जा करने के इरादे से रख रहा है।

# डीसीएम में घुसी कार दरोगा, युवती की मौत

## महाराजपुर थानाक्षेत्र के एनएच-2 हाईवे पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हादसे में कार के परखचे उड़ गए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र के एनएच 2 हाईवे पर गुरुवार दोपहर कानपुर से फतेहपुर जा रही कार हाईवे किनारे खड़े डीसीएम में पीछे से घुस गई। कार के परखचे उड़ गए। हादसे में डीजी कार्यालय लखनऊ में तैनात सहायक उपनिरीक्षक और बगल में बैठी युवती की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद रस्से से गाड़ी को डीसीएम से बाहर निकलवाया। हादसे के बाद डीसीएम चालक फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

बर्रा 8 निवासी रणकेंद्र सिंह के 27 वर्षीय पुत्र सागर सिंह सेंगर सहायक उपनिरीक्षक पद पर पुलिस मुख्यालय (डीजी) लखनऊ में तैनात थे। सागर सिंह वैगनकार कार से गुरुवार दोपहर करीब एक बजे विजय बहादुर सिंह की 25 वर्षीय पुत्री वैशाली सिंह निवासी रायबरेली के साथ फतेहपुर की ओर जा रहे रहे थे। कार एमजीए कॉलेज के पास हाईवे किनारे खड़े डीसीएम में पीछे घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखचे उड़ गए। हादसा देख ग्रामीण दौड़े और पुलिस को सूचना दी।

महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से डीसीएम में घुसी कार को बाहर निकाला। तब तक दरोगा और युवती की सांसें थम चुकी थीं।

पुलिस ने दोनों को सरसौल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की जानकारी फोन पर मृतकों के परिजनों को दी।

### पुलिस कार्ड व आधार कार्ड से हुई शिनाख्त

- महाराजपुर पुलिस ने बताया कि युवती का बैग व कुछ कागजात मिले हैं। बैग में युवती का आधार कार्ड व युवक के पास से पुलिस का कार्ड पाया गया। जिससे दोनों की पहचान हो सकी। इसके बाद जानकारी फोन पर परिजनों को दी गई।

### शव देख फफक पड़े पिता घर में मां हुई बेसुध

- दरोगा की मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों को विश्वास ही नहीं हुआ। सोमवार को सागर घर से लखनऊ ड्यूटी पर जाने की बात कह निकला था। वो कैसे और क्यूं कार से युवती के साथ कानपुर से फतेहपुर की तरफ जा रहा था इस सवाल का जवाब परिजनों के पास नहीं है। पिता रणकेंद्र सीएचसी पहुंचे तो बेटे का शव देख फफक पड़े। वहीं घर में मां सुमन बार-बार बेटे को याद कर बेसुध हुई जा रही थीं।

### युवती कॉल सेंटर में करती थी नौकरी

- पुरवामीर चौकी इंचार्ज प्रभा शंकर ने बताया कि कार में बैठी रायबरेली निवासी वैशाली सिंह लखनऊ में एक कॉल सेंटर में काम करती थी और वहीं रहती थी। परिजनों ने बताया कि वैशाली का कानपुर में किसी बीमारी का इलाज चल रहा था। इसी के चलते उसका आना-जाना कानपुर रहता था।

# इरफान सोलंकी के मामले में 6 नवंबर को सुनवाई

**कानपुर।** सीसामऊ सीट से सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी को आगजनी के मामले में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव के इस्तीफा देने के कारण सुनवाई टल गई। अब 6 नवंबर को सुनवाई होगी।

जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा के प्लॉट पर आगजनी के मामले में विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी एमएलए कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई थी। इसी सजा के खिलाफ सोलंकी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राज्य सरकार की ओर से इरफान सोलंकी की सजा बढ़ाई जाने की मांग करते हुए हलफनामा कोर्ट में दाखिल हो चुका है। इरफान सोलंकी के अधिवक्ताओं ने राज्य सरकार के हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ के समक्ष हुई।

# दहेज के लिए बहू को पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कविता।



घटना की जानकारी देता भाई बृजकिशोर। अमृत विचार

- छत पर मिला शव, रात 3 बजे मायके पक्ष को दी जानकारी
- दहेज में कूलर, कुर्सी और दो लाख रुपये की मांग की थी

**अमृत विचार।** नरवल थानाक्षेत्र में दहेज में कूलर, कुर्सी की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने एक नवविवाहिता को पीट-पीटकर कर मार डाला। मायके पक्ष का आरोप है कि उसका शव छत पर पड़ा मिला। उन लोगों को रात 3 बजे सूचना दी गई कि छत पर बने जाल से गिरने के कारण उसकी हालत गंभीर है। मायके पक्ष वालों ने हत्या का आरोप लगाकार जमकर हंगामा काटा। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

महाराजपुर थानाक्षेत्र के तिलसहरी में रहने वाले रामसजीवन कुशवाहा ने अपनी तीसरे नंबर की 26 वर्षीय बेटी कविता की शादी 3 दिसंबर 2023 को नवरल थानाक्षेत्र के नरौरा गांव निवासी कमलेश के पुत्र कबाड़ का काम करने वाले सुधीर कुशवाहा से की थी। कविता के परिवार में मां शशी, सबसे बड़ी बहन सुनीता, सीता और भाई बृजकिशोर है। कविता के चाचा रामाआसरे कुशवाहा और भाई बृजकिशोर ने बताया कि शादी के पांच महीने बाद से ससुरालीजन पति, ससुर और ननद उसे दहेज में कूलर, कुर्सी और दो लाख रुपये की मांग कर रहा थे। इसको लेकर अगस्त माह में मारापीटा था। इस पर वह लोग उसे मायके तिलसहरी ले आए थे। आरोप है, कि नवरात्र में पति उसे नरौरा ससुराल ले गया था। कविता के पिता राम सजीवन कुशवाहा ने बताया कि ससुराल वाले कूलर, कुर्सी और दो लाख रुपये के लिए बेटी पर दबाव बनाकर प्रताड़ित कर रहे थे। पिता, भाई ने आरोप लगाया कि गुरुवार रात बेटी को ससुरालीजनों ने जमकर मारापीटा। जिससे उसके कान से खून निकल रहा था। कविता की मौत मौके पर हो जाने के कारण वह लोग डर गए। एक डॉक्टर को रात में ही बुलवाया। जब उसने चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ससुरालीजनों ने मायके पक्ष को छत के जाल से गिरने के कारण गंभीर होने पर अस्पताल ले जाने की बात कही। थानाध्यक्ष नर्वल राजेश सिंह ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। थानाध्यक्ष का कहना है, कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर लेकर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। वहीं एसीपी चकेरी दिलीप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता थाने में क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच के बाद की कार्रवाई

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाने में लेखपाल ने नेहरू स्मारक सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में शिकायत मुख्यमंत्री जनता दर्शन लखनऊ और जिलाधिकारी से की थी। लेखपाल को जांच सौंपी गई थी।

नौबस्ता क्षेत्र के लेखपाल आलोक कुमार ने दर्ज एफआईआर में बताया कि मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में की गई शिकायत के बाद उन्हें जांच दी गई। जिलाधिकारी राकेश सिंह के निर्देश पर शिकायतकर्ता रजोल पासवान द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में राजस्व ग्राम नौबस्ता तहसील सदर की आराजी संख्या 1166 व 862 की अभिलेखीय व स्थलीय जांच की गई। जिसमें पाया गया कि धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों से भूमि बेची गई है। आरोपी नेहरू स्मारक सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव प्रेमप्रकाश त्रिपाठी के नाम कोई भी भूमि दर्ज अभिलेख नहीं है। प्रेमप्रकाश त्रिपाठी ने अन्य व्यक्तियों को भी भूमि विक्रय अथवा पट्टा दिये जाने की संभावना है। नौबस्ता प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर नेहरू स्मारक सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव प्रेमप्रकाश त्रिपाठी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बेरीकेडिंग हटेगी, मार्शल चलाएंगे ट्रैफिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



काकादेव देवकी चौराहा जाने वाले मार्ग पर लगी बेरीकेडिंग।

- नगर निगम व यातायात विभाग मेट्रो के निर्माण क्षेत्र से हटाएगा अतिक्रमण
- दोबारा अतिक्रमण न हो अलग से टीम होगी तैनात, जाम से मिलेगी राहत

**अमृत विचार।** शहर में मेट्रो का कार्य जारी है। ऐसे में कई स्थानों पर मार्ग परिवर्तन करने के साथ ही बेरिकेडिंग लगाकर मार्ग को अवरुद्ध किया गया है। अब जहां मेट्रो का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है या फिर मार्ग से ट्रैफिक चलने की संभावना है, ऐसी जगह मेट्रो की बेरिकेडिंग हटाकर मेट्रो मार्शल यातायात का संचालन करेंगे। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने इसके निर्देश जारी किये हैं, साथ ही कहा है कि मेट्रो के निर्माण कार्य के पास ही रेहड़ी-पटरी वाले अतिक्रमण कर रहे हैं। ऐसे में यातायात की समस्या बढ़ रही है। नगर निगम जल्द ही सड़क के अतिक्रमण को हटाने के लिये अभियान चलाये।

शहर में प्रथम और दूसरे चरण के तहत मेट्रो का निर्माण कार्य जारी है। पहले चरण में चुन्नीगंज से आगे नानाराव तक ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त है। डॉयवर्जन के जरिये यातायात चलाया जा रहा है। जबकि मेट्रो का कई स्टेशनों पर कार्य अंतिम चरण में है फिर भी बैरीकेडिंग लगाकर रास्ता रोका गया है। इसके आगे टीपी नगर, जूही में भी यही स्थिति है। वहीं, दूसरे चरण में भी सीएसए से बर्रा-8 तक कार्य शुरू हो गया है। धीमे-धीमे चरणबद्ध यहां भी डॉयवर्जन और बैरीकेडिंग लगाकर मार्ग अवरुद्ध किया जा रहा है। ऐसे में मंडलायुक्त ने प्रवर्तन प्रभारी मेट्रो, यातायात पुलिस और नगर निगम से यातायात सुचारू करने के निर्देश दिये हैं। नगर निगम जल्द इन सड़कों पर अतिक्रमण अभियान भी चलाने जा रहा है ताकि, सड़कों पर कब्जा होने से रोका जा सके। नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि जहां पर मेट्रो का कार्य चल रहा है और यातायात प्रभावित हो रहा है। ऐसे स्थानों का चिन्हीकरण करते हुए अतिक्रमणमुक्त कराया जाये।

# दोबारा मतगणना में भी पूनम ही बनीं प्रधान

चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/बिठूर



श्वेता सिंह।



पूनम सिंह।

- 3 साल बाद दोबारा मतगणना, 2 मत रद होने से जीत का अंतर रह गया 6 वोटों का
- धांधली का आरोप लगाकर रनर प्रत्याशी ने की थी दोबारा मतगणना की अपील
- हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीएम कोर्ट में वोटों की गिनती पर बदला नहीं परिणाम

**अमृत विचार।** 3 वर्ष पहले कल्याणपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत परगही बांगर के प्रधान पद चुनाव में पूनम सिंह 8 वोटों से विजयी घोषित की गई थीं। रनर प्रत्याशी श्वेता सिंह ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाकर दोबारा वोटों की गिनती कराए जाने की मांग की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर गुरुवार को एसडीएम कोर्ट में दोबारा मतों की गणना की गई। लेकिन परिणाम नहीं बदला। मौजूदा प्रधान ही विजयी घोषित की गईं। दोबारा मतगणना में दो वोट रद किए जाने से हार-जीत का अंतर जो पहले 8 वोटों का था, वह घटकर 6 वोटों का जरूर रह गया।

हाईकोर्ट के आदेश पर गुरुवार को एसडीएम रितु प्रिया, तहसीलदार रितेश कुमार सिंह की मौजूदगी में ग्राम पंचायत परगही बांगर के प्रधान पद चुनाव के मतों की गिनती हुई। तहसीलदार ने बताया कि दोबारा मतों की गिनती में 2 वोट रद हो गए। इस कारण मौजूदा प्रधान पूनम सिंह जिन्हें पहले 270 मत मिले थे, उनके खाते में अब 268 वोट दर्ज हुए। रनर रहीं श्वेता सिंह को 262 वोट मिले। पूनम सिंह दूसरी मतगणना में 6 वोट से विजयी घोषित की गईं। परगही बांगर से प्रधानी का चुनाव लड़ीं श्वेता सिंह ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाकर उपजिलाधिकारी कार्यालय में अपील की थी। यहां से अपील खारिज होने पर उन्होंने हाइकोर्ट की शरण ली थी।

# चढ़दी कला यात्रा में बोले सो निहाल गूंजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



संत नगर गुरुद्वारा से निकाली गई चढ़दी कला यात्रा। अमृत विचार

- मोतीझील ग्राउंड पर रागी जत्थे संगत को करेंगे निहाल, आतिशबाजी होगी

**अमृत विचार।** गुरुवार को बोले सो निहाल, सतश्री अकाल जयघोष के साथ श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित चढ़दी कला यात्रा संत नगर गुरुद्वारे से निकाली गई। रास्ते में पुष्पवर्षा की गई। देर शाम ये यात्रा गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ गुमटी नंबर 5 में समाप्त हुई। यात्रा में मीरीपीरी बाल सखा व फुलवारी संस्था के बच्चे शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा और महानगर अध्यक्ष सरदार रमिंदर सिंह रिंकू की अगुवाई में यात्रा निकली जिसमें कीर्तनी जत्थे शबद गायन करते चल रहे थे। यात्रा में सुखविंदर सिंह भल्ला (लाडी), कुलबीर महाजन, आतमजीत सिंह, नीना बहन जी, हरमीत सिंह, प्रदीप भाटिया, हरप्रीत सिंह सोनू, जगजीत सिंह, मनजीत सिंह, जसपाल सिंह, सरबप्रीत सिंह रौनक, अनमीत कौर अन्नू, हरमिंदर सिंह, बलजीत कौर मीनू, अमृत कौर, परमजीत कौर, जसबीर कौर (रितु) आदि लोग मौजूद रहे। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि 19 अक्टूबर को गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व पर मोतीझील मैदान में प्रसिद्ध रागी जत्था जगजीत सिंह बबीहा, कवलजीत सिंह, गगनजीत सिंह, नरेंद्र सिंह कथा कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे। लखनऊ, झांसी, उन्नाव, महोबा, बांदा, हमीरपुर से भी श्रद्धालु आएंगे। आतिशबाजी के साथ ही लंगर होगा। शाम 5 बजे से मीरीपीरी बाल सखा परिवार के 7 बच्चों को पुरुस्कृत व 128 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। फुलवारी संस्था की चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता 3 बच्चों को इनाम दिया जाएगा। मेडिकल कैंप व ब्लड डोनेशन कैंप

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की जान गई

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दोस्तों को टक्कर मार दी। इससे एक की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल है।

जिला फतेहपुर के थाना कोतवाली के गांव मुराइनटोला निवासी 55 वर्षीय अरविंद सिंह निजी अस्पताल में कंपाउंडर थे। भाई राघवेंद्र ने बताया कि बुधवार दोपहर वह एक मरीज को देखने के लिए अपने दोस्त अनुराग के साथ बाइक से सिविल लाइंस स्थित अंबा हॉस्पिटल आए थे। यहां से रात 8 बजे घर के लिए निकले थे। अनुराग बाइक चला रहे थे और भाई अरविंद पीछे बैठे थे। सरसौल पुल के आगे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों डिवाइडर से टकरा गए। बाद में कांशीराम हॉस्पिटल में अरविंद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अनुराग का इलाज चल रहा है।

# मुस्लिम ख्वातीन के लिए जमीअत का अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बासमंडी में 20 को सम्मेलन समाज सुधार का पैगाम देने जुटेंगे उलेमा

**अमृत विचार।** मुस्लिम ख्वातीन के गैर मुस्लिमों के साथ बढ़ते संबंध रोकने के लिए जमीअत उलमा हिंद ने प्रदेश स्तर पर अभियान शुरू किया है। इस्लाहे मुआशरा यानी समाज सुधार नाम से चलाए गए इस अभियान में महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। 20 अक्टूबर को गरीब नवाज हाल, बासमंडी में महिला सम्मेलन होगा, जिसे खिताब करने के लिए देश भर के उलेमा जुटेंगे।

महिला सम्मेलन जमीअत उलमा हिंद के कार्यवाहक महामंत्री एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की सरपरस्ती में होगा। इसमें ख्वातीन के पर्दे का ख्याल रखा गया है। मुख्य अतिथि मदरसा रौजतुल उलूम कासगंज के मौलाना इनाम अहमद कासमी होंगे। कार्यक्रम संयोजक मौलाना अबू बकर हादी कासमी ने कहा कि मुस्लिम समाज में बुराइयां एवं खराबियां बढ़ती जा रही हैं, नौजवान शराब, जुआ, सट्टा, झूठ, फरेब जैसी बुराई में फंसता जा रहा है। बच्चियां गैरों से संबंध बढ़ा रही हैं, जिसकी वजह से दीन और ईमान से बेगाना होती जा रही हैं।

खानगी और घरेलू मसायल से मामूली बातों पर तलाक तक नौबत पहुंच रही है। समाज सुधार के लिए अभियान छेड़ा गया है। जमीअत उलमा हिंद ने 21 अक्टूबर को ख्वातीन के लिए कर्नलगंज के एनयू गर्ल्स कालेज छिपियाना में जलसे की तारीख तय की है।

# मुकदमा वापस लो वर्ना परिवार समेत मार दूंगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचिवालय के समीक्षा अधिकारी को धमकी

**अमृत विचार।** सचिवालय के सक्षम अधिकारी को फिरोजाबाद में दर्ज एक मुकदमे को वापस लेने के लिए धमकी दी गई। आरोपी ने अफसर समेत पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

कानपुर देहात के सिकंदरा ऊमरुपुर निवासी गौरव कुमार दोहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उत्तरप्रदेश सचिवालय लखनऊ में समीक्षा अधिकारी, न्याय अनुभाग 01 (उच्च न्यायालय) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पिताजी दयाराम के घुटने का इलाज ग्लोबस हॉस्पिटल काकादेव में चल रहा है। 10 अक्टूबर की शाम करीब 6.40 बजे मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई जो मैं रिसीव नहीं कर पाया। बताया कि उस अज्ञात नंबर पर कॉल बैक करने पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम बृजेश बताया और कहा कि मेरे खिलाफ जो मुकदमा फिरोजाबाद में दर्ज हुआ है, उस मुकदमे को वापस ले लो अन्यथा तुम्हे और तुम्हारे परिवार को एक सप्ताह के अंदर जान से मार दूंगा। वह व्यक्ति एक ही बात बोल रहा था कि तुमसे जितना कहा है बस उतना सुन लो अन्यथा तुम्हारे परिवार में कोई नहीं बचेगा। पीड़ित अफसर ने काकादेव थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस उस नंबर को सर्विलांस पर लगवाकर जानकारी कर रही है। काकादेव प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि गौरव कुमार दोहरे की तहरीर पर रिपोर्ट लिखी है।

सुरक्षा | आईजी रेलवे ने थाने का निरीक्षण कर सर्तकता परखी

# आरपीएफ को मिलेंगे और आधुनिक हथियार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सेंट्रल स्टेशन पर आरपीएफ थाने का मुआयना करते आईजी एएन सिन्हा।

**अमृत विचार।** रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) के आईजी एएन सिन्हा ने कहा है कि वर्तमान में ट्रेनों, स्टेशनों और यात्रियों के खिलाफ चल रही खतरनाक साजिश को बेनकाब करने के लिए आरपीएफ को और मजबूत करते हुए आरपीएफ और स्वचालित हथियार उपलब्ध कराए जाएंगे।

गुरुवार को सेंट्रल स्टेशन पर औचक निरीक्षण करने आए आईजी आरपीएफ एएन सिन्हा ने अमृत विचार संवाददाता से विशेष बातचीत की। उन्होंने कहा कि आरपीएफ को और स्वचालित हथियार देने के लिए कई चरण में अधिकारियों के साथ मीटिंग हो चुकी है। ट्रेनों को पलटाने की साजिश करने वालों की तलाश जारी है। आरपीएफ, जीआरपी, लोकल पुलिस, क्राइम ब्रांच समेत अन्य जांच एजेंसियां संयुक्त रूप से ऐसे शरारतीतत्वों की तलाश और पहचान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में आरपीएफ की गश्ती टीम स्वचालित हथियारों से लैस रहती है। त्योहारों को देखते हुए आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रही हैं और विशेषकर प्लेटफार्मों पर इधर उधर पड़े पार्सल पर सीसीटीवी कैमरे से भी 24 घंटे नजर रखी जा रही है। जो लोग एक्स पर फर्जी एकाउंट बनाकर उलटा सीधा पोस्ट करके आरपीएफ को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा और उनको जेल भेजा जायेगा।

गुरुवार सुबह 11 बजे आरपीएफ के आईजी एएन सिन्हा कानपुर सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड पहुंचे तो उन्हें गार्ड ऑनर दिया गया। उसके उपरांत सेंट्रल पर आरपीएफ थाना पहुंचे। आईजी ने प्लेटफार्मों की सुरक्षा व्यवस्था देखने के साथ ही पार्सल के पैकेट पर विशेष नजर रखने को कहा। आईजी ने जवानों की सतर्कता परखी और ग्रामीण अंचलों, मलिन बस्तियों में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। सहायक आयुक्त आरपीएफ विवेक वर्मा, आरपीएफ थाना प्रभारी बीपी सिंह, पनकी थाना आरपीएफ प्रभारी सत्येन्द्र कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर अमित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


**सूचना**

सूचित हो कि हमने अपनी पुत्री प्रीति गुप्ता के आचरण से क्षुब्ध होकर सारे सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है वह अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होगे। **विजय शंकर गुप्ता पुत्र राजाराम गुप्ता, श्रीमती ज्योति गुप्ता पत्नी विजय शंकर गुप्ता, निवासी–116/349–ए, रावतपुर गांव, थाना–रावतपुर, कानपुर**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै SAMSHYUDDHIN S/O SARAFAT ALI निवासी ग्राम– ओझवा, ग्राम पंचायत व पोस्ट–मोहरबा, थाना– मटेरा, जनपद–बहराइच ने अपना नाम SAMSHY UDDHIN से बदल कर SHAMSUDDIN ALI कर लिया है। आजसे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीता पत्नी कमलेश गौतम, निवासिनी– 13, मान खेड़ा, मल्हौर रोड, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 –319604780 में मेरा नाम रिनित गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम रंजीता है जो आधार कार्ड में भी दर्ज है। अतः मुझे रंजीता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अगस्तेय कुमार पाठक पुत्र स्व0 दशरथ पाठक, निवासी– सैनिक इक्लेव, बिजनौर, लखनऊ उ0प्र0 मो0नं0–6005503907,** मेरी पुत्री कुमारी राधा पाठक का 12वीं पासिंग का के0वी0सी0आर0 बिजनौर लखनऊ द्वारा जारी (Transfer Certificate) टी0सी0 () वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पार्वती देवी पत्नी विश्वनाथ गुप्ता, निवासी–मकान नं0–15/37, मुंशी पुलिया, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0–226016,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 –AOFDP4735A में पार्वती देवी (Parvati Devi) एवं उनके पिता का नाम विश्वनाथ (Vishwanath) त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरा नाम पार्वती देवी तथा पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल है।, अतः मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल (Bhagwan Deen Jaiswal) अंकित किया जाय। जो कि सत्य एवं सही है।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा पुत्र अशोक कुमार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी कोमल का चाल चलन अच्छा नही है। दोनो के कार्य व्यवहार को देखते हुए अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए कार्यो का उत्तदायित्व मेरा नहीं होगा। **–रामबाबू पुत्र रामदीन निवासी– ग्राम 260 बाघपुर, तहसील मैथा ,थाना शिवली ,कानपुर देहात**

**सूचना**

मेरे राशन कार्ड संख्या 215840612286 में मेरा नाम त्रुटिवश गुड़िया दर्ज हो गया है , जो गलत है । जबकि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों के मेरा नाम शाबिरा है , जो सही है । अतः मेरे राशन कार्ड के मेरा सही नाम शाबिरा दर्ज किया जाए। **शाबिरा पत्नी आशिक अली निवासिनी – ग्राम असलाहपुर मजरे – खालिकपुर कला ब्लाक व तहसील – ऊंचाहार जिला – रायबरेली**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नंबर 339588871851 में मेरा नाम त्रुटिवश यधुवीर सिंह पुत्र सुनील कुमार जन्मतिथि 15–07–2001 गलत अंकित हो गया था जबकि मेरे सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम व जन्मतिथि 11–04–1998 अंकित है। अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम शैलेंद्र यादव व पिता का नाम विधाराम, जन्म तिथि 11–04–1998 अंकित करना चाहता हूं जो कि सही व सच है। **शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम, निवासी– ग्राम शंकरपुर, पोस्ट लोकपुर, थाना विशुनगढ़, तहसील छिबरामऊ ,(कन्नौज)**

**आज का मौसम**

अगले पांच दिन धूप के बीच हल्के बादल छाये रहने के आसार।

| 34.4° | 19.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:10 | सूर्यास्त 05:38 |

## एक नजर

### कानपुर-सूबेदारगंज मेमू का निरस्तीकरण रद

**कानपुर।** प्रयागराज स्टेशन पर किये जा रहे नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते कानपुर-सूबेदार गंज (प्रयागराज) मेमू ट्रेन को 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक निरस्त करने की घोषणा की गई थी। अब दैनिक यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उक्त ट्रेन का निरस्तीकरण रद कर दिया गया है। ये ट्रेन पूर्व की भांति चलती रहेगी। उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि गाड़ी संख्या 04181/04182 कानपुर-सूबेदारगंज मेमू को कानपुर से मनोहरगंज स्टेशन तक चलाने का फैसला लिया गया है। यहीं से कानपुर वापस आएगी। गाड़ी संख्या 15073 सिंगरौली-टनकपुर ट्रेन 22 अक्टूबर को प्रयागराज स्टेशन से और 23 अक्टूबर को सिंगरौली से प्रयागराज के लिये निरस्त रहेगी।

### सदस्यता अभियान में युवा मोर्चा पहले स्थान पर

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सदस्यता अभियान 2024 में सभी मोर्चों में युवा मोर्चा ने बाजी मारी है। युवा मोर्चा ने 2 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चले सदस्यता अभियान के प्रथम व द्वितीय चरण में कुल 2 लाख 85 हजार 756 सदस्य बनाए हैं और टॉप पर जगह बनाई है। वहीं, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अंतिम सातवें नंबर पर रहा है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने 25 हजार 278 सदस्य ही बनाये हैं। पार्टी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार किसान मोर्चा सदस्यता अभियान में दूसरे नंबर पर रहा है। मोर्चे ने 2 लाख 03 हजार 680 सदस्य बनाये हैं। तीसरे नंबर पर 1 लाख 53 हजार 299 सदस्य बनाकर पिछड़ा मोर्चा है। चौथे नंबर पर महिला मोर्चा है जिसने अभियान के दौरान 1,10,723 सदस्य बनाये हैं। पांचवें नंबर पर अनुसूचित मोर्चा 93, 618 सदस्यों के साथ है।

### छावनी बोर्ड के सफाई कर्मी नाराज

**कानपुर।** छावनी बोर्ड के सफाई कर्मियों ने वेतन विसंगतियों, बेवजह कर्मियों को निष्कासित करने समेत कई मांगों को लेकर बोर्ड के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कर्मियों ने कहा है कि 14 दिनों के भीतर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो छावनी क्षेत्र में कार्य का बहिष्कार कर देंगे जिससे छावनी क्षेत्र में न तो कूड़ा उठेगा और न ही सफाई होगी।

### जूनियर छात्रों ने मारपीट और गला दबाकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया

# एचबीटीयू में रैगिंग-मारपीट 8 सीनियर छात्रों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विवि (एचबीटीयू) के जूनियर बीटेक छात्र ने सीनियर्स पर बर्थडे पार्टी में बुलाकर रैगिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने 8 सीनियर बीटेक छात्रों पर संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जय साक्षी अपार्टमेंट नवाबगंज निवासी गौरव चौहान ने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर को रात 12:38 पर दोस्त यशविंदर सिंह (बीटेक तृतीय वर्ष) के मोबाइल पर सीनियर गोविन्द सिंह (बीटेक फाइनल) का फोन आया। उसने कहा कि तुम और गौरव चौहान (बीटेक तृतीय वर्ष) धीर शशीकान्त शर्मा (बीटेक तृतीय वर्ष) को लेकर एचबीटीयू के अब्दुल कलाम हॉस्टल में मेरी बर्थडे पार्टी मनाने के लिए आ जाओ। इस पर यशविन्दर, गौरव



- सीनियरों ने बर्थडे पार्टी में बुलाकर पीटा, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

तथा धीर हॉस्टल पहुंचे। वहां पर सीनियर गोविन्द, निश्चल निगम, हर्ष मधेशिया तथा अभय सोनकर आदि मिले।

हॉस्टल की छत पर पार्टी चल रही थी। पार्टी के दौरान सीनियर्स अमन सिंह, अमन कुशवाहा, नितिन सिंह, सूरज गौंड, अंकित गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय उर्फ गुच्ची, आकांक्ष अत्रेय, अनूप राजपाल ने जूनियर धीर, शशिकान्त शर्मा, यशविन्दर सिंह व गौरव चौहान से कपड़े उतारने को कहा। मना करने पर सीनियर्स गालीगलौज करने लगे। आठों सीनियर्स ने तीनों जूनियर्स को लात-घूंसों से मारा। जब गौरव चौहान ने सीनियर अभिषेक उपाध्याय को पकड़ लिया तो सारे सीनियर्स और भड़क गए और अपने कमरों से डंडा, बेल्ट, लोहे की रॉड लेकर आ गए और जूनियर्स को मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि सीनियर अमन सिंह ने जूनियर धीर शशीकान्त शर्मा के सिर पर डंडा मारा जिससे धीर का सिर फट गया और खून बहने लगा। सीनियर अंकित गुप्ता तथा नितिन ने जूनियर यशविन्दर को बेल्ट से एवं कड़े से सिर तथा आंख पर मारा। जूनियर यशविन्दर की हाथ की उंगली पर भी चोट आई है। अभिषेक उपाध्याय उर्फ गुच्ची ने जूनियर गौरव का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। आरोप है कि अभिषेक उपाध्याय उर्फ गुच्ची ने कहा मुझे भविष्य का डॉन बनना है। गौरव का गला दबाने से ज्यादा चोट आने के कारण वह बार-बार बेहोशी में चला जा रहा है।

### गंभीर धाराओं में रिपोर्ट लिखी गई

कानपुर। इंस्पेक्टर नवाबगंज दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि पीड़ित गौरव चौहान की तहरीर पर एचबीटीयू के सीनियर छात्र अमन सिंह, अमन कुशवाहा, नितिन सिंह, सूरज गौंड, अंकित गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय उर्फ गुच्ची, आकांक्ष अत्रेय, अनूप राजपाल के खिलाफ हिंसा करने, हत्या का प्रयास, चोट पहुंचाने, शांति भंग करने, अपमान करने, किसी की सुरक्षा को खतरे में डालने, धमकाने और यूपी शैक्षिक संस्थान अधिनियम 2010 में रैगिंग का निषेध की धारा में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### एचबीटीयू की आंतरिक कमेटी करेगी जांच

हरकोर्ट बटलर टेक्निकल विश्वविद्यालय में रैगिंग के प्रकरण पर विवि प्रशासन के अधिकारियों ने बैठक कर जानकारी जुटाई। विवि की ओर से इस घटना की जांच के लिए कमेटी बनाए जाने का निर्णय लिया गया है जो छात्रों से बयान भी लेगी। विवि में सतर्कता बढ़ा दी गई है। परिसर व हॉस्टल में रह रहे छात्रों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। विवि के रजिस्ट्रार अंजू वर्मा ने बताया कि पूरी घटना की जानकारी ली जा रही है। विवि अपनी आंतरिक कमेटी बनाकर जांच करेगा। पीड़ित और अन्य छात्रों से पूछताछ की जाएगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



चमनगंज में बेसमेंट में संचालित हो रहे प्रतिष्ठान को सील करते केडीए अधिकारी। अमृत विचार

# बेसमेंट में जिम, कारखाना सील किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए ने अवैध निर्माणों पर फिर की कार्रवाई
- बेसमेंट में संचालित हो रहे 4 प्रतिष्ठान सील

**अमृत विचार।** चमनगंज क्षेत्र में बने अवैध निर्माणों और बेसमेंट में संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों पर केडीए की कार्रवाई जारी है। गुरुवार को एक बार फिर से केडीए अधिकारियों ने 4 अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करते हुये बेसमेंट में संचालित जिम, कारखाना, कार्यालय सील कर दिये। इसमें एक प्रतिष्ठान कांग्रेस पार्षद का भी है। फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मानकों को ताक पर रखकर निर्माण करने वाले लोगों को चेतावनी दी।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन जोन-1 सत शुक्ला के नेतृत्व में दोपहर बाद टीम चमनगंज हुमायूं बाग पहुंची। केडीए की टीम कांग्रेस पार्षद शिब्बू अंसारी के मकान संख्या-88/443 पहुंची जहां बेसमेन्ट और 4 अन्य तल में अवैध रूप से भवन का निर्माण किया गया था। भवन के बेसमेन्ट में अवैध रूप से कार्यालय का संचालन किया जा रहा था। जिसपर कार्यालय को केडीए ने सील करा दिया। इसी तरह निवासी आरिफ द्वारा मकान संख्या-105/590 पर बेसमेन्ट और 07 अन्य तल में अवैध रूप से भवन का निर्माण किया पाया गया। भवन के बेसमेन्ट में भी अवैध रूप से जिम का संचालन किया जा रहा था। जिसपर जिम को केडीए की टीम ने सील कर दिया। मकान सं-105/242 में मो. आसिफ ने में बेसमेन्ट और 3 अन्य तल में अवैध रूप से भवन का निर्माण कराया गया। भवन के बेसमेन्ट में अवैध रूप से चप्पल जूता का कारखाना का संचालन किया जा रहा था जिसे टीम ने सील कर दिया। तैयब ताहिर मकान सं-105/247 में बेसमेन्ट तथा 4 अन्य तल में अवैध रूप से निर्मित मिले। भवन के बेसमेन्ट में अवैध रूप से अन्डरवियर गारमेन्ट का कारखाना चलाया जा रहा था। जिसे सील कर दिया गया। केडीए की टीम ने कुल 4 बेसमेंट पर कार्रवाई की।

# बर्खास्त दरोगा की तीसरी जमानत याचिका खारिज

संवाददाता, प्रयागराज

- बिकरू कांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की
- बर्खास्त दरोगा कृष्ण कुमार शर्मा का मामला

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिकरू कांड में बर्खास्त दरोगा कृष्ण कुमार शर्मा की तीसरी जमानत याचिका को भी खारिज करते हुए कहा कि पूर्व में दो जमानत याचिका को खारिज करते समय न्यायालय की टिप्पणी तथा आवेदक के खिलाफ गंभीर आरोपों को देखते हुए जमानत नहीं दी जा सकती।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने चौबेपुर पुलिस स्टेशन के तत्कालीन सब- इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार शर्मा के खिलाफ दर्ज मामले में तीसरी जमानत याचिका खारिज करते हुए की। कोर्ट ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी होने के नाते उन्होंने विश्वास का दुरुपयोग किया है, जिसके कारण उनके सहकर्मियों की मौत हो गई। कोर्ट ने याची को 6 महीने बाद नई जमानत याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता दी है। उस पर 3 जुलाई 2020 को बिकरू गांव में घात लगाकर किए गए हमले में हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापे की जानकारी लीक करने का आरोप है। याची और गैंगस्टर विकास दुबे का घनिष्ठ संबंध था। वह गैंगस्टर के साथ कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। घनिष्ठ संबंध होने के कारण याची ने पुलिस छापे के बारे में गैंगस्टर और उसके गिरोह के सदस्यों को जानकारी दे दी, जिससे वह भारी हथियारों के साथ छापे के लिए तैयार हो गए। इसके साथ ही याची ने पुलिसकर्मियों को उचित सहयोग नहीं दिया और ना ही विकास दुबे की तैयारी के बारे में पुलिस बल को सूचित किया। सितंबर 2021 में याची की पहली जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# व्यापारी को प्रेमजाल में फंसा 32 लाख वसूले

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक कपड़ा व्यापारी को पूर्व में साथ में काम करने वाले साथी की पत्नी ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने एक वर्ष में 32 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब और रुपये की मांग की तो मना करने पर महिला ने बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आजाद नगर निवासी व्यापारी ने बताया कि दोस्त की पत्नी ने प्रेमजाल में फंसाकर पैसे वसूले। मोबाइल चैटिंग दिखाकर लगातार पैसे लेती रही। फिर बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी। आरोप है कि जब पैसे देने बन्द कर दिया तो महिला ने अपने पति, लड़के व दोस्त से धमकी दिलवाई कि तुमको जान से मरवा देंगे। जब रुपये वापस करने की बात कही तो जान से मारने की धमकी दी।

# चकेरी एयरपोर्ट के पास केडीए की 'ऐरो सिटी'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दीपावली से पहले शहरवासियों के लिये केडीए ने एक और आवासीय योजना लांच कर दी है। आवासों की बढ़ती मांग को देखते हुये केडीए चकेरी में एयरपोर्ट के निकट ऐरो सिटी आवासीय योजना लाएगा। केडीए अपनी स्वयं की 1257.43 एकड़ भूमि पर योजना विकसित करेगा। डीपीआर बनाने की तैयारी केडीए ने शुरू कर दी है। गुरुवार को केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने मौके पर ले-आउट के साथ निरीक्षण किया और योजना को जल्द धरातल पर उतारने के लिये अधिकारियों से चर्चा की। केडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि टाउनशिप में वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के अतिरिक्त ऐरो सिटी कॉन्सेप्ट पर बड़े-बड़े होटल, रिसोर्ट, शॉपिंग मॉल, इंस्टीट्यूट, आईटी, सर्विस इंडस्ट्रीज संबधी गतिविधियां और हाईराइज आवासीय गतिविधियां होंगी। टाउनशिप में 5000 व्यक्तियों से अधिक क्षमता का अंतराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भी प्रस्तावित किया जाएगा जिसमें अन्तराष्ट्रीय स्तर के आयोजन किये जा सकेंगे। निरीक्षण में सचिव अभय कुमार पाण्डेय, वित्त नियंत्रक, मुख्य नगर नियोजक, विशेष कार्याधिकारी, सम्बन्धित अभियन्ता मौके पर मौजूद रहे।



ऐरो सिटी का प्रस्तावित मैप।

- दीपावली के मौके पर केडीए ने लांच की आवासीय योजना
- स्वयं की 1257.43 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएगी सिटी

**5000**

व्यक्तियों से अधिक क्षमता का कन्वेंशन सेंटर



केडीए अधिकारियों के साथ मैप देखते केडीए उपाध्यक्ष। अमृत विचार

> अधिकारियों के साथ योजना के स्थल का निरीक्षण किया है। हम अपनी भूमि पर योजना ला रहे हैं, जिससे कोई समस्या नहीं होगी और तय समय पर योजना धरातल पर होगी।
>
> – मदन सिंह गर्ब्याल, केडीए उपाध्यक्ष

### आवासीय के साथ व्यावसायिक गतिविधियां भी

टाउनशिप में कितने आवासीय भूखंड रहेंगे यह तय नहीं हुआ है। लेकिन, सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुये योजना विकसित की जायेगी। टाउनशिप के भू उपयोग महायोजना में व्यावसायिक एवं आवासीय प्रस्तावित है। प्रस्तावित टाउनशिप में मिक्स यूज की गतिविधियां मान्य होंगी। आवासीय के साथ व्यावसायिक गतिविधियां होने से लोगों को रहने के साथ ही रोजगार की भी व्यवस्था हो सकेगी।

# स्वदेशी मिल से ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची आजाद टीबीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 330 मीटर लंबे टनल का निर्माण कर 'आजाद' टीबीएम मशीन ने हासिल किया ब्रेकथ्रू
- अब झकरकटी स्टेशन होते हुए कानपुर सेंट्रल स्टेशन की दिशा में बढ़ेगी आगे

**अमृत विचार।** मेट्रो कॉरिडोर-1 (आईआईटी - नौबस्ता) के अंतर्गत स्वदेशी कॉटन मिल के पास स्थित रैंप एरिया से कानपुर सेंट्रल तक लगभग 2.40 किमी. लंबे अंडरग्राउंड स्ट्रेच पर टनल निर्माण की प्रक्रिया बढ़ रही है। 'आजाद' टनल बोरिंग मशीन ने गुरुवार को 'अप-लाइन' पर लगभग 330 मीटर लंबे टनल का निर्माण पूरा कर ब्रेकथ्रू हासिल किया। यह मशीन ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन तक पहुंची। कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में तालियों के बीच स्वागत हुआ।

कॉरिडोर-1 (आईआईटी - नौबस्ता) के अंतर्गत लगभग 8.20 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन में चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज, कानपुर सेंट्रल, झकरकटी और ट्रांसपोर्ट नगर, कुल 7 अंडरग्राउंड स्टेशन हैं। मैकरॉबर्टगंज स्थित रैंप एरिया से कानपुर सेंट्रल तक टनल निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब स्वदेशी कॉटन मिल के पास स्थित रैंप एरिया से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक लगभग 2.40 किलोमीटर लंबे अंडरग्राउंड स्ट्रेच में टनल का निर्माण किया जा रहा है। इसी स्ट्रेच में ट्रांसपोर्ट नगर और झकरकटी स्टेशन भी पड़ते हैं। 'आजाद' ने इस स्ट्रेच पर टनल निर्माण का पहला पड़ाव पार कर लिया और ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन पहुंची। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि कानपुर मेट्रो की टीम शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले और व्यस्ततम इलाकों के नीचे से टनल निर्माण के चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दे रही है।



स्वदेशी कॉटन मिल से ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन तक टनल बनकर तैयार। अमृत विचार

# फाइटर के साथी रियाज को जमानत मिली

कानपुर। रंगदारी समेत अन्य मामलों में जेल भेजे गए कमलेश फाइटर का साथी मो. रियाज को गुरुवार को एडीजे 10 की कोर्ट से जमानत मिल गई। कोर्ट ने 75 हजार की दो जमानतें और नीजी मुचकला दाखिल करने के बाद रिहा करने का आदेश दिया है। कि एकता अपार्टमेंट रंजीतनगर निवासी ज्ञान निकेतन स्कूल के प्रबंधक हरप्रीत सिंह ने कमलेश फाइटर और रियाज पर वसूली समेत धमाकने के मामले में मुक दमा दर्ज कराया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जमानत अर्जी को स्वीकार किया है।

# शानू लफ्फाज के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वसूली में जेल भेजे गए कथित पत्रकार कमलेश फाइटर के साथी शानू लफ्फाज के खिलाफ 82 की कार्रवाई करते हुए कोर्ट ने वारंट जारी कर दिया है। पुलिस ने हीरामनपुरवा में उसके घर पर मुनादी करवाकर कुर्की नोटिस चस्पा किया। नजीराबाद पुलिस की ओर से जेल भेजे गए कमलेश फाइटर का करीबी शानू लफ्फाज का नाम वसूली समेत कई मामलों में आ चुका है। नई सड़क हिंसा के मामले में भी उसका नाम आया था। पुलिस के अनुसार कमलेश फाइटर के गैंग में भी शानू सक्रिय रहा है। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसलिए एडीजे 10 की कोर्ट में नजीराबाद पुलिस ने अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने पुलिस की 82 की कार्रवाई के लिए दी गई अर्जी को स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शानू लफ्फाज के खिलाफ वारंट जारी कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक अगर शानू हाजिर नहीं हुआ तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। उसकी तलाश में कई टीमें दबिश दे रही हैं।

# छेड़छाड़ पीड़िता डॉक्टर की तबीयत हुई खराब, कॉलेज आने से इन्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उर्सला के नेत्र रोग विशेषज्ञ पर लगाया था आरोप
- आरोपी को गिरफ्तारी के तुरंत बाद मिल गई थी जमानत

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की छेड़छाड़ पीड़िता महिला डॉक्टर की तबियत खराब हो गई है। जिस कारण उन्होंने अभी मेडिकल कॉलेज आकरज्वाइन करने में असमर्थतता जताई है।

महिला डॉक्टर ने उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.केएन कटियार पर छेड़छाड़, धमकी का आरोप लगाया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को पकड़ा था। लेकिन कुछ देर बाद जमानत पर छोड़ भी दिया था। इससे महिला डॉक्टर डर गई थीं। महिला डॉक्टर मेडिकल कालेज की नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी मोहन को पत्र देकर 15 दिन की छुट्टी पर गई हैं। अब दहशतजदा पीड़िता की तबियत खराब हो गई है, जिसके संबंध में डॉक्टर के पति ने उनके अभी जीएसवीएम कॉलेज आ पाने से इंकार किया है। दंपति दहशत में हैं कि उनके साथ कोई हादसा न हो जाए। इस संबंध में उर्सला के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने बताया कि जब से पुलिस ने डॉ. केएन कटियार को पकड़ा है, तबसे वह उर्सला नहीं आए हैं। उनको ज्वाइन नहीं कराया गया है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

### निदेशक ने डॉक्टर को कार्यमुक्त किया

**कानपुर।** सीएमओ के अधीन बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.ऐश्वर्य अधौलिया की तैनाती करीब सात माह पहले उर्सला अस्पताल में हुई थी। उनको कुछ दिन पहले किसी वजह से उर्सला के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने हटाकर सूचना सीएमओ डॉ.आलोक रंजन को दी। सीएमओ ने बताया कि उर्सला निदेशक ने डॉ.ऐश्वर्य को कार्यमुक्त किया है, लेकिन उनकी कोई भी शिकायत नहीं की है। शिकायत करते तो उस मामले की जांच कराई जाती या उर्सला प्रशासन खुद मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करता। अगर कुछ बात है तो शिकायतपत्र आने पर जांच के बाद संबंधित पर कार्रवाई की जा सकती है।

**बार एसोसिएशन चुनाव** कहा, बार-बेंच और प्रशासन के सहयोग से समस्याएं दूर की जाएंगी

# अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने घोषित किया अपना एजेंडा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं के हित और मान-सम्मान के साथ समस्या समाधान के लिए 24 घंटे मौजूद रहेंगे। बार-बेंच और शासन तथा प्रशासन के सहयोग से सभी दिक्कतों का निराकरण तलाशा जाएगा।


मकसद सिर्फ एक ही है कि अधिवक्ताओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। यह बात गुरुवार को बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने अमृत विचार से कही। सभी प्रत्याशियों ने अपना एजेंडा बताते हुए कहा कि इसे अधिवक्ता हित में तैयार किया गया है, जिस पर सभी के सहयोग से काम किया जाएगा।

### अधिवक्ता हित में आंदोलन से भी पीछे नहीं



अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दिनेश कुमार शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ता हित में जो काम उनके सामने आएगा, उसे पूरा कराया जाएगा। इसके लिए आंदोलन की नौबत आई तो भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ कई बार पुलिस का बर्ताव अच्छा नहीं होता है। ट्रैफिक नियमों और वाहन चेकिंग के नाम पर परेशान किया जाता है। अगर इसमें सुधार नहीं हुआ तो पुलिस से जोरदार विरोध दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी पदाधिकारी रहा हूं, मगर कोई दाग नहीं है। बेदाग लोगों के साथ मिलकर ही अधिवक्ताओं के लिए काम करना है।

### पेंशन व स्वास्थ्य योजनाएं प्राथमिकता



अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि सबसे पहले अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही अधिवक्ताओं के लिए पेंशन व स्वास्थ्य योजनाओं को लागू कराना है। इसके लिए बार व बेंच के सहयोग से शासन से निर्णायक वार्ता की जाएगी। अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए जो भी जरूरत पड़ेगी, उसके लिए 24 घंटे तैयार रहेंगे। अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कराने का पूरा प्रयास होगा।

### चेंबर और मेडिक्लेम समस्या कराएंगे हल



अध्यक्ष पद प्रत्याशी सर्वेश कुशवाहा ने कहा कि साथियों के मान-सम्मान और समस्या समाधान के लिए मैदान में उतरे हैं। अधिवक्ताओं की पेंशन, मेडिक्लेम और चेंबर की समस्या का निपटारा कराया जाएगा। बेंच-बार व शासन के तालमेल से अधिवक्ताओं की समस्या का समाधान कराना है। बार का वेब पोर्टल जो उन्होंने चालू कराया था, उसे अपग्रेड किया जाएगा। अधिवक्ताओं की मेडिक्लेम पॉलिसी कुछ फंड एकत्र करके चालू कराएंगे।

### जाम की समस्या के लिए अंडरग्राउंड पार्किंग



अध्यक्ष पद प्रत्याशी इन्दीवर बाजपेई ने बताया कि वाहन स्टैंड पर जाम की समस्या होने से अधिवक्ता काफी परेशान होते हैं। इसके समाधान के लिए अंडरग्राउंड पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। कचहरी में टॉयलेट की समस्या के समाधान के लिए ग्रीन टॉयलेट का निर्माण कराएंगे। पेंशन और चेंबर की समस्या काफी पुरानी है। इसे शासन व प्रशासन से मिलकर दूर करना है। मेडिक्लेम और अधिवक्ता फंड पर भी काम करना है।

# नामांकन आज से, गल्ला मंडी में मतगणना

## सुबह 11 से 3 बजे तक एसीएम थर्ड की कोर्ट में होगा नामांकन, पूरी की गईं तैयारियां

सीसामऊ उप चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र शुक्रवार से 25 अक्टूबर तक भरे जाएंगे। प्रत्याशी नामांकन पत्र एसीएम थर्ड की कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान प्रत्याशी समेत 5 लोग ही कक्ष में जा सकेंगे। सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन होगा। जिलाधिकारी के साथ 18 अधिकारी और 10 विशेष टीमें उपचुनाव की प्रक्रिया पर नजर रखेंगी। गुरुवार को नामांकन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया।

**हर प्रत्याशी नामांकन पत्र के 4 सेट ले सकता :** जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उपचुनाव के लिए हर प्रत्याशी नामांकन पत्र के 4 सेट ले सकता है। शुक्रवार से नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। आदर्श आचार संहिता का नोडल एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार को बनाया गया है।


नौबस्ता गल्ला मंडी में निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### नौबस्ता गल्ला मंडी में सभी व्यवस्थाएं पूरी करें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को नौबस्ता गल्ला मंडी का निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि मंडी में व्यवस्थाओं का ब्लूप्रिंट समय से तैयार कराएं। एडीएम वित्त को स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, पोलिंग पार्टियों की रवानगी की व्यवस्था पूरा कराने को कहा गया। मंडी सचिव को परिसर में साफ-सफाई व क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, खराब स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को सरसैया घाट नवीन सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक हुई। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई व्यक्ति ऐसे पंफलेट, पोस्टर का मुद्रण व प्रकाशन नहीं कराएगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो। धर्म, वंश, जाति, समुदाय व विरोधी के चरित्र हनन पर अपील पर दंडात्मक व निरोधक कार्रवाई होगी।

**डीसीपी ने किया निरीक्षण :** कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने सीसामऊ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के नामांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया। नामांकन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में चेक पॉइंट्स बनाने के निर्देश दिए। जहां बेरिकेडिंग लगाकर गाड़ियों और व्यक्तियों की तलाशी की जाएगी।

### आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नवीन सभागार में उपचुनाव के लिए नामित अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि सौंपे गए कार्यों के साथ आदर्श आचार संहिता का निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुपालन कराएं। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि मतदान प्रतिशत अच्छा हो। मतदान कर्मियों को समय से प्रशिक्षण दिया जाए। मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाए। पुलिस उपायुक्त दिनेश त्रिपाठी, सभी एडीएम व सचिव केडीए अभय पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर उपस्थित रहे।

### 48 मतदान केंद्रों के 275 बूथों पर पड़ेंगे वोट

उपचुनाव के लिए 48 मतदान केंद्रों के 275 बूथों पर वोट डाले जाएंगे। मतदान के लिए नौबस्ता स्थित गल्लामंडी से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी और वहीं स्ट्रांग रूम बनेगा। मतगणना भी गल्ला मंडी में ही होगी।

# हमारे कार्यकर्ताओं और पीडीए टीम को धमकियां दी जा रहीं: सपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि सीसामऊ विधान सभा के उपचुनाव में पुलिस-प्रशासन भाजपा के दबाव में आकर सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओं व पीडीए मिशन टीम को धमकी देकर उत्पीड़न कर रहा है। उनकी सपा कार्यकर्ताओं में दहशत का माहौल पैदा कर एकपक्षीय कार्य की मंशा है। यह चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। सपा जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों ने एसीएम सेवन सत्यप्रकाश को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा।

सीसामऊ उपचुनाव में सपा पर्यवेक्षक राजेंद्र कुमार व जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने पदाधिकारियों के साथ एसीएम सेवन सत्यप्रकाश को ज्ञापन दिया। मांग की कि आचार संहिता का पूरा पालन कराया जाए और विधानसभा क्षेत्र में चुनाव पर्यवेक्षक तत्काल नियुक्त किया जाए। चुनाव में संपर्क मीटिंग, सभाएं व गोष्ठी की अनुमति देने के लिए एक एप की व्यवस्था की जाए। चुनावी कार्यक्रम के आवेदन पर 8 घंटे में अनुमति प्रदान की जाए। सपा के स्टार प्रचारक और गोष्ठी व सेमिनार में मतदाताओं के द्वार पर उनसे मिलने पर रोका न जाए। सपा के जिलाध्यक्ष व सीसामऊ विधानसभा के पर्यवेक्षक ने कहा कि भाजपा के इशारे पर कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। सरकार के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं को परेशान न किया जाए। महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने बताया कि प्रशासन सपा कार्यकताओं का उत्पीड़न कर रहा है। यहां तक पार्टी की होने वाली बैठकों और सभा की अनुमति लेने के लिए भी दौड़ा रहा है। इस दौरान विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी, पूर्व सांसद राजाराम पाल, पूर्व विधायक सतीश निगम, सीसामऊ विधानसभा प्रत्याशी नसीम सोलंकी, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, मुख्य प्रवक्ता रजत मिश्रा, युवजन सभा अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी, लोहिया वाहिनी अध्यक्ष दीपक खोटे, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष शादाब आलम, अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष अरमान खान मौजूद रहे।

- आरोप, सपाइयों का उत्पीड़न कर रहा है पुलिस व प्रशासन


जिलाधिकारी कार्यालय में एसीएम को ज्ञापन देते सपाई। अमृत विचार

एक नजर

### शूटेक में 400 करोड़ का हुआ करोबार

**कानपुर।** इंडियन फुटवियर कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (इफकोमा) के शूटेक के दूसरे दिन 250 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में दो दिन में 400 करोड़ का कारोबार हो चुका है। यह पिछले साल की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा है। आयोजन के बारे में इफकोमा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रतीक अग्रवाल व एग्जीक्यूटिव डायरक्टर एसके वर्मा ने बताया कि कानपुर लखनऊ हाइवे के बंथर स्थित केएलसी कोप्लान्स ने आयोजित शूटेक में विदेश से भी खरीदार इस बार शामिल हुए। दो दिनों के भीतर कानपुर के अलावा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरू के कारोबारियों ने आर्डर दिए हैं। इसी तरह गुरुवार को इटली व जर्मनी के खरीदारों ने भी ऑर्डर के जरिए सामग्रियां बुक कराई।

# ध्रुवीकरण करवाने की क्षमता भी परख रही भाजपा

विशेष संवाददाता, कानपुर

- सुरेश अवस्थी, नीतू सिंह, उपेंद्र पासवान और राकेश सोनकर भी रेस में
- सीसामऊ सीट से भाजपा में अब उछला नीरज चतुर्वेदी का नाम

**अमृत विचार।** सीसामऊ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के नाम की घोषणा में देरी होने से अटकलबाजी का बाजार गरम है। गुरुवार को दिल्ली से संभावित प्रत्याशी को लेकर आई खबर ने पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी के नाम को चर्चा में ला दिया। कहा जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व के पास सुरेश अवस्थी, नीतू सिंह, पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान और राकेश सोनकर के नाम भी पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार प्रत्याशी चयन में एमएलसी मानवेंद्र सिंह की राय को महत्व दिया जा रहा है।

केंद्रीय नेतृत्व प्रत्याशियों के पैनल वाले नामों पर विचार भी कर चुका है। लेकिन सीसामऊ समेत तीन सीटों पर नामों में फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। इसकी वजह सीसामऊ सीट भाजपा प्रदेश नेतृत्व के लिए नाक का सवाल बनना है। इस सीट पर तीन नामों का पैनल भेजा गया था। लेकिन पार्टी की जिताऊ प्रत्याशी की तलाश अभी खत्म नहीं हुई है। सपा के पीडीए के जवाब में भाजपा में ऐसे नेता को तलाशा जा रहा है, जो वोटों का ध्रुवीकरण कराने में सक्षम हो। इसी नाते नीरज चतुर्वेदी का नाम प्रत्याशी के रूप में आगे आया है। नीरज राम लहर में पहला चुनाव 1991 में तत्कालीन जनरलगंज विधानसभा सीट से जीते थे। इसके बाद 1993 और 1996 में भी वहां से विधायक चुने गए। कहा जाता है कि तीनों चुनाव में वह हिंदू वोटरों का ध्रुवीकरण कराने में सफल रहे थे।

2017 के विधान सभा चुनाव में सीसामऊ सीट पर महज 5000 वोटों से इरफान सोलंकी से हारने वाले सुरेश अवस्थी का नाम भी इसी कारण चर्चा में है।

### सपा का सम्मेलन आज, समन्वय बैठकें भी जल्द

**कानपुर।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल और सीसामऊ प्रभारी इटावा के सांसद जितेंद्र दोहरे शुक्रवार को भन्नानापुरवा में चुनावी रणनीति पर सम्मेलन करेंगे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि पार्टी का बूथ स्तर का प्रबंधन सपा प्रत्याशी के लिए काम करेगा। सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद का कहना है कि शुक्रवार को भन्नानापुरवा सम्मेलन के बाद कांग्रेस के साथ समन्वय बैठकें शुरू की जाएंगी। कांग्रेस उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए जुटेगी। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा साढ़े 27 हजार वोटों से आगे रहे थे। उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी इससे ज्यादा वोटों से जीतेंगी।

### पचौरी का नाम भी उछाल रहे

पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी के पुत्र अनूप पचौरी टिकट की रेस में पहले से ही हैं, भाजपा का एक वर्ग अब सत्यदेव पचौरी को भी सीसामऊ सीट से प्रभावी प्रत्याशी के रूप में प्रचारित कर रहा है।

# चोरों ने किया लाखों का माल पार

**कल्याणपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में छत के रास्ते घर में दखिल हुए चोरों ने कमरे में सो रहे परिवार को बाहर से बंद कर लाखों का माल पार कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

रावतपुर के विनायकपुर राजीव नगर निवासी ओमप्रकाश तिवारी पीएसी में सिपाही हैं। 11 अक्टूबर की रात वह परिवार के साथ कमरे में सो रहे थे। देर रात छत के रास्ते से घर के अंदर दाखिल हुए चोरों ने उनके कमरे को बाहर से बंद कर दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोर लाकर में रखे लगभग पांच लाख कीमत के गहने व एक दर्जन चांदी के सिक्के पार कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मेन गेट पर ताला बंद था।

## सार-संक्षेप


महिला महाविद्यालय किदवई नगर में गरबा उत्सव मनाया। अमृत विचार

### गरबा उत्सव में छात्राओं ने मचाया धमाल

**कानपुर।** महिला महाविद्यालय किदवई नगर में गरबा उत्सव एवं प्रांतीय नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने कजरी, गरबा, भांगड़ा लावणी, उड़िया, असमिया व अन्य प्रांतीय नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुवार को महिला महाविद्यालय में स्वर्गीय गिरिजा देवी सांस्कृतिक क्लब के द्वारा प्रांतीय नृत्य प्रतियोगिता एवं गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। कोई गुजराती – चनिया चोली तो कोई राजस्थानी– घाघरा तो कोई लहंगा – चोली व अन्य विभिन्न परिधानों में अपनी संस्कृति को दर्शाती हुई अत्यंत उत्साह व जोश के साथ नजर आईं। डॉ सीमा ढींगरा ग्रुप ने ब्रज लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने अलग-अलग प्रांतीय नृत्यों का प्रदर्शन किया जिसमें कजरी, गरबा, भांगड़ा, लावणी, उड़िया, असमिया इत्यादि नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छात्राओं ने डांडिया नृत्य भी किया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना एवं डांस ग्रुप की लीडर डॉक्टर सीमा ढींगरा व प्राचार्या प्रोफेसर अंजू चौधरी रहीं। संचालन डॉ. पूजा श्रीवास्तव एवं डॉ. अनीता वर्मा ने किया। क्लब की संयोजिका प्रोफेसर प्रज्ञा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रो. दीपाली श्रीवास्तव, डॉ. सबा यूनुस, प्रो. मनीषा शुक्ला, प्रो. वन्दना शर्मा, प्रो. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. मीरा त्रिपाठी, डॉ. निशी, डॉ. अनामिका वर्मा, डॉ. सुमन लता, डॉ. पुष्प लता, डॉ. गुंजन, डॉ. ब्यूटी दीक्षित का सक्रिय योगदान रहा।

### 36 उर्वरक दुकानों की जांच, 20 नमूरे भरे

**कानपुर।** जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जिले में उर्वरक निरीक्षकों ने उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी की जांच के लिए छापे मारे। जिसमें 36 उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अलग-अलग उर्वरक दुकानों से 20 नमूने लिए गए। जिसे परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में सहकारी दुकानों प 5181 व निजी दुकानों पर 7204 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। अगर उर्वरकों की कालाबाजारी मिलती है तो किसान अपर जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 6393775438 पर शिकायत करें।


खो-खो में विजयी खिलाड़ी प्रमाणपत्र के साथ।

### नेशनल खो-खो में बच्चों ने दिखाया दम

**कानपुर।** तमिलनाडु के तीरूपुर में 3 से 6 अक्टूबर के बीच हुई सीआईएससीई नेशनल खो-खो प्रतियोगिता में शहर के खिलाड़ियों ने नाम रोशन किया है। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश उत्तराखंड टीम शानदार प्रदर्शन कर कर्नाटक टीम को हराकर विजेता बनी। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड की ओर से यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय के 5 बच्चों देवांश गुप्ता, अंशुमन संचान, आर्यन गुप्ता, अविरल यादव व अश्विनी यादव ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया। देवांश, अंशुमन व आर्यन ने सीआईएससीई की टीम में अपना स्थान पक्का किया। वे गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वाधान में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। टीम की कोच ज्योति वर्मा व बच्चों को विद्यालय प्रधानाचार्या रागिनी राठौर ने बधाई दी है।

### ऑपरेशन के लिए रुपये न देने पर भगाया

**कानपुर।** बाबूपुरवा निवासी मरीज आफरीन का आरोप है कि पेट दर्द होने पर उर्सला अस्पताल में आपरेशन के नाम पर एक एक एजेंट ने 12 हजार रुपये मांगे थे। पांच हजार रुपये देने के बाद जब और रुपये देने में असमर्थता जताई तो डॉक्टर ने भगा दिया। हालांकि आफरीन ने बुधवार को बयान दिया था कि रुपये मांगने और पीटने के समय डॉक्टर मौजूद नहीं थे। गुरुवार को आफरीन ने कहा कि यह अस्पताल वालों ने बरगला करके लिखाया और कहलवाया है।

### साइबर ठगी केस में महाराष्ट्र गई क्राइम ब्रांच

**कानपुर।** छावनी में सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी विनोद कुमार से 1.78 करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस ने भोपाल के आठवीं फेल राजनैतिक पार्टी जनकल्याण समिति के पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष रोहित सोनी और तीन निजी बैंक में कार्यरत साइबर ठगों अक्षय गुरू, मनीष कुमार मंडल, मयंक मीणा को गिरफ्तार किया था। इस मामले में बुधवार को पुलिस को जानकारी मिली कि गैंग की जड़ें महाराष्ट्र तक फैली हुई हैं। पुलिस को सोलापुर, नासिक और पुणे में ऐसे लोगों की जानकारी हुई जो क्रिप्टो करेंसी से रकम को दूसरे देश भेजते थे। गिरोह के अन्य शातिरों की गिरफ्तारी के लिए गुरुवार को क्राइम ब्रांच की टीम महाराष्ट्र रवाना हुई। इन शातिरों पर 300 लोगों से 22 करोड़ से ज्यादा ठगने का आरोप है। देश के विभिन्न राज्यों से 238 शिकायतें आज तक इनके खिलाफ पहुंच चुकी हैं। विदेशों तक इस गिरोह के तार जुड़े हैं। क्राइम ब्रांच एक-एक चीज को बिंदुवार देख रही है। साइबर क्राइम ब्रांच की जांच में अब तक ये सामने आया है कि मास्टरमाइंड रोहित सोनी विदेशों में आर्मेनिया, दुबई और चीन में बैठे साइबर अपराधियों को क्रिप्टो करेंसी में ठगी की रकम को भेजता था।


केशवनगर में रामकथा में मौजूद श्रोता। अमृत विचार


कथावाचक शांतनु महाराज का पूजन करते आयोजक। अमृत विचार

# कुसंग और दहेज से बचना चाहिए सबको

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आचार्य ने अयोध्याकांड की चौपाइयां सुनाईं

**अमृत विचार।** केशवनगर कामर्शियल ग्राउंड पर सेवा भारती की रामकथा के पांचवें दिन गुरुवार को कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने अयोध्या कांड की मांगलिक चौपाइयों का गायनकर कथा का शुभारंभ किया। प्रभु श्रीराम के जयकारों से कथा प्रांगण गूंज उठा। आचार्य ने कहा कि कुसंग और दहेज का सामान, इन दोनों से बचना चाहिए।

आचार्य शांतनु महाराज ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि महाराज दशरथ एक माह के बाद जनकपुर से श्रीधाम अयोध्या लौटे तो देखा स्थिति एकदम बदल चुकी है। रिद्धि-सिद्धि व समृद्धि की बाढ़ आ गई है। राज्यसभा बैठी तो महाराज ने भरी सभा में शीशा देखा और शीशा देखने का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए कहा कि शीशा जरूर देखना चाहिए। यह गुरु का काम करता है। जब महाराज को अपने बाल सफेद दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य श्रीराम को सौंपने का मन बना लिया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि धीरे-धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिए। इसके बाद राज्याभिषेक की तैयारियां होने लगीं, उधर देवता विघ्न की रचना करने लगे। सरस्वती ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी और मंथरा ने सब सत्यानाश कर दिया। आचार्य ने कहा कि कुसंग और दहेज का सामान, इन दोनों से बचना चाहिए। कुसंग का कल भयानक होता है। वरदान का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब कैकेई ने श्रीराम के लिए वनवास का वरदान मांगा तो यह सदमा महाराज को बर्दाश्त नहीं हुआ। यही कारण है कुसंग से बचना चाहिए। श्रीराम को वनवास की सूचना मिली तो वह माताओं का आशीर्वाद लेकर चल पड़े। इस मौके पर विधायक महेश त्रिवेदी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, शिवराम सिंह व शिल्पी त्रिपाठी, प्रान्त संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, अतुल निगम, सेवा भारती के प्रान्त अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, महामंत्री रमाशंकर मौजूद रहे।

# पैरामेडिकल छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जहर खाने की आशंका, भर्ती कराकर दोस्त हुआ लापता
- गीता नगर स्थित हॉस्टल में रहकर कर रही थी पढ़ाई

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की पैरामेडिकल छात्रा की गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा को उसका दोस्त हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के लिए लाया था, जहां पूछताछ में जानकारी मिली कि छात्रा ने विषैला पदार्थ खाया है, उसके बाद दोस्त वहां से चला गया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रा के परिजनों को जानकारी दी।

प्रतापगढ़ निवासी रमेश श्रीवास्तव की बेटी पूजा श्रीवास्तव उर्फ प्रिया (20) गीता नगर स्थित हॉस्टल में रहकर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे पूजा का मित्र रितेश उसे गंभीर हालत में लेकर हैलट पहुंचा, यहां पर युवती को इमरजेंसी के मेडिसिन विभाग में डॉ.आरसी गुप्ता के अंडर में भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में शिफ्ट किया। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह व डॉ.अनुराग राजौरिया भी इमरजेंसी पहुंचे। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने छात्रा के परिजनों को जानकारी दी। इधर, थोड़ी देर बाद दोपहर दो बजे छात्रा ने दम तोड़ दिया, इसके बाद छात्रा का साथी रितेश मौके से लापता हो गया। काकादेव थाना पुलिस ने रजिस्टर में लिखे रितेश के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो वह गलत निकला। देर शाम प्रतापगढ़ से छात्रा के परिजन हैलट पहुंच गए।

# नयागंज-चुन्नीगंज मार्ग खूबसूरत बनाने की मुहिम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त ने व्यापारियों के साथ बैठक कर खींची रूपरेखा
- मार्ग पर दोनों ओर भवनों के एक रंग में रंगने के लिए ली जाएगी लोगों की राय

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज से मालरोड तक सौंदर्यीकरण के लिये मंडलायुक्त की पहल पर गठित समिति ने नगर निगम सभागार में पहली बैठक की। बैठक में नयागंज से चुन्नीगंज तक सड़क के दोनों ओर भवन एक रंग में किए जाने का प्रस्ताव किया गया। मेट्रो के यह मार्ग खाली करने के बाद विकास और सुंदरीकरण किया जाना है। बैठक में नगर आयुक्त सुधीर कुमार, केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह, केडीए सचिव के अलावा व्यापारी भी शामिल हुए।

बैठक में नयागंज चौराहा से बड़ा चौराहा होते हुए चुन्नीगंज चौराहे तक मार्ग का चौड़ीकरण और दोनों ओर स्थित भवन एक रंग में रंगने को लेकर मंथन हुआ। केडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए पहले इलाकाई लोगों की राय जानी जाएगी। इसके बाद विस्तृत कार्ययोजना अगली बैठक में पेश होगी। बैठक में कहा गया कि मेट्रो कार्य कार्य पूर्ण होने के बाद नयागंज से चुन्नीगंज चौराहे तक रास्ता खुल जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि नयागंज चौराहे से चुन्नीगंज चौराहा तक मार्ग का चौड़ीकरण, अंडरग्राउंड बिजली केबिल, दोनों तरफ फुटपाथ निर्माण होगा। मार्ग के दोनों तरफ स्थित भवनों को एक रंग में रंगने के लिए निवासियों, दुकानदारों, और कारोबारियों से राय ली जाएगी। बैठक में नवीन मार्केट, मॉल रोड और पीपीएन मार्केट के व्यापर मंडल को भी बुलाया गया था।

विश्व मेनोपॉज दिवस आज | महिलाओं में कई हार्मोनल बदलाव से बढ़ सकती हैं दिक्कतें

# मेनोपॉज पर जागरुकता, सजगता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दुनिया भर में 18 अक्टूबर को मेनोपॉज दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को मेनोपॉज के दौरान होने वाली समस्याओं पर जागरूकता प्रदान करना है। इस चरण के बाद महिलाओं का जीवन बदल जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक महिलाओं में मेनोपॉज के बाद शरीर में कई प्रकार के हार्मोनल बदलाव आते हैं, जो बीमारियों का जोखिम बढ़ाने वाले भी हो सकते हैं। मेनोपॉज की उम्र में काफी महिलाएं हृदय व आर्थराइटिस जैसी बीमारियों की चपेट में आ जाती हैं।

### बढ़ जाती है कैल्शियम की जरूरत



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू गुप्ता ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में पोषण संबंधी जरूरत बदल जाती है। जैसे मेनोपॉज से पहले प्रतिदिन लगभग 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है, बाद में मात्रा बढ़कर 1,200 मिलीग्राम से ज्यादा हो जाती है। लेकिन अधिकतर महिलाओं को आहार से जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इससे उनमें आर्थराइटिस की समस्या बढ़ जाती है। ओपीडी में प्रतिदिन 20 से 25 महिलाएं आती हैं।

### हृदय रोग का खतरा बढ़ने लगता



मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में कैंसर ओपीडी प्रभारी डॉ.पाविका लाल ने कहा कि महिलाएं सोचती हैं कि स्तन कैंसर बड़ा खतरा है, लेकिन मेनोपॉज के बाद सबसे बड़ा खतरा हृदय रोग है। एक तिहाई महिलाओं में उम्र के साथ हृदय रोग विकसित हो जाता है, मेनोपॉज के 10 साल में महिलाओं में दिल के दौरे की आशंका बढ़ जाती है। इसका प्रमुख कारण एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी है, जो रक्त वाहिकाओं को लचीला बनाए रखने में मदद करती है। एस्ट्रोजन कम होने से रक्तचाप में वृद्धि होने लगती है।

### कुछ जांचें जरूरी, योग भी करें



डफरिन अस्पताल की प्रबंधक डॉ.दरख्शा परवीन ने बताया कि महिलाओं को प्री-मेनोपॉज में कुछ जरूरी टेस्ट जैसे एनीमिया, ऑस्टियोपिरोसिस, डायबिटीज, डिप्रेशन और एंजाइटी की जांच करानी चाहिए। शरीर को मेनोपॉज के लिए तैयार करना बहुत जरूरी है। महिलाएं शरीर व खानपान का ध्यान रखें और व्यायाम करें। मेनोपॉज में होने वाले मूड स्विंग को भगाने के लिए महिलाएं योग का सहारा लें।

### इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज



चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल ने बताया कि मेनोपॉज के इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जैसे नींद न आना, रात को बेचैनी व पसीना आना, शरीर के अलग-अलग भागों में दर्द, चिड़चिड़ापन, मन में उदासी, चिंता, थकान, कमजोरी, पेट संबंधित समस्या, पाचन शक्ति कमजोर होना, जी मिचलाना, कब्ज की समस्या, प्राइवेट पार्ट में सूखापन और बालों का झड़ना। हार्मोन में बदलाव और मूड स्विंग की वजह से सिरदर्द भी होता है। ऐसे लक्षणों पर जांच जरूर कराएं।

## एक नजर

### ओम गुप्ता को मिली स्कॉलरशिप

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के फाइनल ईयर के बीएससी ऑनर्स बायोटेक्नोलॉजी के छात्र ओम गुप्ता को टाटा कैपिटल ग्रुप की तरफ से उनकी हायर स्टडीज के लिए 'टाटा कैपिटल पंख स्कॉलरशिप अवार्ड' मिला है। टाटा कैपिटल पंख स्कॉलरशिप की ओर से इन्हें 2023-2024 वर्ष के लिए 12 हजार रुपये प्रति माह की धनराशि मिली है। इन्हें बायोटेक्निका कंपनी की ओर से 30 सितंबर को 'वॉटसन इंपैक्ट फॉर एक्सीलेंस स्कॉलरशिप' भी मिली है। इसके तहत इन्हें 12 महीने के लिए बायोटेक्निका कंपनी के द्वारा नेशनल वर्कशॉप्स का एक्सेस मिला है।

### पुरातन छात्र ने दिया व्याख्यान

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में गुरुवार को पुरातन छात्र डा रत्नेश कुमार शर्मा की ओर से शोध प्रक्रिया पर एक व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान ऑन लाइन मोड पर दिया गया। जिसमें बीलिब एवं एम लिब के छात्र-छात्राओं ने भागेदारी की। कार्यक्रम में प्रश्न उत्तर चक्र में छात्र-छात्राओं ने अपने प्रश्न पूछे और उत्तर हासिल किया। इस अवसर पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से प्रभारी डा आशीष कुमार श्रीवास्तव, उपपुस्तकालयाध्यक्ष डा श्वेता पाण्डेय, सहापुस्तकालयाध्यक्ष डा रवि शुक्ला एवं सहा आचार्य स्मिता गुप्ता उपस्थित रहीं।

### सीएसए में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) एवं मृदा संरक्षण सोसायटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की ओर से तीन दिवसीय सम्मेलन 18 से 20 अक्टूबर तक होगा। सम्मेलन में 'मृदा, जल एवं ऊर्जा के प्रबंधन द्वारा सतत कृषि और आजीविका सुरक्षा' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी भी होगी। सम्मेलन में देश भर से लगभग 300 कृषि वैज्ञानिक, प्रशासक, योजनाकार, प्रसार कार्यकर्ता भाग लेंगे। आयोजन में कृषकों की समस्याओं के विभिन्न आयामों एवं रणनीति पर चर्चा भी होगी। आयोजक डॉ मुनीश कुमार ने बताया कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन टिकाऊ कृषि और आजीविका सुरक्षा के लिए मृदा जल और ऊर्जा प्रबंधन विषय पर आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना होंगे। अध्यक्षता कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह करेंगे।

# सड़क पर पार्किंग, अराजकता में गुम सुगम ट्रैफिक

कानपुर। शहर में फुटपाथ पर अतिक्रमण और सड़कों पर पार्किंग के कारण यातायात जाम स्थायी समस्या बन चुका है। यहां तक कि प्रमुख मार्गों पर भी दोनों ओर वाहन खड़े रहते हैं, जिससे सुगम आवागमन बाधित रहता है।




मेस्टन रोड से मूलगंज तक अति व्यस्त सड़क पर रास्ते में ही पार्किंग की जाती है जिससे जाम लगता है। ई रिक्शा की अराजकता भी चरम पर। अमृत विचार

**केस 01 घंटाघर-एक्सप्रेस रोड से माल रोड**

घंटाघर से माल रोड तक एक्सप्रेस रोड से होते हुए हजारों दो पहिया, चार पहिया वाहनों का आवागमन है। इस मार्ग पर सबसे ज्यादा परेशानी अतिक्रमण, लोडर और ठेले वाले हैं। पूरे मार्ग पर लोडर आड़े-तिरछे खड़े होकर माल लादते या उतारते रहते हैं। जिससे आवागमन बाधित रहता है। यही हाल माल रोड से घंटाघर आने वाली पीछे मस्जिद वाली रोड का है, यहां कई लिंक मार्ग हैं जो सुतरखाना, हूलागंज, हरवंश मोहाल क्षेत्र में जाते हैं। इससे भी जाम लगता है।

**समाधान** : लोडरों को दिन में माल लादने और उतारने की इजाजत न दी जाए। दिनभर खड़े रहने वाले वाहनों को हटवाया जाए। सड़क काफी चौड़ी है, ऐसा करने से जाम में जूझने वाले इस मार्ग पर राहत मिल सकती है।

**केस 02 गुमटी क्रासिंग से संत नगर चौराहा**

इस सड़क पर अनवरगंज रेल मार्ग की ट्रेनों के आवागमन से क्रासिंग बंद होने पर जाम लगता है। शाम को बाजार में खरीदार बढ़ने पर सड़क पर पार्किंग जाम की समस्या बढ़ा देती है। सड़क के बीच में बने डिवाइडर के दोनों ओर दो पहिया, चार पहिया वाहनों की कतारें लगती हैं। सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर भी वाहन खड़े रहते हैं। इसके अलावा बाजार की दुकानों के बाहर बड़ी संख्या में ठेले-खोमचे वाले सड़क घेरे रहते हैं।

**समाधान** : गुमटी नंबर 5 क्रासिंग से संत नगर चौराहे तक डिवाइडर के दोनों ओर खड़े होने वाले वाहनों के लिए अन्यत्र पार्किंग की व्यवस्था की जाए। फुटपाथ पर लगी दुकानों को व्यवस्थित करके सड़क को चौड़ा बनाया जा सकता है।

**केस 03 मूलगंज-मेस्टन रोड-कचहरी मार्ग**

इस मार्ग पर मूलगंज थाना के पास सड़क के बीच में बने डिवाइडर के दोनों ओर सैकड़ों दो पहिया वाहन खड़े रहते हैं। पूरी मेस्टन रोड पर बीच में तो वाहन खड़े ही होते हैं, सड़क के दोनों ओर भी दो पहिया वाहन खड़े रहते हैं। इससे सड़क पर बमुश्किल एक वाहन निकलने की जगह बचती है। कई बार अभियान चलाकर डिवाइडर के दोनों ओर खड़े होने वाले वाहन हटाए गए लेकिन अभियान खत्म होते ही फिर वाहनों की कतारें लग जाती हैं। थोड़ी-थोड़ी दूर पर लोडर माल उतारते रहते हैं जिससे जाम विकराल रुप ले लेता है।

**समाधान** : सड़क के बीच खड़े होने वाले वाहन परेड पर बनी पार्किंग में खड़े कराए जाएं। सड़क किनारे दो पहिया वाहन एक सीध में सफेद पट्टी के भीतर खड़े कराए जाएं तो रास्ता चौड़ा हो जाएगा।

**केस 04**

मूलगंज से घंटाघर जाने वाले मुख्य मार्ग पर दोनों ओर अतिक्रमण और वाहन खड़े रहने से सड़क संकरी हो जाती है। रही सही कसर माल ढुलाई वाहन और ठेला वाले पूरी कर देते हैं। इसके चलते मार्ग लगातार जाम में जकड़ा रहता है।

**समाधान** : यहां सड़क संकरी नहीं है। चार पहिया वाहनों को व्यवस्थित कर दिया जाए और फुटपाथ खाली कराकर ई-रिक्शा की बेढंगी चाल पर लगाम कसी जाए?

**केस 05**

गोविंदपुरी पुराने पुल के नीचे फुटपाथ पर कब्जे हैं। इस कारण पुल से नीचे उतरते ही चावला मार्केट तक निकलना दूभर रहता है। यहां लगने वाला जाम नंदलाल चौराहे तक पहुंच जाता है। यहां सड़क के बीच में बेरीकेडिंग करने से थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन जाम से पीछा नहीं छूटा है।

**समाधान** : गोविंदपुरी पुल से मुड़ते ही सर्विसलेन पर आईसीआईसीआई बैंक के पास से चावला मार्केट तक फुटपाथ खाली कराकर उसका कुछ हिस्सा सड़क में शामिल करना होगा।

## झपट्टा मार महिला की चेन लूटी

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में डाकघर से घर लौट रही महिला के गले से झपट्टा मारकर लुटेरों ने चेन लूट ली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की।

वैष्णवी विहार जरौली फेस 2 रामगोपाल चौराहा निवासिनी मीरा गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को डाकघर से घर वापस जा रही थीं तभी रास्ते में शनि देव मंदिर के थोड़ा आगे दो पल्सर सवार बदमाशों ने झपट्टा मारते हुए गले में पड़ी चेन खींच ली। इस संबंध में बर्रा इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर चेन लूट की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### गैंगस्टर को कारावास

**कानपुर।** शातिर इसमार उर्फ मच्छू पुत्र इस्माइल पर गैंगस्टर की कार्रवाई में एडीजे 10 की अदालत ने दो साल 3 माह की सजा और 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। छावनी पुलिस के अनुसार शातिर अपराधी मच्छू लूट समेत अन्य घटनाओं को अंजाम देता है।

# बाजारों में चेकिंग-छापेमारी पर व्यापारी भड़के

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कलक्टरगंज में बैठक करके व्यापारियों ने विरोध जताया। अमृत विचार

● त्योहार के समय खाद्य सुरक्षा, औषधि विभाग तथा जीएसटी की कार्रवाई को बताया उत्पीड़न

**अमृत विचार।** व्यापारियों ने त्योहारों पर बाजारों में विभिन्न विभागों की ओर से चेकिंग और छापेमारी के नाम पर उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया है। समस्या से निपटने के लिए व्यापारियों ने गुरुवार को बैठक कर 21 सदस्यीय टास्क फोर्स का भी गठन किया। कहा गया कि यह टास्कफोर्स बाजारों में आने वाली चेकिंग और छापा टीमों का सामना करेगी। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि अधिकारियों ने मनमानी की तो त्योहार बाद बाजार बंद कर जोरदार विरोध किया जाएगा।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की गुरुवार को कलक्टरगंज में हुई बैठक में साफ कहा गया कि दीपावली के त्योहार पर अगर व्यापारियों या उद्यमियों का उत्पीड़न हुआ तो मौके पर आपत्ति जताने के साथ ही त्योहार के बाद बाजार बंद कर विरोध किया जायेगा। बैठक में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा मानक, औषधि प्रशासन विभाग तथा स्टेट जीएसटी द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किए जाने की सूचना पर संयोजक पवन गौड़ की अगुवाई में गठित 21 सदस्यीय टास्क फोर्स मौके पर पहुंचेगा। बैठक के दौरान मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के जिला अभिहित अधिकारी संजय प्रताप सिंह से फोन पर वार्ता में कहा कि 5 व 6 अक्टूबर को सरसौल के एक कोल्ड स्टोरेज मे जांच व सैम्पलिंग के दायरे से बाहर सीज किये गए माल को जल्द रिलीज किया जाए। बैठक में आरोप लगाया गया कि बीते कुछ दिनों से खाद्य पदार्थों में किसी भी कृषि उत्पाद की सैम्पलिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह ने कहा कि भविष्य मे महानगर में कही भी किसानों से खरीदे कोल्ड स्टोरेज में रखे कृषि उत्पादों की जांच या सैम्पलिंग न की जाए, अगर ऐसा हुआ तो विरोध किया जायेगा। बैठक में कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल चेयरमैन राजेंद्र शुक्ला, व्यापार मंडल के महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल वहीद, कलक्टरगंज संयोजक अनुराग जायसवाल, महामंत्री पवन गुप्ता और नयागंज से आलोक गुप्ता व सुमित पांडे मौजूद रहे।

# रोहिणी नक्षत्र के संयोग में 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा करवाचौथ पर्व

**शुभ घड़ी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● चंद्रोदय रात 8.07 मिनट पर होने पर होगी पूजा




**अमृत विचार।** करवा चौथ का पर्व 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिन महिलाएं कार्तिक कृष्ण चतुर्थी पर रविवार को करवाचौथ का व्रत रखेंगी। इस बार करवाचौथ का पर्व रोहिणी नक्षत्र के संयोग में मनाया जाएगा।

मान्यताओं के अनुसार करवाचौथ पर चतुर्थी माता और गणेश जी की पूजा की जाती है। पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस पर्व पर सुहागिनें निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना करके प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। इस पर्व पर बड़े प्रेम, त्याग व विश्वास से महिलाएं चंद्रदेव को जल अर्पित करती हैं और उनसे पति की लंबी उम्र मांगती हैं। इस बार करवाचौथ की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर को सुबह 6:46 बजे से शुरू होगी और 21 अक्टूबर को सुबह 4:16 बजे समाप्त होगी।

### क्यों होती चंद्रमा की पूजा

- मान्यता है कि चंद्रमा को आयु, सुख और शांति का कारक माना गया है और पूजा से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है। पति की आयु भी लंबी होती है। करवाचौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करती हैं। इस व्रत में शिव- पार्वती, गणेश और चंद्रमा की पूजा की जाती है।

### करवाचौथ पर भद्रा का दोष नहीं

- करवाचौथ के दिन चंद्रोदय रात 8.07 मिनट पर होगा। करवाचौथ पर भद्रा दोष नहीं लगेगा। भद्रा का विचार रक्षाबंधन और होलिका दहन में किया जाता है। करवाचौथ पर भद्रा काल सुबह 6.46 मिनट तक ही है।



मोतीझील में हुआ सामूहिक विवाह। अमृत विचार

# वाल्मीकि जयंती पर 76 जोड़ों का विवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मोतीझील स्थित वाल्मीकि उपवन में सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन

**अमृत विचार।** मोतीझील स्थित वाल्मिकी उपवन में महर्षि वाल्मिकी जन्मोत्सव केंद्रीय मेला कमेटी द्वारा गुरुवार को सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। जिसमें 76 जोड़े एक-दूजे का हाथ थामकर सात फेरों के बंधन में बंध गये। मेला कमेटी के मीडिया प्रभारी मुन्ना हजारिया ने बताया कि लाजपत भवन से सभी दूल्हों की बारात गाजे-बाजे के साथ उठी, जो कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यहां पर बारात का भव्य स्वागत किया गया। विधि-विधान के साथ विवाह कराया गया।

इस मौके पर अतिथियों ने सभी जोड़ों को सुखी दाम्पत्य के लिए आशीर्वाद दिया। समाज के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। विवाह के बाद नव दंपति जोड़ों को घर गृहस्थी का सामान देकर विदाई की गई। इस मौके पर पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायिका नीलिमा कटियार, प्रतिभा शुक्ला, अनिल शुक्ला वारसी, आलोक मिश्रा, सोहेल अंसारी, नौशाद आलम, मानवेंद्र सिंह, अमिताभ बाजपेयी, सलिल विश्नोई, सुरेंद्र मैथानी, राम जियावन सागर, अरुण समुद्रे, चौधरी राम गोपाल, पप्पू सागर, डीडी सुमन, राधेश्याम भारती ने बारात का स्वागत किया। नगर निगम कर्मचारी महासंघ ने जलपान की व्यवस्था की। जिसमें देवी दीन भाऊ, संजय हजारिया, रामनारायण असरेठ, दिलीप, रमाकांत मिश्रा, राहुल हजारिया आदि थे।

### कठोर तपस्वी थे महर्षि वाल्मीकि

- **कानपुर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी ने तिलक हाल में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। संगोष्ठी में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने महर्षि वाल्मीकि को आध्यात्मिक महा मानव, युग दृष्टा बताया। कहा कि वे कठोर तपस्वी ही नहीं, बल्कि रामायण की रचना कर विश्व पटल के महापुरुष के रूप में विख्यात हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर दत्त मिश्रा, संयोजक दिलीप शुक्ला, मदन मोहन शुक्ला, आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, रामगोपाल उत्तम ,रवि तिवारी, पदम मोहन मिश्रा आदि थे।

### महर्षि वाल्मीकि ने बताया संस्कारों का महत्व

- **कानपुर।** सपा कार्यालय में सपाइयों ने वाल्मीकि जयंती पर विचार गोष्ठी की। पदाधिकारियों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र माल्यार्पण कर किया। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की संरचना करके विश्व में संस्कारों का महत्व बताकर अनुशासन से एकता का संदेश दिया। सीसामऊ के पर्यवेक्षक विधायक राजेंद्र कुमार ने कहा कि महर्षि ने समाज को जोड़ा।

# आईआईटी में अंतराग्नि की धूम रॉक नाइट में जमकर झूमे युवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



गीत गाते ऑल इंडिया परमिट बैंड के गायक।

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अंतराग्नि का गुरुवार को आरंभ हुआ। दोपहर को शुरू हुआ आयोजन देर रात तक अपने उत्साह में पहुंच गया। खासतौर पर रॉक नाईट में युवा गीतों और संगीत पर खूब थिरके। फैशन शो 'ऋतंभरा' में रैंप पर फैशन का जलवा बिखेरा गया।

'सिन्क्रेटिक जॉंट' थीम पर शुरू हुए अंतराग्नी में इस बार युवाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के आउटरिच ऑडिटोरियम में हुई। समारोह की शुरुआत अकादमिक मामलों के डीन ने की। चार दिनों तक चलने वाले महोत्सव में पहले दिन का मुख्य आकर्षण रॉक नाइट रहा। बैंड 'ऑल इंडिया परमिट' के जबरदस्त प्रदर्शन ने सभी को उत्साह मे भर दिया। बैंड ने जब अपना हिट गाना 'आवारा शाम है' शुरू किया तो युवाओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया। तेज संगीत और जगमगाती रौशनी के बीच हुए इस आयोजन में सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच से प्रदर्शन करते हुए बैंड के सदस्यों ने एक के बाद एक लगातार कई हिट गानों पर युवाओं पर झुमाया। एक पल ऐसा भी आया जब युवा भी बैंड के गीतों पर दिलखोल कर अपने गीत मिलाते रहे। बैंड के दमदार वोकल्स और हाई एनर्जी ने सभी को एक साथ लाकर एक ही सुर पर पिरो कर रख दिया। रॉक नाईट के बाद टैलेंट फिएस्टा का आयोजन हुआ। इस अयोजन में प्रतिभागियों ने संगीत, नृत्य और अन्य प्रदर्शन के माध्यम से अपनी अद्भुत क्षमताओं का प्रदर्शन किया।



आईआईटी में अंतराग्नि में देर रात तक गीतों पर झूमते रहे युवा। अमृत विचार

● 'ऑल इंडिया परमिट' बैंड ने गीतों से भरा उत्साह

● फैशन शो 'ऋतंभरा' में रैंप पर उतरा फैशन का जलवा

● रॉक नाइट के बाद टैलेंट फिएस्टा ने लूटीं तालियां

**छात्रों का परिचय**

अतंराग्नी के पहले दिन विभिन्न संस्थानों के युवा आईआईटी पहुंचे। संस्थान आने के बाद युवाओं के बीच परिचय हुआ। इस दौरान कई युवा ऐसे भी मिले जो इस इवेंट से पहले सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए ही एक दूसरे से परचित थे। उधर समारोह के आधिकारिक शुरुआत के बाद विशेषज्ञों के व्याख्यान भी हुए। इन व्याख्यान में युवाओं को महोत्सव का मूल उद्देश्य भी बताया गया।

**लापरवाही** वर्ष 2017 में तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री ने सुपर स्पेशियलिटी मॉडल हॉस्पिटल का दिया था प्रस्ताव

# अधूरा भवन खंडहर हुआ पर नहीं बनने दिया मॉडल हॉस्पिटल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



367 करोड़ की इमारत खंडहर हो रही है। अमृत विचार

▸▸ मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की थी पहल, राज्य सरकार को बदले में मिलना था जाजमऊ बीमा अस्पताल

▸▸ केंद्र सरकार को अधूरा प्रोजेक्ट सौंपने का बीमा अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ ने किया था पुरजोर विरोध

**अमृत विचार।** पांडु नगर बीमा अस्पताल परिसर में आधे-अधूरे खड़े 300 बेड के अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी मॉडल हॉस्पिटल बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2017 में पहल की गई थी। प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय तक पहुंचा, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई। निर्माणाधीन अस्पताल केंद्र सरकार को सौंपने का बीमा अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ ने विरोध किया था।

वर्ष 2009 से पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल परिसर में 367 करोड़ से बन रही 6 मंजिला इमारत का निर्माण कार्य पिछले 4 वर्षों से अटका पड़ा है। तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री दत्तात्रेय ने वर्ष 2016 में पांडु नगर बीमा अस्पताल परिसर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखी थी। लेकिन कुछ समय बाद निर्माण एजेंसी ने काम बंद कर दिया। इसके बाद ईएसआईसी के मेडिकल उपायुक्त निरीक्षण करने आए।


केंद्रीय मंत्री दत्तात्रेय को उन्होंने रिपोर्ट दी। मंत्री ने रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2017 में यहां सुपर स्पेशलिटी मॉडल हॉस्पिटल बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और प्रस्ताव दिया कि निर्माणाधीन अस्पताल को केंद्र सरकार को सौंप दिया जाए। बदले में राज्य सरकार चाहे तो जाजमऊ बीमा अस्पताल ले सकती है। लेकिन यह मामला आज तक लटका है। आज भी यह बिल्डिंग अधूरी खड़ी है।

### इस तरह हुई धन की बर्बादी

- 367 – करोड़ खर्च पर अस्पताल का निर्माण अधूरा।
- 5.5 – करोड़ से विद्युत उपकरण, पैनल व ट्रांसफार्मर खरीदे।
- 18 – टन सरिया खुले में पड़ी होने से हुई कमजोर
- 09 – बड़े जनरेटर खुले में रखे जाने से जंग खा रहे।
- 4.5 – करोड़ रुपये लांड्री सेटअप पर कर दिए खर्च।
- 40 फिट खोदाई कर तैयार किए बेस में भरा पानी।

### नींव बनी तालाब

- सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल का स्ट्रक्चर बनने के साथ ही उसके बगल में दूसरी बिल्डिंग बनाने के लिए नींव खोदी गई। काम अधूरा होने की वजह से नींव के लिए खोदे गए बड़े से गड्ढे में पानी भरा रहता है, जिसे तालाब कहा जाने लगा है। निर्माणाधीन बिल्डिंग भी खंडहर में तब्दील हो रही है।



300 बेड के निर्माणाधीन अस्पताल का काम पूरा कराने के संबंध में कई बार मंत्रियों को पत्र लिखा, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। अफसोस है कि करोड़ों रुपया श्रमिकों व सरकार का बर्बाद हो रहा है।

**-पीएस बाजपेई, राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस**



शहर के सभी बीमा अस्पताल कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत हैं। निर्माणाधीन अस्पताल जब केंद्र सरकार को जा रहा था तो यहां के कुछ डॉक्टरों व श्रमिक नेताओं ने विरोध किया था।

**-उमेश शुक्ला, महामंत्री, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस**



पांडु नगर में 300 बेड के निर्माणाधीन अस्पताल का काम पूरा होने से लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। यह शहर के बीच में स्थित है, इसके चलते साउथ सिटी के साथ ही कल्याणपुर, मंधना, पनकी व आसपास के लोगों को हैलट या उर्सला नहीं जाना पड़ेगा।

**- प्रभात मिश्रा, अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद**



यहां जीएसवीएम के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की तर्ज पर अस्पताल बनाना चाहिए। किडनी के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हैलट व उर्सला में पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में किडनी के मरीजों की सुविधा के लिए यहां नेफ्रोलॉजी की यूनिट बननी चाहिए।

**-संजय भदौरिया, मंडल अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद**

# युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म

## रेवना थाना क्षेत्र में अपनी मौसी के घर आई थी युवती, रिश्ते में आरोपी लगता मामा

संवाददाता, घाटमपुर

**गिरफ्तार**

- **रेप का आरोपी मामा गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**
- **घर वालों के काम से बाहर जाने के बाद बनाया बंधक**

**अमृत विचार:** रेवना थाना क्षेत्र के एक गांव में मौसी के घर आई युवती के साथ रिश्ते के मामा ने कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया और धमकी देकर निकल भागा। रेप पीड़िता युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

रेवना थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती अपनी मौसी के घर आई थी। मौसी और घर के अन्य लोग काम पर बाहर चले गए। घरवालों के बाहर जाने के बाद युवती मौसी के घर में अकेली थी, तभी मौका पाकर मौसी के रिश्ते में लगने वाले भाई निशांत पुत्र जगदीश घर में घुस आया और उसे कमरे में बंधक बना लिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया।

मौसी के घर लौटने पर उसने घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद दुष्कर्म पीड़िता युवती ने रेवना थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की और दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जफर से बना राज, छात्रा को फंसाया

संवाददाता, बिधनू

- **कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला बनाया अश्लील वीडियो**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में 11वीं की छात्रा के साथ लव जिहाद का मामला सामने आया है। गैर समुदाय के एक युवक ने नाम बदलकर 17 वर्षीय छात्रा से पहले दोस्ती की और फिर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। छात्रा के विरोध करने पर वीडियो वायरल कर दिया। छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

छात्रा के मुताबिक कुछ महीने पहले मझावन के जब्बार के बेटे जफर ने अपना नाम राज बताकर उससे दोस्ती की। स्कूल में छुट्टी के बाद उसे घर छोड़ने के बहाने अंजान जगह ले गया, जहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। इसके बाद उसका अश्लील वीडियो बनाया। होश आने पर उसने वीडियो दिखाकर बताया कि उसका नाम राज नहीं, बल्कि जफर है। इसके बाद उसने धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। छात्रा ने परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजनों ने आरोपी से वीडियो को डिलीट करने के लिए कहा तो उसने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट लिखी। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच के साथ आरोपी की तलाश की जा रही है।

## मारपीट में प्रधान समेत 3 घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव में खेत से मिट्टी उठान को लेकर विवाद के बाद दो पक्षों में लाठी-डंडे चले। मारपीट में ग्राम प्रधान समेत तीन लोग घायल हुए। तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

मरियानी प्रधान श्याम जी कुशवाहा और गांव के राजकिशोर कुशवाहा के खेत अगल-बगल हैं। बुधवार रात खेत से मिट्टी उठान को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों परिवारों के लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए। मारपीट में राजकिशोर व उसके बेटे ऋषि के सिर में गंभीर चोटें आईं। वहीं ग्राम प्रधान श्याम जी कुशवाहा के पैर में चोट आई। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से राजकिशोर व उसके बेटे ऋषि को हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

संवाददाता, बिल्हौर

**हादसा**

- **बिल्हौर में रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा**
- **खेती-किसानी के साथ ई-रिक्शा चलाता था युवक**



हादसे की सूचना पर पहुंची जीआरपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुवार दोपहर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक पार कर रहा एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक की ट्रेन से कटकर हो गई। खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र की शिहुरादारा शिकोह ग्राम पंचायत के मजरे गडरियन पुरवा निवासी 22 वर्षीय रिशू पिता अर्जुन पाल के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बंटाता था। वह ई-रिक्शा भी चलाता था। गुरुवार दोपहर बिल्हौर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक पार करते समय वह कानपुर की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया और ट्रेन से कटकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर पहुंची जीआरपी ने एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर करने की प्रक्रिया शुरू की, तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार दो दिन से वह ई-रिक्शा खड़ा कर खेतों पर खड़ी धान की फसल की कटाई करवा रहा था। गुरुवार सुबह वह जरूरी काम से बिल्हौर आने की बात कहकर निकला था। सभी लोग उसके घर लौटने का इंतजार कर रहे थे, तभी घटना की सूचना मिली। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# दो लुटेरों ने कंटेनर चालक से नकदी और एटीएम कार्ड लूटा

संवाददाता, बिधनू

- **सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के बिनगवां पुल के पास वारदात**
- **लुटेरों ने तीन दिन में एटीएम से 1.82 लाख रुपये निकाले**
- **ट्रक चालक ने लिखाई रिपोर्ट पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के बिनगवां रेलवे ओवरब्रिज के नीचे चेन्नई से शाहजहांपुर जा रहे कंटेनर चालक से बाइक सवार दो लुटेरों ने नशीला स्प्रे छिड़ककर मोबाइल के साथ 43 हजार की नकदी और एटीएम कार्ड लूट लिया। होश आने पर चालक पुलिस को जानकारी देकर शाहजहांपुर चला गया। इस बीच तीन दिनों में लुटेरों से एटीएम के जरिए 1.82 लाख रुपये निकाल लिया। शाहजहांपुर से लौटे चालक ने मुकदमा दर्ज कराया है।

यह घटना 29 सितंबर की देर रात की बताई जा रही है। साढ़ थाना क्षेत्र के सिरोमनपुर गोपालपुर निवासी कंटेनर चालक गुलबदन सिंह 29 सितंबर की रात 11 बजे चेन्नई से माल लादकर शाहजहांपुर जा रहा था। ट्रक चालक के मुताबिक वह बिनगवां आरओबी के नीचे कंटेनर खड़ा कर लघुशंका करने लगा। इसके बाद वह कंटेनर के केबिन में जैसे ही चढ़ा, पीछे से बाइक सवार दो लुटेरे आए और उसके चेहरे पर नशीला स्प्रे छिड़ककर बेहोश कर दिया।

इसके बाद लुटेरे उसका मोबाइल, 43 हजार रुपये की नकदी और पर्स लूट ले गए। पर्स में केनरा बैंक का एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और एटीएम पिन भी था। काफी देर बाद होश आने पर उसने सेन चौकी पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी और कंटेनर लेकर शाहजहांपुर चला गया। इस बीच 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लुटेरों ने उसके एटीएम कार्ड और मोबाइल के जरिए 1.82 लाख रुपये निकाल लिया। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि घटना की रात चालक मौखिक सूचना देकर शाहजहांपुर चला गया था। वहां से लौटकर उसने तहरीर दी है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## लेखपाल व प्रधान के भाई पर आरोप

**घाटमपुर।** कटरी गांव में एक दलित के खेत की पैमाइश करने पहुंचे लेखपाल और ग्राम प्रधान के भाई पर मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने रेवना थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कटरी निवासी अजय कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने जमीन की पैमाइश के लिए तहसील में प्रार्थना पत्र दिया था। लेखपाल आनंद चतुर्वेदी और ग्राम प्रधान के भाई पुष्पेंद्र सिंह ने पैमाइश के लिए पहुंचे। इसी दौरान लेखपाल और ग्राम प्रधान के भाई ने उसके मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि उसके खेत में प्रधान के भाई पुष्पेंद्र सिंह ने ही कब्जा किया है, जिसकी शिकायत उसने एसडीएम से की थी, जिसकी पैमाइश के निर्देश हुए थे। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भागवत रूपी नौका भवसागर पार लगाती

संवाददाता, बिधनू



कठारा गजापुर के सिद्धेश्वर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते चंद्रेश महाराज।

**अमृत विचार:** भगवत भजन रूपी नौका में बैठकर जीव सरलता से भव सागर पार हो सकता है। नेत्र, श्रवण और वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए। क्योंकि जैसा हम सुनते और देखते हैं, वैसा ही आचरण करते हैं। इसलिए जो उचित हो वही देखो और सुनो।


यह बात कठारा गजापुर के सिद्धेश्वर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथावाचक मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज के शिष्य चन्द्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने कही। उन्होंने भगवान के 24 अवतारों की कथा सुनाते हुए समुद्र मंथन का रोचक एवं सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान भक्तों के कष्ट हरण करने के लिए अवतार लेते हैं। कथा में उन्होंने भक्त प्रहलाद और हरिचंद्र की कथा का वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि भक्त प्रहलाद को भगवान का नाम जपने के लिए अपने पिता के ही अत्याचारों को सहन करना पड़ा, लेकिन वह अपने प्रभु को नहीं भूले। भक्त प्रहलाद के लिए भगवान खंभे से प्रकट हो गए और उन्हें भक्तों में सबसे ऊंचा दर्जा दिया। वहीं राजा हरिश्चंद्र के बारे में बताया कि सूर्यवंश के राजा हरिचंद्र ने अपने वचन और सत्य के लिए राज छोड़कर पत्नी और बच्चे समेत बिक गए, लेकिन कभी भी सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। इस मौके पर आचार्य महावीर शुक्ल, आचार्य रजोल शुक्ल, रामसेवक, उमाकांती, आदित्य बाजपेई, दीपक श्रीवास्तव, मनीष कुमार, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## इंस्पायर अवार्ड आवेदन में चौबेपुर ब्लाक रहा अव्वल

**चौबेपुर।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में वैज्ञानिक अन्वेषण की रुचि को बढ़ाने हेतु आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड आवेदन में चौबेपुर ब्लाक ने जनपद में अव्वल स्थान हासिल किया है।

बीईओ कुंवर आनंद पटेल ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड आवेदन में ब्लॉक के शत प्रतिशत विद्यालयों का प्रतिभाग व जिले में सबसे अधिक प्रतिशत मे बच्चों के आवेदन ने ब्लॉक का मान बढ़ाया है। जानकारी दी कि ब्लॉक क्षेत्र के 41 में से 41 उच्च प्राथमिक विद्यालयों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराते हुए निर्धारित पांच छात्र प्रति विद्यालय के हिसाब से 205 के सापेक्ष 202 बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराया गया है, जो कि 98.5 प्रतिभागिता दर्शाता है। इस कार्य के लिए नियुक्त नोडल एआरपी विज्ञान इजहार आलम सिद्दीकी एवं टीम का विशेष प्रयास रहा। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों ने भी इसमें सराहनीय भूमिका निभाई। जनपद में अव्वल रहने वाले ब्लॉक की उपलब्धि पर अनुग्रह त्रिपाठी, हेमंत कटियार, रनंजय सिंह, संदीप त्रिपाठी व एकता निगम आदि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।




## युवक ने फंदा लगा दी जान

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के फंदा लगाने के बाद परिजनों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर घटना स्थल की जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सजेती थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव निवासी सुमित प्रजापति पुत्र राजेंद्र (21) अभी अविवाहित था। भरण-पोषण के लिए वह सिलाई का कार्य करता था। वह सिलाई का कार्य करने के बाद घर आया और अपने ताऊ के घर जाने की बात कही। इसके बाद उसने घर में ही फंदा लगाकर जान दे दी। फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने सजेती पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने फोरेंसिक टीम के माध्यम से जांच-पड़ताल करने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने बताया कि युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## आपात स्थिति से निपटने के दिए टिप्स

संवाददाता, बिठूर



मानप्रस्थ आईटीआई में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला हुई।

**अमृत विचार:** मानप्रस्थ आईटीआई में आयोजित कार्यशाला में फर्स्ट ऐड और सीपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान आम जनमानस में बढ़ती जा रही आत्महत्या जैसे विषय पर भी चर्चा की गई और इनके कारणों एवं उपायों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला के दौरान दुर्घटनाओं के समय प्राथमिक उपचार, आग लगने पर सुरक्षा उपाय, घावों का उपचार और जहरीले जीवों के काटने की स्थिति में क्या करना चाहिए, इन सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। चर्चा के दौरान दुर्घटनाओं में प्राथमिक उपचार, हृदयगति रक जाने पर व्यक्ति का प्राथमिक परीक्षण और उपचार, आग लगने पर सही प्रतिक्रिया, घाव का उपचार, जहरीले जीव के काटने पर क्या करें जैसे बचाव के गए उपाय बताए।

कार्यशाला के दौरान संकट के समय में एक-दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आकांक्षा सिंह ने सभी को इन विषयों पर जागरूक किया और कहा कि आपकी जान और दूसरों की जान बचाने के लिए ये कौशल अनमोल हैं। हम सब मिलकर एक सुरक्षित और जिम्मेदार समाज का निर्माण करें तथा एक-दूसरे की सहायता के लिए संकल्पित रहें।

संस्थान के चेयरमैन प्रो. तेज नारायण अग्रवाल ने कहा कि आपात स्थितियों में सही ज्ञान और तत्परता से ही हम जीवन बचा सकते हैं। इसी उद्देश्य से संस्थान में इस कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। आगे भी इस प्रकार के जनोपयोगी कार्यशालाओं का आयोजन होता रहेगा। प्रो. तेज नारायण अग्रवाल ने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर इस ज्ञान को साझा करें और एक सुरक्षित समुदाय का निर्माण करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

**काम सुस्त** | बिल्हौर ब्लाक के नानामऊ और ककवन ब्लाक के जमालपुर में चल रहा निर्माण कार्य

# गौशाला निर्माण में लापरवाही पर लगी फटकार

संवाददाता, बिल्हौर



निर्माणाधीन गौशाला का समय से काम पूरा होता नहीं दिख रहा। अमृत विचार

**नानामऊ में 20, जमालपुर में 40 फीसदी ही काम**

दोनों विकास खंडों में लगभग 1.18 करोड़ रुपये की लागत से बृहद गौशाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी डेडलाइन दिसंबर में है, लेकिन नानामऊ गौशाला में अभी तक 20 फ़ीसदी काम हो पाया है, जबकि जमालपुर गौशाला में 40 फीसदी ही काम हुआ है। ऐसे में तय समय पर गौशाला का निर्माण कर पाना असंभव सा नजर आ रहा है। इसको लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की है।

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन की ओर से आवारा गोवंशों के लिए तहसील क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में वृहद गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन कुछ दिनों से कार्यदायी संस्था की ओर से घोर लापरवाही की जा रही है। बुधवार को जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों को बैठक में फटकार लगाई है।

बिल्हौर विकास खंड क्षेत्र के नानामऊ ग्राम पंचायत और ककवन विकास खंड क्षेत्र के जमालपुर गांव में लगभग 400 गोवंश की बृहद गौशाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ के अधिकारी घोर लापरवाही बरत रहे हैं, जिसके चलते युद्ध स्तर पर काम नहीं हो पा रहा है। बुधवार को कानपुर में हुई बैठक के दौरान दोनों गौशालाओं में लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जमालपुर में उस स्थान पर गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है, जहां पर बरसात के दिनों में भयंकर जलभराव के हालात पैदा होते हैं, ऐसे में जब गौशाला बनकर तैयार होगी तो वहां पर जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी। इधर बीते कुछ दिनों से दोनों ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य रुका हुआ है, जिससे तय समय पर गौशाला का पूर्ण होना मुश्किल नजर आ रहा है। जिलाधिकारी की ओर से कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को तत्काल युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**तय समय में काम पूरा करने का प्रयास**

विभाग के जेई सूरज सिंह ने बताया कि नानामऊ गौशाला में भूमि मिलने में देरी होने से निर्माण कार्य धीमा रहा है, जबकि बीच में चुनाव आचार संहिता के चलते भी काफी दिन काम रुका रहा। विभाग अब पूरी तरीके से जल्दी काम खत्म करके तय समय पर गौशाला बनाने का प्रयास कर रहा है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत विशुनपुर विकास खण्ड चौबेपुर, कानपुर नगर।

पत्रांक मेमो/पंचम/पन्द्रहवांवित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव /2024–25/ दिनांक– 17.10.2024

### अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत विशुनपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग /पंचम वित्त/मनरेगा/एस0बी0एम0 वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य संचादित किए जाने हेतु आईटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति किए जाने के लिए मोहर बन्द निविदा दिनांक 18.10.2024 से 25.10.2024 तक 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाऍ दिनांक 25.10.2024 को 3 बजे ग्राम पंचायत में गठित समिति द्वारा निविदा दाताओ के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के सबंध में विस्तृत जानकारी व निविदा नगद 100 शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र0 सं0 | कार्य व कार्य स्थल का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | सन्तोष के दरवाजे से भोला के दरवाजे तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 2 | रामासरे पाल के दरवाजे से सुरेन्द्र पाल के दरवाजे नाली व सी0सी0 रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 3 | राम सिंह के दरवाजे से राम औतार के दरवाजे तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 4 | आर0आर0सी0 सेन्टर का निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 5 | हरिश्चन्द्र के दरवाजे से लालता के दरवाजे तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 6 | सामुदायिक शौचालय से पंचायत भवन तक इण्टरलाकिंग निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 7 | वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |

**अन्य शर्ते:–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर ले।
3. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा

**सीमा देवी**
प्रधान
ग्राम पंचायत–विशुनपुर
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर

**शिव प्रताप सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– विशुनपुर
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर

## एक नजर

### मारपीट में दो नामजद और दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**मंगलपुर।** युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के झींझक कस्बा के वार्ड नंबर 17 शंकरगंज निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 9 अक्टूबर को वह घर के दरवाजे पर बैठा था, तभी मोहल्ले के सत्यम सिंह, शिवम् सिंह और दो अज्ञात व्यक्तियों ने वहां आकर जातिसूचक गालीगलौज करने लगे। जब उसने गालीगलौज का विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गए। इतना ही नहीं, बाद में उसके गले में रस्सी का फंदा डाल दिया। उसने किसी तरह फंदे से खुद को छुड़ाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### एमएसपी बढ़ोतरी पर किसान खासे खुश

**शिवली।** केंद्र सरकार द्वारा रबी की फसलों में 130 से लेकर 300 रुपये तक की वृद्धि किए जाने पर किसानों व आम लोगों ने खुशी जताई है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष पवन राजपूत ने कहा कि सरकार किसानों के हित में हमेशा कदम उठा रही है। व्यापार मंडल औनहां के अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने कहा कि किसानों के लिए गेहूं, सरसों, दलहन का समर्थन मूल्य बढ़ाना उचित है। किसानों को इसका लाभ होगा। हथिका गांव के किसान देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि गेहूं में 130 रुपये समर्थन मूल्य मिलने से किसानों को लाभ होगा। मसूर 275 रुपये समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। किसान रणविजय सिंह ने कहा कि चना का एमएसपी 250 रुपये, जौ का 130 रुपये एमएसपी अच्छा है। सरकार को किसानों के हित में और भी वृद्धि करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इसी तरह किसानों के हित के कदम उठाती है तो उसका फायदा मिलेगा।


शिवली-कल्यानपुर रोड पर जाम लगाए लोग। अमृत विचार


जाम में फंसे वाहनों की लगी रही कतार। अमृत विचार


जाम के दौरान लोगों को समझाते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

# लापता किशोरी की हत्या, नाले में मिला शव

## आक्रोशित लोगों ने शिवली-कल्याणपुर रोड पर जाम लगा किया हंगामा, चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** आठ दिन पूर्व गायब हुई एक किशोरी का एक नाले में अर्द्धनग्न हालत में शव पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। शव की हालत देख दुष्कर्म की भी आशंका है। पुलिस के शव ले जाने पर आक्रोशित लोगों ने शिवली-कल्याणपुर रोड पर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। एसपी, एसडीएम व सीओ के समझाने पर लोग शांत हुए। तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।


घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

> नाले में किशोरी का शव मिलने पर छानबीन की गई है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
> –बीबीजीटीएस मूर्ति, पुलिस अधीक्षक

कोतवाली शिवली के एक गांव से एक 14 वर्षीय किशोरी 10 अक्टूबर से लापता हो गई थी। परिजन उसकी तलाश करते रहे। किशोरी के चाचा का कहना है कि पुलिस को तहरीर भी दी, लेकिन पुलिस केवल आश्वासन ही देती रही। गुरुवार की दोपहर गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर किशोरी का शव नाले में पड़े होने की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिंक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए।

पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने लगी, जिससे ग्रामीण व परिजन आक्रोशित होकर सड़क पर बैठकर हंगामा करने लगे और आरोपियों को पकड़ने की मांग करने लगे। परिजनों का कहना है कि किशोरी से दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव नाले में फेंका गया है। जाम के चलते शिवली-कल्यानपुर रोड पर भीषण जाम लग गया और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। जाम की सूचना पर एसडीएम सुरभि शर्मा, सीओ राजीव सिरोही, इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय व आसपास थानों का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने भी जायजा लिया। पुलिस के आश्वासन पर लोग शांत हुए। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। कोतवाल कृष्णानंद राय ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर गांव के सचिन, राजाबाबू, प्रेम और मिलन के खिलाफ हत्या, साक्ष्य छिपाने और आपराधिक धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। देर रात राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने परिवार वालों से मुलाकात की।

### पुलिस पर आरोपियों को छोड़ने का आरोप

- किशोरी के चाचा ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाया है। चाचा ने कहा कि 10 अक्टूबर को किशोरी गांव के एक व्यक्ति के घर मोबाइल का चार्जर लेने गई थी। इसके बाद से वह घर नहीं पहुंची। किशोरी की मां ने 12 अक्टूबर को पुलिस को तहरीर दी। गांव के कुछ लोगों के नाम भी बताए। चाचा का आरोप है कि पुलिस उन्हें चौकी लाई और बाद में छोड़ दिया गया। इस बारे में जिम्मेदार जवाब देने से बचते रहे।

### दो युवकों ने किशोरी का वीडीओ भी बनाया

- गांव के दो युवकों ने किशोरी का वीडीओ भी बनाया था और उसे नया फोन देने का लालच देकर बरगला रहे थे। यह बात किशोरी के चाचा ने कही। बताया कि भतीजी के पास की-पैड वाला फोन था। गांव के एक युवक के घर पर ही वीडियो बनाया गया था और उसके बाद से ही किशोरी लापता हो गई।

### जाम में फंसे वाहन, दूसरे रास्तों से गए लोग

- किशोरी का शव मिलने से कोतवाली के एक गांव के लोग आक्रोशित हो गए। इधर पुलिस के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते ही आक्रोशित लोग शिवली-कल्यानपुर मार्ग पर बैठ गए और जाम लगा दिया। करीब डेढ़ घंटे तक जाम के हालात बने रहे। काफी दूर तक सड़क के दोनों ओर वाहन जाम में फंसे रहे। ऐसे में कुछ लोग दूसरे रास्तों से होकर गए। इधर जाम की जानकारी फोन पर लेकर लोग निकले। लोगों के शांत होने पर रोड पर यातायात सामान्य हो पाया।


मौके पर साक्ष्य संकलित करती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

# रतजगा कर फसल बचा रहे किसान

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में अन्ना मवेशी परेशानी का सबब बने हुए हैं। परेशान किसान दिन-रात रखवाली करने के साथ ही खेतों के चारो तरफ घेराबंदी कर फसलों को बचाने की कवायद कर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए हैं।


रात में खेतों की रखवाली करते किसान। अमृत विचार

- सिकंदरा क्षेत्र के कई गांवों में अन्ना मवेशी मुसीबत बने

क्षेत्र के आलमपुर, पीतमपुर, भैयामऊ, पिंडार्थू, खोजाफूल आदि गांव में अन्ना मवेशी किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। उपज सुरक्षित करने के लिए किसान खेतों में रतजगा कर रहे हैं। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद आवारा पशुओं से किसानों के खेतों में फसल बच नहीं पा रही है। पिंडार्थू गांव के अनुराग दुबे ने बताया कि अमराहट द्वितीय नहर के किनारे सैकड़ों की संख्या में घूम रहे आवारा पशु मौका पाते ही फसलों पर टूट पड़ते हैं। वह फसलों को खाने के बाद रौंद देते हैं।

भैयामऊ के मानस कटियार ने बताया कि आवारा पशुओं से फसल को बचाने के लिए गांव के किसान खेतों पर रात भर पहरा देते हैं। किसान राधाकृष्ण ने बताया कि आवारा पशुओं के भय से कई किसानों ने खेत के चारों ओर घेरवाड़ बना रखा है, जो किसान घेरवाड़ बनाने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने अपना खेत परती छोड़ दिया है। किसान अखिलेश तिवारी व मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि दिन के समय तो किसान फसलों को बचाने के लिए लाठी डंडे के साथ खेत के पास खड़े रहते है। जबकि रात को टार्च लेकर रतजगा करते है।

# पुलिस ने किशोर को 24 घंटे में ढूंढा

**रूरा।** क्षेत्र के कारी कलवारी गांव का किशोर कहीं लापता हो गया। जिसे पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर ढूंढ कर परिजनों को सौंप दिया।

कारी करवारी के रहने वाले अरविंद दुबे ने बीते बुधवार को रात करीब आठ बजे अपने बारह वर्षीय पुत्र हर्षित दुबे उर्फ गजोधर के लापता हो जाने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुरुवार की सुबह लापता किशोर को रूरा स्टेशन से बरामद कर लिया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में किशोर ने बताया कि घर वालों की डांट से वह स्कूल न जाकर रूरा स्टेशन से कानपुर चला गया था। वहां से ट्रेन से फिर रूरा स्टेशन आ गया। जहां से उसे थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# कार की टक्कर से बुजुर्ग की गई जान

संवाददाता, शिवली

- शिवली-कल्यानपुर मार्ग पर देर रात नगर पंचायत कार्यालय के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कल्यानपुर मार्ग पर बुधवार की देर रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर एक बुजुर्ग घायल हो गया। परिजन हैलट कानपुर ले गए। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

शिवली कस्बा के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी नंदलाल सोनकर (70) बुधवार की दोपहर शिवली-चौबेपुर मार्ग पर स्थित अपने पुत्र राहुल के यहां से होकर देर रात वापस घर जा रहे थे। तभी शिवली-कल्यानपुर मार्ग पर नगर पंचायत कार्यालय के समीप सामने से तेज रफ्तार ओमनी कार चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजन सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर सुरभि खत्री ने प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल कानपुर नगर रेफर कर दिया। देर रात उपचार के दौरान घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पत्नी सुमिरती बदहवास हो गई, जबकि पुत्री माया, सुमन व उमरानी का रो-रो कर बुरा हाल था। कोतवाल कृष्णानंद राय ने बताया ओमनी कार पुलिस के कब्जे में हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### कोयला लदी मालगाड़ी में लगी आग, दमकल ने बुझाई

**रूरा।** क्षेत्र के अलियापुर गांव के समीप डीएफसीसी के न्यू भाऊपुर जंक्शन स्टेशन पर एक कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में आग लग गई। गार्ड ने मालगाड़ी को रुकवा कर सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। गुरुवार सुबह करीब 07 .35 बजे डीएफसीसी लाइन पर झारखंड से दिल्ली की ओर जा रही कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में न्यू भाऊपुर जंक्शन स्टेशन पर आग देख हड़कंप मच गया। गार्ड ने सूचना न्यू भाऊपुर जंक्शन स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद मालगाड़ी को रोक कर दमकल को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्टेशन मास्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि मालगाड़ी एमआईजीके के सातवे वैगन में लदे कोयले में आग लग गई थी। गार्ड की सूचना पर मालगाड़ी को खंभा नंबर 519/07 पर रोक कर दमकल को सूचना देकर आग पर काबू पाया गया है। बाद में चेकिंग कर मालगाड़ी को करीब 10 .25 बजे पर आगे की ओर रवाना कर दिया गया।


तहसील मैथा में बैठक करते भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी।

### अन्ना पशुओं से निजात दिलाने की मांग

**शिवली।** भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत मैथा तहसील में गुरुवार को आयोजित की गई। साथ ही ज्ञापन भी उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि अन्ना पशुओं से निजात दिलाई जाए। जिससे किसानों को परेशान न होना पड़े। बंद पेंशन को बहाल की जाए। नाली व खड़ंजा का निर्माण कराया जाए। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की मंडल अध्यक्ष गीता देवी, मजदूर मोर्चा के जिलाध्यक्ष अक्षय कुमार, शरद कुमार, रिंकू, सोनू गौर आदि मौजूद रहे।


महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करती चेयरमैन व अन्य। अमृत विचार

### चेयरमैन ने वाल्मीकि जी को किया याद

**सिकंदरा।** गुरुवार को धूमधाम से आजाद नगर मोहल्ला में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा पाल व पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेंद्र पाल ने महर्षि की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज की भलाई के काम करने चाहिए। इस दौरान रामजी शुक्ला, पंकज पाल चेयरमैन प्रतिनिधि, अमित शर्मा, रामासरे सविता, विशाल दिबाकर, बउआ ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

# राजपुर के 3 वार्डों में 2 दिन बाद जलापूर्ति शुरू

**राजपुर।** कस्बे में पानी टंकी पाइपलाइन का वाल्व खराब होने से दो दिनों से नगर के तीन वार्डों में जलापूर्ति ठप थी। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। गुरुवार को पाइपलाइन के वाल्व की मरम्मत होने पर जलापूर्ति दोबारा शुरू हो गई। राजपुर के ब्लॉक कार्यालय के नजदीक स्थित जोन एक में पानी टंकी की मेन पाइपलाइन के वाल्व में मंगलवार को खराबी आने से जलापूर्ति ठप हो गई थी। जिसकी वजह से पिछले दो दिनों से नगर पंचायत के अटल नगर, अशोक नगर व आंबेडकर नगर की करीब तीन हजार आबादी में जलापूर्ति ठप थी। ऐसे में लोग हैंडपंप पर कतार लगा जरूरत का पानी भर रहे थे। वहीं बिजली न आने से जेनरेटर से सबमर्सिबल चलाकर लोगों को पानी भरना पड़ रहा था। बुधवार देर रात जलनिगम कर्मचारियों ने पाइपलाइन वाल्व की मरम्मत की। जिसके बाद गुरुवार सुबह तीनों वार्डों में जलापूर्ति दोबारा शुरू हो सकी। नगर पंचायत ईओ ने बताया कि वाल्व की मरम्मत कराकर जलापूर्ति बहाल कराई गई है।

# 15 खाद दुकानों में छापे, 8 को दिया नोटिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद के उर्वरक प्रतिष्ठानों पर संयुक्त टीम ने कुल 15 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान दस उर्वरकों के नमूने लिए। खामियों पर आठ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

प्रमुख सचिव कृषि के रेडियोग्राम के निर्देश पर जनपद में तीन संयुक्त टीमें गठित कर उनकों तहसील आवंटित कर उर्वरक प्रतिष्ठानों पर औचक छापे डाले गए। उप कृषि निदेशक रामबचन राम, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी एवं नायब तहसीलदार भोगनीपुर की टीम ने तहसील भोगनीपुर में सात प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर चार उर्वरकों के नमूने लिए। तीन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त निबंधक सहकारिता ने तहसील मैथा व रसूलाबाद के तीन प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर एक नमूने लिया। जबकि एक विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।


उर्वरक दुकान का निरीक्षण करते डीडी एजी रामबचन राम। अमृत विचार

- तीन संयुक्त टीमों ने उर्वरक दुकानों से 10 नमूने लिया

अपर जिला कृषि अधिकारी प्रतिष्ठा यादव, जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी व नायब तहसीलदार ने सिकंदरा व डेरापुर तहसील क्षेत्र के 8 प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर 5 उर्वरकों के नमूने लिए। पांच विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सभी निजी एवं सहकारिता विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वह उर्वरकों का वितरण निर्धारित मूल्य पर जोतबही के आधार पर एवं फसल की संस्तुतियों के आधार पर पीओएस मशीन से करें।

**पुष्पांजलि** राजपुर में हर्षोल्लास से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

# महापुरुषों के रास्ते पर इमानदारी से चलें

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के वाल्मीकि मोहल्ले में हर्षोल्लास के साथ महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। सभी लोगों को मिल जुलकर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

गुरुवार को कस्बे के वाल्मीकि मोहल्ले में महर्षि जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश मिश्रा व अन्य अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। सभी ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।


महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष ने कहा कि वाल्मीकि जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज की भलाई के काम करने चाहिएं। संपूर्ण महापुरुषों की जयंती पर उन्हें याद करने मात्र से ही समाज के भले के काम नहीं हो जाते। बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से चलना होगा।

उन्होंने कहा कि संत-महापुरुष समाज को नई दिशा व प्रेरणा देना का मार्ग दिखाते हैं। रामायण में हमें बताया गया कि कैसे हम अपने भाईयों से प्रेम करें। माताओं को सीख कि कैसे अपने पति का सुख दुख में साथ दें। उन्होंने कहा कि ग्रंथ चाहे जो भी हों, वह हम सभी को एक सही दिशा पर चलने की नसीहद देते हैं। कार्यक्रम का संचालन करन बाल्मीकि ने किया। इस मौके पर रामदास सिंह, महेंदर निषाद, लल्लन वाल्मीकि, कमलदास वाल्मीकि, अमर सिंह वाल्मीकि, संदीप वाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, अर्जुन वाल्मीकि, गौतम वाल्मीकि, विशाल कुमार, सोनू वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, कैलाश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# खाने से बीमार 7 लोगों की फिर बिगड़ी हालत

**फॉलोअप**

संवाददाता, मंगलपुर

- बालिका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**अमृत विचार।** लौआ का पुरवा में खाने से बीमार सात लोग सीएचसी में इलाज के बाद घर गए थे, लेकिन बुधवार को फिर तबियत बिगड़ने पर सभी को सीएचसी हवासपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बालिका का पोस्टमार्टम कराने के लिए थाने में सूचना दी गई है।

लौआ का पुरवा में खाना खाने से गौरीशंकर के परिवार के आठ लोग उल्टी-दस्त से बीमार हो गए थे। बुधवार भोर पहर सुनील की सात वर्षीय पुत्री साक्षी की मौत हो गई थी। अन्य सात लोगों को एंबुलेंस से सीएचसी झींझक में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के बाद सभी वापस घर चले गए थे, लेकिन बुधवार रात सुनील, उनकी पत्नी पूजा, भाई राकेश, कुलदीप, सुनील का पुत्र दीपचंद्र, पुत्रियां खुशी व श्रद्धा की तबियत अचानक फिर से बिगड़ गई। सभी को सीएचसी हवासपुर ले जाया गया, जहां डॉ. गौरव पाल ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हल्का इंचार्ज शशिकांत यादव ने बताया कि मृतक बालिका साक्षी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एक नजर

### पुलिस ने युवक पर दर्ज की दुष्कर्म व लूट की रिपोर्ट

**उन्नाव।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर उसकी बहन ने दुष्कर्म व मां ने लूट का मुकदमा दर्ज कराया है। युवक कई दिनों से सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रहा था। थानाक्षेत्र के गांव सहरवां निवासी अरमान सिद्दिकी एक दैनिक अखबार का प्रतिनिधि बताया जाता है। बीते कई दिनों से उसका परिवार से विवाद चल रहा था। जिसके चलते युवक उन्नाव शहर में रहकर काम कर रहा था। बीते बुधवार युवक पर अचानक तीन मुकदमे दर्ज किए गए। इसमें एक सदर कोतवाली में दर्ज हुआ तो वहीं दो सोहरामऊ में दर्ज हुए। सोहरामऊ थाना में दर्ज हुए मुकदमे में एक बहन से दुष्कर्म करने व दूसरा मां से लूट करने का मामला दर्ज हुआ है। जबकि युवक का पुराना पारिवारिक विवाद था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार का कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ससुराल गया युवक लापता

**पुरवा।** औरैया जिला के कबीरपुर निवासी सतानंद तिवारी ने पुलिस को दर्ज कराई गुमशुदगी में बताया कि बीती 7 अक्टूबर को उसका 27 वर्षीय बेटा रामू अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के गांव सुम्हारी खुर्द में पत्नी से मिलने गया था। जहां कुछ समय रुकने के बाद वह वहां से लौटा आया था। इसके बाद उसे मंगतखेड़ा में देखा गया। पीड़ित पिता ने कहा कि घर न पहुंचने पर उसने उसकी ससुराल पहुंचकर खोज की लेकिन, उसका कहीं पता नहीं चला। इस पर उसने 16 अक्टूबर को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी राकेश गुप्ता ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोज के लिए सीमावर्ती थानों में सूचना दी गई है।

### तंत्र-मंत्र के नाम पर लाखों रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के मिश्रा कॉलोनी के एक परिवार के साथ तंत्र मंत्र के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित अरुण कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह तीर्थ यात्रा पर गए थे, जहां उनकी मुलाकात प्रमोद कुमार मिश्रा से हुई। प्रमोद ने उन्हें तंत्र मंत्र से बिगड़े काम करवाने का आश्वासन दिया, जिस पर उन्होंने विश्वास कर लिया। प्रमोद ने कहा कि जयपुर में हीरा रखा हुआ है और उनके साथ चलने का आग्रह किया। इस दौरान उसने 2 लाख रुपये की मांग की, जिसपर उन्होंने चेक और कैश के माध्यम से रुपये दे दिये। जिसे अरुण ने 2 लाख 23 हजार रुपये देकर पूरा किया। इसके बाद प्रमोद जयपुर स्टेशन से भाग निकला। पीड़ित ने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपी के बैंक खाते को होल्ड कराने की कार्रवाई की। आरोप है कि प्रमोद ने उन्हें धमकी भी दी और गाली गलौज किया। वहीं पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्ट, जिलाधिकारी और एसपी से भी शिकायत की है।

गंगा स्नान कर वापस लौटते समय हुए सड़क हादसे का शिकार , पति हुआ घायल

# ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर , पत्नी की मौत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव




- दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला, पुलिस कर रही है तलाश
- दुर्घटना के बाद लगा जाम पुलिस ने शव हटवा कर चालू कराया यातायात

**अमृत विचार।** शरद पूर्णिमा के पर्व पर नानामऊ घाट से गंगा स्नान कर लौट रहे दंपति की बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे पीछे बैठी पत्नी उछलकर ट्रक के टायर के नीचे आ गईं, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दूसरी ओर गिरने से पति भी घायल हुआ। जिसे अस्पताल भेजा गया।

हरदोई जिला के कासिमपुर थानांतर्गत भटौली निवासी राजाराम (47) अपनी पत्नी रामरानी (45) के साथ शरद पूर्णिमा को गंगा स्नान करने बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ घाट आया था। गुरुवार सुबह स्नान कर लौटते समय बिल्हौर मार्ग पर कल्याणी नदी से पहले श्याम गीर बाबा समाधि मार्ग मोड़ पर पीछे से आए ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पीछे बैठी प रामरानी उछलकर ट्रक के टायर के नीचे आ गई। वहीं पति उछलकर सड़क किराने गिर गया, जिससे उसे भी चोटें आ गईं। इसके बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। हादसे के बाद रोड पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। पुलिस ने शव किनारे हटवाकर यातायात सामान्य कराया। उधर, हादसे में महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्राली के पहिये में हवा भरते समय फटा टायर, दंपति घायल

- **गंजमुरादाबाद।** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव उम्मरपुर बक्तौरी के मजरा गंगागंज बजरिया निवासी अजीत कुमार (46 अपनी पत्नी नीतू (44) के साथ गुरुवार सुबह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी पंपिंग सेट की ट्राली के पहिया में पंप से हवा भर रहा था। तभी हवा अधिक भरने से ट्राली का टायर-ट्यूब अचानक तेज आवाज के साथ फट गया। टायर-ट्यूब और रिम से निकले लोहे के टुकड़े लगने से दंपति गंभीर घायल हो गए। परिजन आनन-फानन उन्हें बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर देख पत्नी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने बताया कि उनका उपचार जारी है अभी फिलहाल हालत गंभीर बनी हुई है।

### 24 बाइक सवारों को बांटे हेलमेट

**पुरवा।** लक्ष्मी फाउंडेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगतखेड़ा-कांथा मार्ग पर रायपुर गांव के पास संस्था के चेयरमैन अनिल कुशवाहा ने संस्था के अन्य लोगों के साथ मिलकर बिना हेलमेट जा रहे दो दर्जन बाइक सवारों को हेलमेट बांटे। अनिल कुशवाहा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का सभी को पालन करना चाहिए। जीवन अनमोल है। उन्होंने बाइक सवारों से बिना हेलमेट न चलने, चार पहिया वाहन वालों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील भी की। इस दौरान अजय, शिवम, शशांक, संतोष, मोहन, सचिन आदि रहे।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़े का हुआ समापन

**उन्नाव।** राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी, जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता में विजेताओं को प्राचार्य डॉ. मीता अरोरा द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में वैष्णवी पाल प्रथम, दीपिका द्वितीय, दुर्गेश ने तृती, निबंध में दीपिका, दुर्गेश, ज्योत्सना ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अमित कुमार रहे। इस अवसर पर प्रो. हर्षेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. नीलिमा नागर, डॉ. मनोज त्रिवेदी, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. अयाज खलील, डॉ. आलोक आदि रहे।

## कीटनाशक निगल कर युवक ने दी जान

**उन्नाव।** पारिवारिक कलह से ऊबकर कीटनाशक निगलने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए युवक ने डिस्चार्ज होकर घर पहुंचने पर गुरुवार को फिर से जहरीला पदार्थ निगल लिया। लेकिन इस बार सीएचसी पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई।

माखी थानाक्षेत्र के खत्रिन खेड़ा गांव निवासी सुनील रावत (27) पुत्र मुन्नीलाल दिल्ली में मजदूरी करता था। पिता का हार्निया का आपरेशन कराने के लिए वह बुधवार को गांव आया था। जहां उसके पिता के ऑपरेशन में रुपए खर्च करने से मना करने पर पत्नी सावित्री से कहासुनी इतनी बढ़ गई कि उसने पत्नी की पिटाई कर दी। इसके बाद सुनील ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल ले गये गुरुवार सुबह हालत में सुधार होने पर डॉक्टर ने उसे डिस्चार्ज कर दिया। घर पहुंचकर उसने फिर से जहरीला पदार्थ निगल लिया। लेकिन इस बार अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।



जलसे के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

## शेख अब्दुल कादिर जिलानी की याद में हुआ जलसा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** 11वीं शरीफ के मौके पर नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा स्थित हुसैनी मस्जिद में बीती रात शेख अब्दुल कादिर जिलानी की याद में जलसे का आयोजन किया गया।

हाफिज मोहम्मद आसिफ की कुरआने पाक की तिलावत से जलसे का आगाज हुआ। हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना व कारी मोइनुद्दीन कादरी ने बड़े पीर की शान में कहा कि जिस तरह सारे नबियों में सबसे आला मरतबा प्यारे आका सरकारे दो जहां का है। जिन्हें इमामुल अंबिया कहा गया है। इसी तरह सारे पीरों में सबसे आला मरतबा पीराने पीर दस्तगीर शेख अब्दुल कादिर जिलानी का है। जिन्हें इमामुल औलिया कहा गया है। बताया कि बड़े पीर दस्तगीर को अल्लाह ने वह मरतबा अता किया है जो किसी पीर को अता नहीं है। प्रोग्राम के आखिर में फातिहा हुई। इस दौरान समाजसेवी फजलुर्रहमान, हबीबुल रहमान बाबूजी, नबीदाद खान, अख्तर अली, जान मोहम्मद, ताहिर अली, दिलशाद, दीन मोहम्मद, आशिक अली, मो. इसहाक, अजीजुर्रहमान आदिल, अकरम आदि रहे।

## सफीपुर पुलिस ने भारी मात्रा में पटाखों के साथ युवक को पकड़ा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखों के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी के निर्देश पर जिले भर में चलाए जा रहे अपराध व अपराधियों के खिलाफ अभियान के अंतर्गत सफीपुर पुलिस ने हसीन अहमद पुत्र कल्लू निवासी किठारिया ककसा को भारी मात्रा में अवैध पटाखों के साथ हिरासत में लिया। यह पटाखे आरोपी की दुकान से जब्त किए गए। जहां वह अवैध रूप से इनका व्यापार कर रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, दरोगा अनुपम सिंह भदौरिया, कांस्टेबल राघवेंद्र गुर्जर और कांस्टेबल मुकेश मौर्य शामिल थे।

**10 लाख के पटाखा के साथ युवक को दबोचा :** पुरवा। मौरावां कस्बा के मोहल्ला पटकी टोला में सचिन पुत्र वीरेंद्र मिश्रा उर्फ पुतिया के घर से पुलिस को पटाखों का जखीरा मिला। एसओ मौरावां चंद्रकांत सिंह ने बताया कि उन्हें और एसडीएम पुरवा उदित नारायण को सूचना मिली कि कस्बे के मोहल्ला पटकी टोला में सचिन के घर पर भारी मात्रा में पटाखा मौजूद हैं। इसके बाद उन्होंने एसडीएम व फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जिसमें भारी मात्रा में पटाखा बरामद हुआ। बताया कि बरामद पटाखों की कीमत करीब 10 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर से ही सचिन को गिरफ्तार कर थाने लाई है।



मौरावां में पटाखा बरामद कराते एसडीएम व एसओ। अमृत विचार

### अवैध पटाखा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज।** पुलिस ने पर्व के अवसर पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के तहत गंगाघाट कोतवाली में एक मकान पर छापेमारी की। पुलिस ने राजमार्ग स्थित गौसपुरा जामा मस्जिद के पास छापे के दौरान भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए। इस कार्रवाई में 14 डिब्बा शॉट पटाखा, 50 डिब्बा बड़ी फुलझड़ी, 10 डिब्बा मेहताब, 3 डिब्बा विंग जवान, एक डिब्बा राउंड चकरी, और 12 डिब्बा पटाखे शामिल हैं। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह के अनुसार, पुलिस ने तारा बाबू पुत्र स्व. मोहम्मद तलीफ के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसपी के निर्देश पर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दीवान की पत्नी ने एसडीएम पर लगाया बिजली कटवाने का आरोप

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- एसडीएम बोले, चार साल पूर्व गैर जिला ट्रांसफर होने के बाद भी आवास नहीं छोड़ रहा है दीवान

**अमृत विचार।** गुरुवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें गैर जनपद ट्रांसफर हुए एक दीवान की पत्नी ने एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

हसनगंज कस्बा के बाहर एसडीएम आवास के पास बनी कॉलोनी मैं गैर जनपद ट्रांसफर हुए दीवान सतीश राय की पत्नी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में दीवान की पत्नी बता रही है कि एसडीएम रामदेव निषाद ने उससे आवास खाली करने को कहा था। जिस पर तीन दिन पूर्व एसडीएम के पास उसकी 10 वर्षीय बेटी लाडो आवास न खाली कराने की विनती करने गई थी। इसके बाद गुरुवार दोपहर 2 बजे कार्यवाहक तहसीलदार आशुतोष पांडे व जेई विद्युत दिव्यांशु को भेजकर उसके आवास का विद्युत कनेक्शन कटवा दिया। पूछने पर बताया गया कि यह कार्रवाई एसडीएम के निर्देश पर की गई है।

इस बारे में एसडीएम ने बताया कि सतीश राय करीब 12 वर्ष पूर्व हसनगंज कोतवाली में सिपाही के रूप में तैनात थे। उनका चार साल पहले अन्य जिला में ट्रांसफर हो चुका है। किंतु सरकारी कॉलोनी में नायब तहसीलदार हेतु आरक्षित आवास पर अभी भी उसने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिसे खाली कराने को वर्ष-2021 से उसे लगातार नोटिस भेजी जा रही है किंतु वह आवास खाली नहीं कर रहा है। इसके बाद उसे अंतिम नोटिस 30 सितंबर को जारी की गई थी।

इसी क्रम में 15 अक्टूबर को दोबारा आदेश जारी कर टीम गठित की गई। जिसमें विद्युत व पुलिस विभाग और मजिस्ट्रेट के रूप में तहसीलदार हसनगंज को नामित किया गया। इसके बाद गुरुवार को अवैध रूप से काबिज होने पर उस आवास की बिजली कटवाई गई है। इसी से नाराज होकर उनके परिवार द्वारा आरोप लगाए गए हैं।

## सार-संक्षेप



चोरी की बैटरियों के साथ पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

### ई-रिक्शा की बैटरी के साथ दो को दबोचा

**सफीपुर।** पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा है। सफीपुर पुलिस के अनुसार, इसमें अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव निवासी नूर आलम पुत्र नवी अहमद व सफीपुर कोतवाली अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला सोहरवा तालाब निवासी दानिश पुत्र मुन्ना को पकड़ा गया है। दरोगा अनुपम सिंह भदौरिया ने कांस्टेबल मुकेश मौर्य व राघवेंद्र गुर्जर के साथ इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### अखंड रामायण पाठ के साथ हुआ विशाल भंडारा

**औरास।** कस्बा के मोहल्ला अटलनगर निवासी अनुज मिश्रा द्वारा अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसके समापन पर भव्य दीपयज्ञ कराया गया। जिसमें दूर-दूर से लोगों ने पहुंचकर हिस्सा लिया। वहीं, दीपयज्ञ के बाद एकलव्य नवोदय कोचिंग इंस्टिट्यूट व कॉन्फिडेंस मांटेसरी स्कूल के संस्थापक ने विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने प्रतिभाग किया तथा सभी लोगों ने इस विशाल एवं भव्य आयोजन हेतु अनुज मिश्रा को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

### प्रियंका पर अपमानजनक टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी

**बांगरमऊ उन्नाव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य कृष्णपाल सिंह यादव ने प्रदेश सरकार के एक राज्यमंत्री द्वारा पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी किये जाने पर गहरा आक्रोश जताया है। उन्होंने राज्यमंत्री की अनर्गल भाषा की घोर निन्दा की है। बिछिया ब्लाक के पूर्व प्रमुख व जिला सहकारी संघ के डायरेक्टर कृष्णपाल यादव ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वह प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ की गई अपमान जनक टिप्पणी की निन्दा करते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल यादव द्वारा संबंधित राज्यमंत्री के बंगले पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया जा चुका है। उनका कहना है कि अब कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के किसी सम्मानित नेता के विरुद्ध अपमान जनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे ।

## सई नदी पुल की मरम्मत शुरू, संकेतक न होने से हैवी वाहनों को हो रही परेशानी

**औरास।** संडीला-चकलवंशी मार्ग पर औरास कस्बा के पास स्थित सई नदी पर बने पुल की मरम्मत का कार्य दोबारा तेजी से शुरू कर दिया गया है, जिसके चलते पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया गया है। किसी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था न होने से आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि अभी इस पुल से दो पहिया वाहन व राहगीरों को निकलने की सहूलियत दी गई है।

वहीं चौपहिया वाहन, ट्रक व डंपर आदि बड़े वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। किंतु कस्बा में रूट डायवर्जन का संकेतक न लगा होने से वाहन वहां तक पहुंच जा रहे हैं।

जिससे कस्बा व गलियों में जाम की स्थिति बनी हुई है। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि वाहनों के सुगम यातायात के लिए डाइवर्जन को लेकर संकेतक जल्द ही लगवा दिए जाएंगे। जिससे वाहन चालक सरलता से गंतव्य तक जा सकें।

## पुलिस ने महिलाओं को बताए उनके अधिकार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के अंतर्गत सिकंदरपुर करन ब्लाक में महिलाओं को विषम परिस्थितियों से निपटने व शासन द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

एएचटीयू थाना के इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने दरोगा शैलेश यादव के साथ बीघापुर कोतवाली व अचलगंज थाने की महिला आरक्षियों की मौजूदगी में सिकंदरपुर करन ब्लाक में गुरुवार को समन्वय बैठक की।



कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकार बताते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

जिसमें ग्राम प्रधानों, आशा बहू, आईटीआई छात्राओं सहित मौजूद महिलाओं को महिला सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही उन्हें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न व अन्य अपराधों के संबंध में कानूनी अधिकारों व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध बचाव के लिए जागरूक किया गया।

चिंता की बात — नवीन पुल के दोनों ओर लोहे की जालियां लगने से रोकी जा सकती हैं आत्महत्याएं, कुछ लोगों को गोताखोरों ने जान की बाजी लगा कर बचाया

# नवीन पुल बना सुसाइड प्वाइंट, 20 माह में 20 ने लगाई गंगा में छलांग

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

- पारिवारिक कलह, बीमारी व कर्ज से परेशान होकर लोग उठा चुके हैं आत्मघाती कदम
- गंगा में कूदे कई लापता लोगों का आज तक नहीं लगा सुराग अभी भी परिजन हैं बेहाल

**अमृत विचार।** कानपुर और शुक्लागंज को जोड़ने के लिये गंगा नदी पर बना नवीन पुल धीरे-धीरे सुसाइड प्वांइट बनता जा रहा है। पिछले 20 माह के यदि आंकड़े देखे जायें तो 20 लोगों पुल से गंगा में कूद चुके हैं। जिसमें कुछ को गोताखोरों ने बचा लिया तो कुछ के शव कई दिन बाद मिले। वहीं कुछ लापता हो गये।

गंगा नदी पर बना नवीन पुल पिछले 20 महीनों में आत्महत्या के मामलों का केंद्र बन गया है। इस पुल से 20 लोगों ने गंगा में कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की है। इनमें से कुछ को गोताखोरों ने बचा लिया, जबकि कई के शव कुछ दिनों बाद ही बरामद हुए। वहीं, कुछ लोग अब भी लापता हैं, जिनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उनके परिजनों की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जो अपने खोए हुए रिश्तेदारों की तलाश में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, आत्महत्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं। पारिवारिक कलह, बीमारियों से थकावट, कर्ज व प्रेमी के द्वारा फोटो वॉयरल करने से परेशान होने की समस्या जैसे मुद्दे लोगों को इस कदर परेशान कर रहे हैं कि वे आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए, पुल के दोनों ओर लोहे की जालियां लगाने का प्रस्ताव उठाया गया है। यदि यह सुरक्षा उपाय लागू होते हैं, तो इससे आत्महत्याओं की संभावनाएं कम हो सकती हैं। नवीन पुल को एक सुसाइड प्वाइंट से बचाने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।



नवीन पुल पर इस तरह कम ऊंची बनी है रेलिंग। अमृत विचार

### जाजमऊ पुल से भी हुई हैं आत्महत्याएं

- गंगाघाट क्षेत्र में हाइवे स्थित जाजमऊ के पुराने और नए पुल से भी कई लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया है। यहां भी कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। यह स्पष्ट है कि क्षेत्र के पुलों से आत्महत्याओं का मामला एक गंभीर चिंता का विषय है।

### बाढ़ के दौरान बढ़ जाते हैं मामले

- गंगा की बाढ़ के दिनों में आत्महत्याओं के मामलों में इजाफा होता है। जब नदी उफान पर होती है, तब लोग सीधे पुल से छलांग लगा देते हैं, और तेज बहाव के चलते उनका पता नहीं चल पाता। यह स्थिति और भी गंभीर बन जाती है जब लोग मानसिक तनाव में होते हैं और उन्हें कोई रास्ता नजर नहीं आता।

### सुरक्षा जालियों की आवश्यकता

नवीन पुल से हर माह आत्महत्या की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में, कानपुर और उन्नाव जिला प्रशासन को चाहिए कि वे पुल के दोनों ओर लोहे की जालियां लगवाने की पहल करें। इससे आत्महत्या की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### राहगीरों ने एक दर्जन से अधिक लोगों को बचाया

हर माह एक से तीन लोग गंगा में कूदने का प्रयास करते हैं। हालांकि, पुल पर आने-जाने वाले राहगीर अक्सर उनकी नजरों में आ जाते हैं और वे समय पर मदद कर देते हैं। इसके बाद पुलिस को सूचित किया जाता है, जो उन्हें समझा-बुझाकर उनके परिजनों के पास वापस भेज देती है।

### इन लोगों ने नवीन पुल से गंगा में लगाई छलांग

- **23 सितंबर 2024 :** फेथफुलगंज निवासी गोल्फ क्लर्क अंकुर यादव ने छलांग लगाई
- **2 सितंबर 2024 :** चंपापुरवा निवासी राजेश ने छलांग लगाई
- **29 अगस्त 2024 :** 42 वर्षीय अज्ञात युवक ने लगाई गंगा में छलांग
- **5 अगस्त 2024 :** कानपुर लालकुर्ती निवासी मोना बाल्मीक और छबीले पुरवा के शेरखान कूदे, शेरखान बच गया मोना लापता हो गया।
- **11 जुलाई 2024 :** पति की पटाई से क्षुब्ध 50 वर्षीय महिला कूदी, गोताखोरों ने बचाया
- **6 जुलाई 2024 :** नेहरू नगर निवासी युवक ने गंगा में लगाई छलांग, गोताखोरों ने बचाया
- **15 जून 2024 :** बहन से विवाद होने पर कानपुर गड़रियन पुरवा निवासी आरती पुल से कूदी
- **2 जून 2024 :** कानपुर बेकनगंज निवासी अबुल हसन ने सुबह के समय पुल से लगाई छलांग
- **29 अप्रैल 2024 :** आजाद नगर निवासी 19 वर्षीय करन ने देर रात गंगा में छलांग लगाई
- **6 फरवरी 2024 :** कानपुर के रिजवी रोड निवासी रुख्सार ने बीमारी से ऊबकर छलांग लगाई, गोताखोरों ने बचाया
- **22 नवम्बर 2023 :** औरैया निवासी शिवप्यारी (75) ने छलांग लगाई, गोताखोरों ने बचाया
- **20 नवम्बर 2023 :** कर्ज से परेशान होकर श्री नगर निवासी श्रेयांश मिश्रा कूदा
- **5 अक्टूबर 2023 :** शुक्लागंज की महिला ने गंगा में लगाई छलांग
- **5 सितंबर 2023 :** उन्नाव के राजेपुर निवासी देवेंद्र मौर्य ने पुल से छलांग लगाई, शव बक्सर घाट पर मिला
- **2 जुलाई 2023 :** कानपुर फेथफुलगंज निवासी जैनब फातिमा ने छलांग लगाई, गोताखोरों ने बचाया
- **30 मई 2023 :** बालूघाट मोड़ निवासी 21 वर्षीय युवती ने छलांग लगाई
- **29 मई 2023 :** बहन से झगड़कर गड़रियन पुरवा निवासी 21 वर्षीय युवती ने छलांग लगाई
- **7 अप्रैल 2023 :** नगर की एक युवती की फोटो वॉयरल करने की धमकी देने पर पुल से गंगा में कूदी
- **14 मार्च 2023 :** युवती ने पारिवारिक कलह के चलते लगाई छलांग

# नाभि में तीर लगते ही गिरा लंकेश, असत्य पर सत्य की हुई विजय

**श्री रामलीला महोत्सव**

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के साकेत धाम में गुरुवार को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा मनाया गया। परंपरा के अनुसार नगर की सबसे पुरानी रामलीला में शरद पूर्णिमा पर रावण का पुतला दहन किया गया।

शहर के साकेत धाम में रावण वध की लीला का मंचन किया गया। इसमें दिखाया गया कि लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण की युद्ध में मृत्यु होने के बाद रावण ने स्वयं राम से युद्ध करने का निर्णय लिया। इसके बाद वह युद्ध के मैदान में उतरा। राम व रावण के बीच भीषण युद्ध होने लगा। दोनों ओर से तीरों की बौछार हो रही थी। राम ने रावण पर सभी प्रकार के शस्त्रों का प्रयोग किया लेकिन रावण पर उनका कोई भी असर नहीं पड़ा। इसके बाद विभीषण ने प्रभु राम को बताया कि वह रावण की नाभि में प्रहार करें तो हो उसकी मृत्यु संभव है। राम ने रावण की नाभि पर निशाना साधकर एक साथ 31 वाण चलाए तो रावण धरा पर गिर गया। रावण के पराजित होते ही चारों ओर राम-लक्ष्मण की जय-जयकार होने लगी। इसके बाद रावण के विशालकाय 60 फिट के पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। आकाशीय आतिशबाजी के बीच जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। मेले में लगे झूलों ने भी बच्चों को अपनी ओर खूब लुभाया । वही रामलीला मैदान में बनाये गये पहाड़ों के बीच मां वैष्णो देवी मंदिर व चारों धाम के लोगों ने दर्शन क़र पूजन अर्चन की। रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय राठी, महोत्सव संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी, कोषाध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी, मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्याम, संरक्षक प्रमोद शुक्ला, मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सिंह सेंगर, विनोद शर्मा, संजीव गुप्ता राजा, इंदु प्रकाश अवस्थी, गिरीश चंद्र शुक्ला, अनूप शुक्ला, मनीष पांडेय, कौशल किशोर यादव, डॉ प्रभात सिन्हा, प्रेम मिश्रा , प्रचीन्द्र मिश्रा, शरद मिश्रा, शिवम तिवारी व राहुल कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



राम व रावण के बीच होता युद्ध। अमृत विचार



धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

### प्रभु श्रीराम ने किया रावण वध, लगे जयकारे

**फतेहपुर चौरासी।** नगर पंचायत के मोहल्ला नेहरू नगर में रघुवंश रामलीला समिति के बाजपेई बंधुओं द्वारा आयोजित रामलीला मे बुधवार पांचवें दिन धनुष यज्ञ लीला का आयोजन किया गया। धनुष यज्ञ की लीला में शिव धनुष टूटते ही मेला परिसर में जय श्री राम का उद्घोष गूंजने लगा। शिव धनुष टूटने की गर्जना सुन ऋषि परशुराम मिथिलापुरी पहुंच गए तथा क्रोधित होते हुए। शिव धनुष को भंग करने वाले को मृत्यु दंड देने की घोषणा करने लगे। परशुराम का लक्ष्मण के बीच हुए संवाद में करुण रस तथा वीर रस में कह गए संवादों ने दर्शकों को रोमांचित किया। देर शाम रावण वध के बाद जहां मेला परिसर जय श्रीराम के घोष से गूंज उठा। वहीं मेला परिसर में ही बनाए गए रावण के पुतले को भी जलाया गया। रामलीला आयोजन समिति में राधेश्याम बाजपेई, राजकुमार बाजपेई, रवि शंकर, उमाशंकर, मनीष, कुमकुम, जितेंद्र, विनीत, लल्लन बाजपेई आदि मौजूद रहे।



शंकरपुर में लीला का मंचन करते पात्र। अमृत विचार

### साधू का वेश धारण का रावण ने सीता का किया हरण

**शुक्लागंज उन्नाव।** अशोक वाटिका श्री राम लीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में कराई जा रही रामलीला के दौरान गुरुवार को सीताहरण और जटायु रावण युद्ध की लीला हुई। कुटिया में सीता को न देख राम-लक्ष्मण वन की ओर सीता को खोजने निकले। शंकरपुर में चल रही रामलीला के दौरान गुरुवार को पात्रों ने रामलीला का मंचन किया। जहां रावण साधु के वेश धारण कर भीक्षा मांगने पहुंचता है। लक्ष्मण रेखा लांघते ही रावण सीता का हरण कर भाग गया। इसके बाद वन से राम और लक्ष्मण वापस कुटिया में आते हैं। सीता को न पाकर राम को अनिष्ट की आशंका हो जाती है। राम विलाप करते हुये सीता जी को खोजते है। इसी दौरान उन्हें गंभीर रूप से घायल पक्षीराज जटायु दिखते है। वह उन्हें बताते हैं कि रावण नाम का राक्षस सीता जी का हरण कर दक्षिण दिशा की तरफ गया है। राम दक्षिण दिशा की तरफ बढ़ जाते है। इस मौके पर नरेंद्र नरायन, दीपनरायण त्रिवेदी, गोपाल, ओम नरायन, संजय, अरूण, आशुतोष त्रिवेदी, हरी सविता, रमेश, अतुल अवस्थी, श्याम दुलारे अवस्थी, आयुष बाजपेयी मौजूद रहे।

## एक नजर

### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लोगों से ठगे 8-8 लाख

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव अहिमाखेड़ा के मजरा मकूर अंतर्गत अहिमाखेड़ा निवासी 3 युवकों ने मुकदमा दर्ज कराया कि रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे 8-8 लाख रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया गया। जब उन्हें इसका पता चला तो उन लोगों ने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। गांव मकूर के मजरा अहिमाखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार, सूरज व रंजीत ने दर्ज कराए मुकदमा में बताया कि उन लोगों को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर पाली घाटमपुर थाना बीघापुर निवासी राजन उर्फ राजेंद्र पुत्र सूरजपाल और उनके दो साथियों ने 8-8 लाख रुपये ले लिये और फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। इसके बाद उन्हें ट्रेनिंग के लिये लखनऊ भी भेजा। जहां उन्हें पता चला की नियुक्ति पत्र फर्जी है। इस पर उन लोगों ने राजन से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने उन लोगों को गाली देकर भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक को दबोचा

**फतेहपुर चौरासी।** थाना में तैनात दरोगा योगेंद्र प्रताप सिंह आरक्षी आकाश सिंह के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेंकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर माखन खेड़ा जाने वाले मार्ग स्थित तिराहा से दयाशंकर उर्फ दयालू निवासी गांव हरदासपुर फतेहपुर चौरासी को एक तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

### देवरानी-जेठानी के बीच मामूली विवाद पर मारपीट

**शुक्लागंज उन्नाव ।** गंगाघाट कोतवाली के सहजनी गांव में गुरुवार दोपहर एक मामूली बात को लेकर देवरानी और जेठानी के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों महिलाएं घायल हो गईं। घटना की जानकारी के अनुसार, मिथलेश की पत्नी मोनी और मुकेश की पत्नी मोनी की जेठानी हैं। देवरानी छत पर तख्त बनवा रही थी, जब तेज आवाज सुनकर उसने अपने बेटे को देवरानी के पास भेजा और कहा कि उसकी तबियत खराब है। इस पर जेठानी ने चिढ़ाते हुए कहा, क्या तुम्हारे ऊपर छत गिर जायेगी? इसी बात पर दोनों में झगड़ा बढ़ गया और मामला लाठी-डंडे तक पहुंच गया। दोनों घायलावस्था में कोतवाली पहुंची और एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने मेडिकल जांच कराकर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

**नित्य आरती सेवा समिति ने मां गंगा की महाआरती कर बांटा प्रसाद**

# शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई समेत तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से पूर्व में किए गये पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके साथ ही सभी ने गंगा को स्वच्छ बनाये रखने का संकल्प लिया। वहीं पूर्णिमाओं में शरद पूर्णिमा अनूठी है। उस दिन कामदेव और रति का जादू प्रकृति पर सर्वत्र छाया नजर आता है। साधु, गृहस्थ, युवा, बूढ़े नई ऊर्जा से भरे होते हैं। प्रथम पूज्य गणेश नृत्य गणपति बन देवता, मनुष्य, पशु-पक्षी सबके साथ मधुर संगीत की सुर-ताल के बीच मस्ती में नाच रहे होते हैं। कोई विघ्न नहीं है।



शरद पूर्णिमा पर गंगा तट पर मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### महारास खेलने में मग्न हो जाते हैं राधा-कृष्ण

शरद पूर्णिमा के दिन समूची सृष्टि राधे-कृष्ण, राधे-कृष्ण कर रही होती है। चंद्र देव अपनी 27 पत्नियों- रोहिणी, कृत्तिका आदि नक्षत्रों के साथ अपनी पूरी कलाओं से भरे इस रात सभी को तृप्त करने में जुट जाते हैं। राधा-कृष्ण दोनों शरद पूर्णिमा को महारास खेलने में मग्न हो जाते हैं। इन्द्र और महालक्ष्मी पूजन करते हुए कोजागर व्रत भी संपन्न होता है। पूरी रात जागना होता है एकाग्रचित होकर ईश्वर की आराधना में। चंद्रमा भी एकटक राधा-कृष्ण को महारास करते देखता रहता है।

### नित्य गंगा आरती सेवा समिति ने की महाआरती

शरद पूर्णिमा के अवसर पर शाम को नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से सुबह से ही गंगा की सफाई कराई और शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे। महाआरती के समय हजांरों श्रद्धालु मौजद रहे।

# खाद की 68 दुकानों पर की गई छापेमारी

**बिछिया (उन्नाव)।** जिले में प्रमुख सचिव कृषि के निर्देश पर कृषकों के गुणवत्ता खाद के उचित दर पर उपलब्ध करने हेतु गठित पांच टीमों ने जनपद में खाद की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 68 दुकानों में जांच की गई और 18 दुकानों से खाद के नमूने लिए गए। उप कृषि निदेशक डॉ. मुकुल तिवारी ने हसनगंज, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने पुरवा व बीघापुर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने सफीपुर और भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार ने बांगरमऊ व वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए कृषि ने सदर तहसील क्षेत्र की खाद की दुकानों में छापा मारा। सभी तहसील क्षेत्र के एसडीएम टीम के साथ रहे। अधिकारियों ने छह तहसीलों में दुकानें चेक की। इस दौरान संदिग्ध खाद मिलने पर 18 नमूने लिए। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एटीएस कमांडो आशीष दीक्षित ने गरुण पर्वत पर फहराया तिरंगा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कर्मी बिझलामऊ निवासी पर्वतारोही व एटीएस कमांडो आशीष दीक्षित ने उत्तराखंड के चमोली जिला स्थित 6000 मीटर ऊंची गरुण पर्वत चोटी पर सफलतापूर्वक आरोहण किया। उन्होंने यह अभियान 7 से 15 अक्टूबर के बीच आयोजित किया। जिसमें 13 अक्टूबर को चोटी पर चढ़ाई पूरी की। आशीष ने जोशीमठ से अपनी चढ़ाई की शुरुआत की और भारतीय तथा उत्तर प्रदेश पुलिस का ध्वज फहराया।

आशीष ने 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के रूप में भर्ती होकर पूरा किया। इसके बाद उन्होंने कमांडो ट्रेनिंग प्राप्त की और एटीएस कमांडो यूनिट में शामिल हुए। आशीष ने विभिन्न पर्वतारोहण प्रशिक्षण भी लिया है और कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय चोटियों को फतह किया है। उनकी प्रमुख सफलताओं में लेह में माउंट कांगड़ी (6152 मीटर), कांग यात्से द्वितीय (6250 मीटर), हिमाचल में माउंट यूनम (6111 मीटर) और माउंट फ्रेंडशिप (5287 मीटर) शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, उन्होंने माउंट किलिमंजारो (5895 मीटर) और रूस की माउंट अल्बर्स (5692 मीटर) पर भी सफलता पाई। आशीष को 2020 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक का रजत पदक भी मिल चुका है। वे उन्नाव जनपद के कर्मी बिजलामऊ निवासी स्वर्गीय श्री अवधेश दीक्षित के पुत्र हैं और वर्तमान में एटीएस लखनऊ यूनिट में तैनात हैं।



गरुण पर्वत पर मौजूद आशीष दीक्षित।

# प्रदूषण अधिकारियों ने उद्यमियों से की वार्ता

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** आईआईए सभागार में गुरुवार को डॉ. अनिल माथुर क्षेत्रीय अधिकारी उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ उद्यमियों की बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से उद्यमियों की प्रदूषण बोर्ड से संबंधित कठिनाइयों पर विचार किया गया।

बैठक में मोहन बंसल चेयरमैन व जीएन मिश्र ने कहा कि पुराने गैर प्रदूषणकारी उद्योगों द्वारा जब विभाग में कंसेंट के लिए आवेदन किया जाता है। तब से फीस की मांग की जाती है, इससे उद्योगों पर आर्थिक भार पड़ने के कारण कई उद्यमी एवं व्यवसायी अपना आवेदन नहीं कर पाते हैं। इस पर क्षेत्रीय अधिकारी कहा कि सभी आवेदन अब ऑनलाइन ही होते हैं। जो भी फीस या शुल्क शासन स्तर पर निर्धारित किये जाते हैं। उनसे उसी अनुरूप फीस ली जाती है। बैठक में मौजूद उद्यमियों व आईआईए पदाधिकारियों ने कहा कि जब कभी सीईटीपी के नमूनों की जांच की जाती है और वहां के नमूने में कमी निकलती है तो उसकी सदस्य इकाइयों पर भी कार्रवाई कर दी जाती है। इस पर क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि सीईटीपी आदि की जांच कई एजेन्सियों द्वारा की जाती है। वही उद्यमियों की बैठक में कहा गया कि माघ मेला अवधि में पूर्व में सूखा कार्य करने की अनुमति विभाग द्वारा उद्योगों को दी जाती थी, परन्तु अब एक तरफा रूप से सभी उद्योगों को बन्द करने के निर्देश जारी कर दिये जाते हैं। बैठक में प्रदूषण विभाग से महेश कश्यप, उद्यमियों व आईआईए के चेयरमैन मोहन बंसल, एके माहेश्वरी, जीएन मिश्र आदि मौजूद रहे।



उद्यमियों की समस्याएं सुनते प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी। अमृत विचार

# फंदे पर लटका मिला राजमिस्त्री का शव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पीएम हाउस पहुंचे बेटे ने पिता के साथ अनहोनी होने की जताई आशंका

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंबिकापुरम में एक मकान के पीछे खाली पड़े प्लॉट में एक राजमिस्त्री का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

मृतक की पहचान 50 वर्षीय मटरू के रूप में हुई है, जो मूलरूप से चौरौली थाना खीरो, रायबरेली का निवासी था। मटरू हाल ही में अनूप बाजपेई के यहां दीवार में प्लास्टर का काम कर रहा था। बुधवार को काम खत्म करने के बाद चला गया। गुरुवार सुबह, पड़ोसी अमित पांडे ने रमाशंकर मिश्रा के खाली प्लॉट पर सरिया और प्लास्टर के लिये बंधे पाड़ पर लटकते शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि मटरू की हत्या की गई है। उनके बेटे अंशू ने बताया कि मटरू पिछले पांच महीनों से उन्नाव में मिस्त्री का काम कर रहे थे और ठेकेदार के अधीन काम कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर ध्यान दे रही है। वहीं अनूप बाजपेई ने बताया कि मृतक भातू फार्म में रहने वाले देवेन्द्र के घर रहता था, तीन दिन पहले ही उनके मकान का प्लास्टर करने के लिये आया था।

## सार-संक्षेप



जागरण के दौरान भजन प्रस्तुत करते गायक। अमृत विचार

### चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार आनंद नगर में मां भगवती का विशाल जागरण का आयोजन कराया गया। जहां जागरण में भक्ति गीतों से हर कोई झूमने लगे। सुबह जागरण के समापन के बाद कन्या पूजन हुआ। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। नगर के आनंद नगर में देवी जागरण के दौरान माता का भव्य श्रृंगार कराया गया। जिसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। देर रात भजन गायको ने देवी गीत गाये। जिसमें बेटा बुलाए झट दौड़ी चली आई मां, माता ने बुलाया है, हम तो चले मां के द्वार, माता अपने चरणों में शरण दे दो, देवी मां जग की माता है, हम सब मां के सेवक हैं, शेरों वाली पहाड़ों वाली आदि भजनों पर वहां उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। इसके साथ ही गणेश वंदना, शिव तांडव, राधा कृष्ण झांकी व दुर्गा मां के विशेष दर्शन कराये गये। सुबह जागरण के समापन के बाद कन्या पूजन हुआ। जिसके बाद भंडारा हुआ। जो सुबह से शाम तक अनवरत चलता रहा।



संगोष्ठी में कवि को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

### ...जिस तरह से यूपी से बसपा चली गई : अनुभव अज्ञानी

**उन्नाव।** शहर के निराला पार्क में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर काव्य गोष्ठी और साहित्य सेवा में रत शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन परिषद के संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव व अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने महर्षि वाल्मीकि और मां शारदे के चित्र पर माला पहनाकर किया। इसके बाद अविजित अमन ने पढ़ा तुम्हें तो बस मोहब्बत करनी है, मुझे अपना घर भी देखना है अनुभव अज्ञानी ने गई मेरी जान मुझे इस तरह छोड़ के, जिस तरह से यूपी से बसपा चली गई पढ़कर खूब हंसाया। परिषद के महामंत्री राहुल वर्मा ने उर्मिला का चित्रण करते हुए वाल्मीकि जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इसके अलावा वरिष्ठ कवि शिव बालक राम सरोज, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. विनय तिवारी, विनीत, दीपेंद्र सिंह आदि ने काव्य पाठ व विचारों से संगोष्ठी को सफल बनाया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुरेश फक्कड़ ने की। गोष्ठी में डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री, शिवबालक राम सरोज, आलोक अवस्थी, डॉ. श्रीकेश पांडेय, अवधेश श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों व साहित्यकारों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। गोष्ठी का संचालन डॉ प्रभात सिन्हा ने किया। इस दौरान राकेश द्विवेदी, नीरज सिंह, विनय दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### एबीसी डालने पर बिजली आपूर्ति ठप

**शुक्लागंज उन्नाव ।** गुरुवार को बिजली विभाग ने पश्चिमी क्षेत्र गोताखोर और सुभाष नगर में एलटी तार बदलने का कार्य किया, जिसके कारण करीब आठ घंटे तक तीन हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ठप रही। यह स्थिति सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक बनी रही, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, खासकर पानी की किल्लत के कारण लोग ज्यादा परेशान हुए।

**देखी व्यवस्था** | मिली खामियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दिए निर्देश, जिलाधिकारी के जाने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने ली राहत की सांस

# जिलाधिकारी को पीएचसी के निरीक्षण में मिलीं तमाम खामियां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुर्वेदिक डॉक्टर के सहारे मरीजों की ओपीडी की जा रही थी। इस खबर को आपके अमृत विचार ने गुरुवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसे उन्नाव जिलाधिकारी ने संज्ञान में लिया और गुरुवार सुबह औचक पीएससी का निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों से ओपीडी की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने कोल्ड स्टोर रूम का निरीक्षण किया जहां तमाम प्रकार की खामियां मिलीं उन्होंने कमियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए।

सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जिलाधिकारी गौरांग राठी ने स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक दौरा किया, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। दौरे की शुरुआत में उन्होंने दवा लेने के लिए लाइन में पर्चा बनवाने वाले मरीजों से हाल-चाल लिया। इसके बाद, कुत्ता काटने के कक्ष में जाकर रेबीज के इंजेक्शनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। दवा वितरण काउंटर पर फार्मासिस्ट अवनीश मिश्रा से दवाइयों की उपलब्धता के बारे में चर्चा की। जिलाधिकारी ने दूसरी मंजिल पर ओपीडी में कार्यरत डॉ. रश्मि वर्मा से मरीजों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वे जांच केन्द्र पहुंचे, जहां डेंगू और मलेरिया की जांच के डाटा और चार्ट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नेत्र परीक्षक ऋतु ओमर से भी जानकारी ली और मरीजों से संवाद करते हुए यह सुनिश्चित किया कि उन्हें दवाइयां ठीक से मिल रही हैं या नहीं। दौरे के दौरान डीएम कोल्ड चेन कक्ष में पहुंचे, जहां अनियमितताएं मिलीं। बेसिक हेल्थ वर्कर मोहम्मद इशरार को अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने कार्रवाई करने की बात कही। इसी बीच, इशरार उन्नाव से वैक्सीन लेकर पहुंचे, जिससे जिलाधिकारी ने जानकारी ली। इस दौरान, सरोसी के डॉ. विकास आनंद भी मौके पर आए और जिलाधिकारी ने उनसे भी जानकारी हासिल की। जिसके बाद सीएमओ से फोन पर वार्ता कर अस्पताल की कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जाने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने राहत की सांस ली।



पीएचसी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार



मरीजों से जानकारी लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### अस्पताल में मिलीं सभी दवाइयां

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अस्पताल में अधिकांश दवाइयां स्टॉक पर मिली। वहीं जो दवाइयां नहीं थी उन्होंने फार्मासिस्ट से मंगवाने के निर्देश दिये।

### अस्पताल में गंदगी देख लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे थे, यह देख जिलाधिकारी ने मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार लगाई। जिलाधिकारी के जाने के बाद तुरंत साफ सफाई कराई।

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# कथनी-करनी का अंतर

कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कनाडा ने भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाकर रखा। कनाडा के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, जो ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को प्रतिबिंबित करता है। गौरतलब है कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह भारत में वांछित था। कनाडा पुलिस ने अपने शक का ब्योरा दिया कि भारतीय राजनयिक किसी न किसी तरह एक भारतीय आपराधिक नेटवर्क के साथ संलिप्त थे, जिसे वे इस हत्या के लिए, साथ ही कुछ भारतीय आप्रवासियों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार मानते हैं। यानी कनाडाई विदेश मंत्रालय ने मामले में भारतीय राजनयिकों पर राजनीतिक दखल अंदाजी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर किसी नागरिक की हत्या करवाने में विदेशी सरकार का शामिल होना, हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। निज्जर की हत्या मामले में भारत ने कनाडा के आरोपों पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी। इसके बावजूद कनाडा ने लगाए आरोपों को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं दिया। इस मामले में कनाडा को सबूत पेश करने चाहिए थे या फिर राजनयिकों पर आरोप लगाना बंद करते। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा भारत 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करता है, लेकिन अभी तक भारत ने देश विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भारत ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों व आतंकवादियों को जगह मुहैया कराने का आरोप कनाडाई सरकार पर भी लगाया। ऐसे में भारत ने कनाडा से राजनियकों को निष्कासित कर सही कदम उठाया है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने आगे की कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखा है, जिसका मतलब वीजा में बड़ी कटौती और सीधे यात्रा संपर्कों में कमी आना हो सकता है। अब भारत को न सिर्फ कूटनीति बल्कि देश की छवि पर अपने उनके कदमों के असर के बारे में सावधानी से सोचना चाहिए। सबसे बढ़कर यह कि भारत को कनाडा की ओर से जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय अभियान तेज करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश बनेगा 'जीरो पावर्टी स्टेट'



डा.रविशंकर पांडेय
सेवानिवृत्त पीसीएस,लखनऊ

> ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठवीं बार 15 अगस्त 2024 को यह घोषणा करते हुए देश और प्रदेश वासियों को चौंका दिया कि वे अपने प्रदेश को भारत का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपर्युक्त महत्वाकांक्षी संकल्प के संबंध में यदि हम देश और प्रदेश में गरीबी के प्रतिशत का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि वर्ष 2021 के अंत में उत्तर प्रदेश में 22.93 गरीब थे जबकि 2015-16 में यह आंकड़ा 37.63 प्रतिशत था। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2015-2016 से 2019-2021 के मध्य देश में बहुआयामी गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या आशातीत रूप से कम हुई है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य अव्वल है। 'यूएनडीपी' की जारी एक अध्ययन आख्या ने भी बताया कि विगत पंद्रह सालों में लगभग 41.5 करोड़ भारतवासियों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में भारत कामयाब रहा है, जो उल्लेखनीय है। बहुआयामी गरीबी और इसके संकेतक-इधर के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा बहुआयामी गरीबी की एक नई अवधारणा पर लगातार बल दिया जा रहा है। इसलिए बहुआयामी गरीबी के आशय को पहले समझना जरूरी है। विश्व के अधिकांश देश गरीबी को धन की कमी के रूप में परिभाषित करते हैं। किन्तु गरीबी का जीवन जी रहे लोग अपने अनुभवों को कुछ अधिक व्यापक रूप से व्यक्त करते हैं। जरुरत के समय धन की कमी से वह स्वास्थ्य, शिक्षा, समुचित पोषण और जीविका के साधनों से वंचित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है। इन्हीं कारकों के कारण किसी व्यक्ति के जीवन में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति लगातार कई वर्षों तक बनी रहती है उसी को बहुआयामी गरीबी की संज्ञा दी जा सकती है। उपर्युक्त कारकों के आधार पर बहुआयामी गरीबी को मापने के लिए कुछ संकेतकों का निर्माण किया गया है और इनके महत्व के आधार पर इन्हें अलग-अलग भारांक भी प्रदान किया गया है। इन कारकों में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर हैं। स्वास्थ्य का आकलन गरीब परिवार के पोषण, बच्चों की मृत्यु दर और मातृ-स्वास्थ्य के संकेतकों, शिक्षा का आकलन बच्चों की स्कूल अवधि व स्कूल में उपस्थिति से तथा जीवन स्तर का आकलन प्रयुक्त ईंधन, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, आवास एवं बैंक खाते आदि संकेतकों से किया गया है।

> निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा।

गरीबी में कमी-उपर्युक्त कारकों, संकेतकों और निर्धारित मापदंडों के आधार पर नीति आयोग द्वारा बहुआयामी गरीबी और उसकी तीव्रता का सर्वेक्षण कराकर प्रदेशवार व जिलेवार गरीबी का सूचकांक तैयार कराया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2016 से 2021 तक पांच वर्षों के मध्य पूरे देश में बहुआयामी गरीबी में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है और 13.50 करोड़ लोग इस गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। बात उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की करें तो अकेले यहां पर 3.43 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं जो सभी राज्यों से अधिक हैं। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं में उत्साहवर्धक सुधार हुआ है। प्रदेश का एक और पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड भी है जहां चित्रकूट जिला गरीबी उन्मूलन में सबसे आगे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजर डालें तो यहां पर गरीबों की संख्या कुछ धीमी गति से कम हुई है। नीति आयोग ने पांच वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के जो आंकड़े पेश किए हैं उन्हें देखते हुए शेष आबादी को गरीबी से ऊपर उठाने में अब अधिक समय नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार-नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में शहरी आबादी की तुलना में ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में अधिक तेजी से सुधार हुआ है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गरीबों की आबादी में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है वहीं शहरी इलाकों में इसका आंकड़ा महज 6 प्रतिशत ही है। इस दौरान पूर्वांचल के जिलों में लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी रफ्तार कुछ धीमी है। पश्चिम में रामपुर जिले की आबादी में अन्य जिलों की अपेक्षा गरीबी में कमी आने के साथ वहां के निवासियों में जीवन स्तर को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जिलों रामपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बरेली के लोगों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के निवासियों का जीवन स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अच्छा है।

जीडीपी में सुधार-एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आमजन की सुख सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। यह तथ्य जिलों में खेती बाड़ी से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा समेत अठारह मानकों के आधार पर प्रदेश की जीडीपी के आकलन में सामने आया है।


मांग, व्यय और अर्थव्यवस्था में वृद्धि-तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ वृद्धि के स्तर और गति को बनाए रखने में सफल रही है। इसी कारण बहुआयामी गरीबी में सबसे तेज गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। प्रदेश के लोगों की खरीद क्षमता में वृद्धि के साथ हर व्यावसायिक क्षेत्र में मांग बढ़ी है। उपभोग और मांग में वृद्धि के फलस्वरुप वस्तुओं व सेवाओं के क्रय में वसूले जाने वाले अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भी प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। यही नहीं आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी प्रदेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और यह देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अब शनैः शनैः कई आयाम जुड़ते चले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में वित्तीय संस्थानों से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

कार्ययोजना-देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रांत उत्तर प्रदेश को अगले एक साल के अंदर 'जीरो पावर्टी स्टेट' बनाने की यह योजना अति महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। सरकार ने इस महायोजना का एक विस्तृत रोड मैप जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत गरीबी का आकलन नए सिरे से अब दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रत्येक चरण में शामिल कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जवाबदेह बनाए जाएंगे। इस चयन के आधार पर चिन्हित परिवारों को भोजन और वस्त्र के साथ साथ आवास, चिकित्सा सुविधा एवं अच्छी शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सुनिश्चित आय के उपयुक्त साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा। निर्धनतम परिवारों के अंतिम चयन में इस समिति के कम से कम तीन सदस्यों का एक मत होना आवश्यक होगा। इस संपूर्ण अभियान को एक साल के अंदर पूरा करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार गरीबी को प्रदेश में जड़ से समाप्त करने की योजना बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आयुक्तों को पत्र लिखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भी निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर विकासखंड वार प्रगति का अंकन करने के लिए इस हेतु पोर्टल भी लांच कर दिया गया है।

## प्रसंगवश

# मध्यवर्ग और तिकड़म की दुनिया



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस देश में नव मध्यवर्ग का उदय और विस्तार बहुत तेज़ी से हुआ है। उसमें भ्रष्टाचार का बहुत अहम योगदान रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती गई कि तिकड़म से ही धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। तिकड़म से ही सत्ता और प्रभाव हासिल किया जा सकया हैं, जिनके ज़रिए और आसानी से, और अधिक मात्रा में, धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। क्योंकि सत्ता से तिकड़म भिड़ाने के अवसरों में अचानक वृद्धि हो जाती है।

तिकड़म और सत्ता के गठजोड़ के एहसास से लोग सत्ता की ओर दौड़ पड़े। एमपी, एमएलए, कारपोरेटर, ग्राम-प्रधान, जहां भी, जो भी मिल जाय। मुख्य पार्टियों का टिकट पाने के लिए लोग आकाश-पाताल एक करने लगे। होते-होते ये टिकट नीलाम होने लगे-पहले लगाओ, फिर कमाओ (अपवाद तो हर जगह होते ही हैं)।

दूसरी दौड़ लगी सरकारी नौकरी पाने के लिए। पता नहीं कैसे लोगों में यह धारणा बन गई कि सरकार माने तिकड़म की जगह-सरकार में कहीं भी घुस जाओ, तिकड़म का कम-ज्यादा अवसर मिल ही जाएगा। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के थोड़े से चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए हज़ारों आवेदन-पत्र आए और उनमें एमए, पीएचडी तक के आवेदन थे। यह बेरोज़गारी का कम और सरकार में तिकड़म के अवसर के बारे में जन-भावना का प्रतिबिंब अधिक लगता है।]

सरकारी नौकरी के क्रेज़ का यह हाल है कि हर बाप अपने बेटों को कहीं भी, किसी भी स्तर की सरकारी नौकरी में 'फ़िट' कराने के लिए पैसे जोड़ रहा है और जुड़ गए तो लिए-लिए घूम रहा है। हर तरह की सरकारी नौकरी के लिए रेट क्वोट हो रहे हैं और दलाल घूम रहे हैं। जहां परीक्षा और इंटरव्यू दोनों होते हैं, वहां दोनों के अलग-अलग रेट हैं।

मेरे गांव में एक सज्जन ने बताया, फलां दलाल बहुत ईमानदार है, जिसका नहीं होता, उसे वापस कर देता है। अब उसका धंधा तो चलना ही है, चाहे भरती बिल्कुल ईमानदारी से हो। लोगों के दिमाग़ में जो यह भर गया है कि बिना लिए-दिए सरकारी नौकरी नहीं मिलती, उसी के सहारे, बिना उसके कुछ किए-धरे।]


सरकार में तिकड़म से धन कमाने के अवसर के बारे में जो जन-भावना है उसका बैरोमीटर दहेज के बाज़ार में साफ़ देखा जा सकता है। लड़का सरकारी नौकर हो गया तो रेट में एकाएक उछाल आ जायेगा। और रेट छोटी-बड़ी नौकरी के आधार पर कम, महकमे के आधार पर ज़्यादा घटता-बढ़ता है यानी तिकड़म से धन कमाने के अवसर की उपलब्धता के बारे में लोगों का जो आकलन है, उसके आधार पर।

यह नव मध्यवर्ग मनसा अब भी ग़रीब है। इसलिए धन आते ही शौक पूरा करने, तड़क-भड़क दिखाने पर ख़र्च करने लग जाता है। तरह-तरह के गैजेट्स, नए मॉडल की मोटर साइकिलें, फिर नए मॉडल की गाड़ियां, फ़र्नीचर, घर की साज-सज्जा

जो पीछे रह गए, यानी ग़रीब, उन पर दोहरी मार पड़ती है। ग़रीबी का भौतिक त्रास, और नव मध्यवर्ग की चमक-दमक देखकर मानसिक त्रास। आख़िर कुछ दिन पहले ये भी उन्हीं की तरह थे, उन्हीं के साथ थे। तो होता यह है कि तिकड़म न कर पाने या उसमें सफल न हो पाने से वे एकदम मायूस हो जाते हैं। और समुचित मात्रा में तिकड़म न कर पाने के लिए अपने को कोसने लगते हैं।

गांवों में इस नव मध्यवर्ग की एक झलक देखनी हो तो आप ब्लॉक प्रमुख की लड़की की शादी में हो आइए। एक नज़ारा ले लीजिए कि कौन-कौन मेहमान ऐसे हैं जिनका औरों से विशिष्ट स्वागत हो रहा है। बीडीओ, एडीओ, दारोगा, तहसीलदार, कुछ सरपंच, एमएलए, एमपी। और इनके दलाल जो प्रायः सबके सामान्य दलाल होते हैं। कुछ लाल बत्तीवाली गाड़ियां भी आ सकती हैं, जिनके आते ही स्वागत करने वाले सबको छोड़कर दौड़ पड़ेंगे। लाल बत्ती का यशोगान बहुत दिनों तक चलता रहेगा। आस-पास के लोग पूछेंगे-लाल बत्तीवाली कितनी गाड़ियां आई थीं, और उसी से ब्लॉक प्रमुख की हैसियत का अंदाज़ लगाएंगे। यह नव मध्यवर्ग ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा। तिकड़म के अवसरों की तलाश और छीना-झपटी ऐसे ही चलती रहेगी। और इसी के साथ-साथ अख़बारों में, पत्रिकाओं में और फेसबुक पर भी बड़े विद्वत्तापूर्ण लेख लिखे जाते रहेंगे। भ्रष्टाचार पर, मंहगाई पर, बेरोज़गारी पर। प्रबुद्ध लोग आरामदेह ड्रॉइंग रूम में आरामदेह सोफों पर बैठकर बहसें करते रहेंगे कि देश का विकास क्यों नहीं हो रहा, ग़रीबी दूर क्यों नहीं हो रही, ग़रीब-अमीर के बीच की खाई कम क्यों नहीं हो रही, भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा, महंगाई क्यों बढ़ रही, वगैरह-वगैरह। और हर चीज़ के लिए प्रांत या केंद्र या दोनों की सरकारों को दोष देते रहेंगे।

# मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए हम



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

> उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है।

रामकथा विश्व की प्राचीनतम (आदि) काव्यकृति है और वाल्मीकि आदि कवि। इस कथन पर आप संभव है विश्वास न कर पाएं। कारण हमें बताया जाता है कि ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है और वह भी उन लोगों द्वारा जो ऋग्वेद को 3500 वर्ष अद्य पूर्व से बाद की रचना मानते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कहें कि रामकथा ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना आज से ऋग्वेद तो संभव है आप अपना आपा खो बैठें। एक वयोवृद्ध विद्वान ने आज से तीस पैंतीस साल पहले एक सेमिनार में सोम की पहचान पर मेरे वक्तव्य पर आह्लादित हो कर कहा था, 'तुम जिस भी विषय पर बोलते हो बिल्कुल नई बात कहते हो।'

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है जिनकी ओर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसमें मौलिकता नहीं, तार्किकता, साक्ष्य और अंतःसंगति का ध्यान रखा जाता है। उपेक्षित क्षेत्र या आयाम संभावना के क्षेत्र हैं। जो दीखता है उसे प्रचलित मान्यताओं और मूर्धन्य विद्वानों की बहुज्ञता, वय और ख्याति की चिंता किए बिना कहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार इसके कारण आत्मीय संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है, व्यक्तिगत क्षति भी उठानी पड़ती है। परंतु इससे बौद्धिक परिदृश्य बदलता है, और बदलता रहा है। रामकथा की ऐतिहासिकता के विषय में भी ऐसा ही होगा, इसका भरोसा है। हमने लगभग एक हजार साल आतंक और बौद्धिक विकलांगता में बिताए हैं जिसमें बौद्धिक संस्थानों को ध्वस्त और स्वाहा किया जाता रहा और जो किन्हीं कारणों से बचा रह गया उसे औपनिवेशिक, नस्लवादी और मजहबी तकाजों से नष्ट करने के प्रयत्न किए जाते रहे। नव उपनिवेशवादी आग्रहों से वह आज भी जारी है और सेक्युलरिज्म का चोला धारण करके औपनिवेशिक स्थापनाओं के समर्थन में खड़ा हो कर उनसे भी अधिक उग्रता से अपनी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने में लगा रहा है और इसने उस मानसिकता को प्रबल किया है कि भारतवासियों के बूते का न कुछ है, न कभी था। उन्हें ज्ञान और ऊर्जा पश्चिमोत्तर के आक्रांताओं से मिलती रही है और आज भी मिल रही है। इसमें इन्होंने अपनी साख के लिए एक चोर दरवाजा निकाल रखा है कि जो थोड़ा बहुत संभव है वह उन भारतीयों से ही संभव है जो अंग्रेजी में लेखन करते हैं। भारतीय भाषाओं में न तो गंभीर विषयों पर लेखन हुआ है, न ही संभव है।

वे भारतीय भाषाओं में न लिख सकते हैं, न इनके आधुनिक और प्राचीन साहित्य से परिचित हैं। इस तरह ज्ञान और अनुसंधान पर एकाधिकार न सही विशेषाधिकार पाश्चात्य अध्येताओं का आज भी बना हुआ है। पराधीनता समाप्त हो गई परावलंबन हमारे बुद्धिजीवी वर्ग के कारण बना रहा। हम मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए। इसका दायित्व नेहरू के नेतृत्व को जाता है जिन्होंने औपनिवेशिक विरासत को उपलब्धि के रूप में जारी रखा और गुटनिरपेक्ष रहने के दावे की बावजूद परामर्श के लिए अमेरिकी सलाहकारों पर निर्भर करते रहे। उनके पूरे शासन काल में भारत भुखमरी के कगार पर जीवित रहा जब भी जनसंख्या आज से तिहाई थी। अमेरिकी परामर्शदाता उन्हें सलाह देते रहे कि भारत खाद्यान्न के मामले में कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता, उसे अमेरिका के पी एल 480 की अनुकंपा पर निर्भर रहना पड़ेगा इसलिए उसे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राजदूत गैल्ब्रेथ से गर्व से कहा था कि वह भारत पर राज करने वाले अंतिम अंग्रेज हैं। जिस देश की धातु विद्या का पूरा संसार लोहा मानता था और जिसका आश्चर्यजनक लौह स्तंभ उन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपनी अंकवार में भरा होगा, उनको सिखाया गया था कि भारत तो इतना पिछड़ा था की सुईं तक नहीं बना सकता था।

अर्थात जो भी औद्योगिक प्रगति हुई वह अंग्रेजों के कारण हुई जब कि मैकाले ने स्वीकार किया था कि औद्योगिक क्रांति भारतीय पैसे के बल पर हुई। जो भी हो उनका मोहभंग होने के बाद उनकी जो दशा हुई उनके शासन काल में उससे मिलती-जुलती दशा पूरे देश की रही और उसके बाद एक ऐसे आदमी के हाथ में नेतृत्व आया जिसने जो रास्ता अपनाया उस पर चलते हुए भारत न कभी युद्ध में हारा न अन्न के अभाव से गुजरा और आज उस समय से तीन गुनी जनसंख्या का पेट ही नहीं भर रहा है अपितु कई देशों के अभाव की पूर्ति भी कर रहा है। यह अपनी जमीन, अपनी जबान और अपने दिमाग का चमत्कार है पर हमारा बुद्धिजीवी मानसिक रूप से नेहरू युग में ही जी रहा है। ऐसी अवस्था में अपनी भाषाओं के माध्यम से अनुसंधान और गहन विमर्श मात्र लेखन नहीं रह जाता, बौद्धिक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन जाता है।

## सोशल फोरम

# सोशल मीडिया को कैसे देखें



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सोशल मीडिया में 'सोशल' पदबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक से भिन्न है। समाज विज्ञान से लेकर लेकर परंपरागत विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में 18वीं शताब्दी के बाद से लेकर आज तक जिसे सामाजिक कहते रहे हैं, उससे इस 'सोशल' का कोई लेना-देना नहीं है।

दिलचस्प बात है कि हममें से कोई भीड़ का अंग बनना नहीं चाहता, 'भीड़' में बोलना नहीं चाहता। लेकिन सोशल मीडिया में तो सबकुछ 'मास' है, 'भीड़' है। सोशल मीडिया में ज्योंही दाखिल होते हैं 'भीड़' का अंग बन जाते हैं। सोशल मीडिया में 'मास' ही शक्ति है। भीड़ ही ताकतवर है। बीसवीं शताब्दी 'राजनीतिक केंद्रीकरण' और 'संचार केंद्रीकरण' की शताब्दी है। एकाधिकार, केंद्रीकरण और मुनाफा ये इस युग के तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहली बार अमेरिका में एनएसए, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एपल आदि के बीच समझौते हुए हैं। इसे 'प्रिज्म' कार्यक्रम के नाम से जानते हैं। इसका मकसद है विश्व निगरानी करना, बहुराष्ट्रीय निगमों और अमेरिका के राजनीतिक और सांस्कृतिक हितों का विस्तार करना। इंटरनेट का समस्त डाटा संकलित करना, उसका व्यापारिक और राजनीतिक इस्तेमाल करना। डिजिटल तकनीक के आने के बाद संचार क्रांति का पैराडाइम बदला है। अब हम ज्ञान मीमांसा से तत्व मीमांसा की ओर मुड़ गए हैं। यानी 'आप क्या जानते हो' से 'तुम क्या हो' की ओर मुड़ गए हैं। 'ज्ञान प्रबंधन' से 'अस्मिता प्रबंधन' की ओर मुड़ गए हैं। सोशल मीडिया ने इस पैराडाइम शिफ्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नव्य-उदारीकरण के दौर में 1990-91 में जब संचार क्रांति आई तो वह मोबाइल-टेलीफोन और कंप्यूटर तक सीमित थी, उस दौर में तकनीकी उपयोग और सूचना या ज्ञान के संचय पर जोर दिया गया, सूचना से ज्ञान की ओर प्रयाण किया, लेकिन 2004 में जब फेसबुक का जन्म हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि ज्ञान से छलांग लगाकर सीधे अस्मिता के क्षेत्र में समाज दाखिल होने जा रहा है।

– फेसबुक वॉल से

# कनाडा में तुष्टिकरण का बीज स्फुटित



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

जब नेता या सरकारें कमज़ोर होतीं हैं, तब अपना अस्तित बचाने के लिए तुष्टिकरण करने से परहेज़ नहीं करती, छोटे दलों की जायज़ नाजायज़ मांगों और अपेक्षाओं के आगे नतमस्तक हो जाती हैं। फिर वो चाहे देश, समाज के हित में हो या ना हो, इस पर ध्यान दिए बिना सिर्फ़ सत्ता में बना रहना ही उद्देश्य रह जाता है। आजकल कनाडा में आंतरिक और बाह्य द्वंद्व जो चल रहा है, उसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के शासन काल का दूसरा टर्म शुरुआत से ही बैसाखियों पर टिका हुआ है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया जगमीत सिंह जिनके 25 सांसद चुनकर आए थे। उन्हीं की मदद से ट्रूडो दूसरी बार प्रधानमंत्री बन सके थे। यहां यह बता दूं कि जगमीत सिंह खलिस्तान की मांग का खुला समर्थन करते है और ट्रूडो को सपोर्ट की एक शर्त यह भी थी कि कनाडा में ख़ालिस्तानी मूवमेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ट्रूडो के सारे कार्यकलापों से उजागर है कि उसने जगमीत सिंह को इसकी मौन स्वीकृति दी और इसके लिए भारत से रिश्ते ख़राब करने को भी तैयार हो गए। इधर कनाडा में घरेलू हालात लगातार बिगड़ने लगे, हर मोर्चे पर ट्रूडो सरकार की किरकिरी होने लगी, चाहे वह महंगाई हो, रोज़गार हो, घर हों, स्वास्थ्य व्यवस्था हो सब फ्रंट पर कनाडा में त्राहि त्राहि मची हुई है। ट्रूडो की लोकप्रियता इस समय निचले स्तर पर है और सर्वेक्षणों के अनुसार उनका अगले साल होने वाले चुनाव में जीतना बहुत मुश्किल है। यह भांपते हुए जगमीत सिंह ने ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत में आ गई। इसका फ़ायदा उठाते हुए विपक्ष के नेता पिएरे पॉलिवर ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला दिया। ट्रूडो ने अपनी सरकार बचाने के लिए सभी छोटे मोटे दलों और जगमीत सिंह के साथ क्या-क्या समझौते किए अब सामने आ रहा है। विएना संधि का उल्लंघन करते हुए कनाडा ने भारतीय उच्चायोग के शीर्षस्थ अधिकारियों की हरमीत सिंह निज्झर की हत्या के मामले में पुलिस जांच की मांग की, ऐसा लगता है ठंडे पड़ रहे मुद्दे को जगमीत सिंह के कहने पर ही पुनर्जीवित किया गया। कनाडा के इस कृत्य के चलते भारत ने कनाडा उच्चायोग में कार्यरत छः उच्चस्थ अधिकारियों को वापस बुला लिया और भारत स्थित कनाडा के उच्चाधिकारियों को 19 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के निर्देश दे दिए हैं। यह राजनयिक संबंधों की न्यूनतम स्थिति कहलाती है।

आश्चर्य है कि अलगाववादियों ख़लिस्तानियों का समर्थन करने वालों के तुष्टिकरण करने के लिए ट्रूडो भारत के साथ संबंध ख़राब करने की हद तक जा सकते हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार दुबारा चुनकर आने की उम्मीद तो ट्रूडो को कम हैं, लेकिन जो बीज कनाडा-भारत संबंधों की कड़वाहट के बो रहें हैं, उससे दोनों देशों की जनता, छात्र, व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। सिद्धांतहीन तुष्टिकरण सदैव, हर भौगोलिक परिवेश में अंतोत्गत्वा हानिकारक होता है।

# उधार की न्याय देवी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीशों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके एक हाथ में तराजू दूसरे में तलवार थी, अब तराजू तो बरकरार है, किंतु तलवार की जगह संविधान की प्रति लिए है। पहले उसके नेत्रों में पट्टी बंधी थी, अब आंखें खुली रखी गई हैं। देखें कि इस देवी का वास्तविक स्वरूप क्या है? दरअसल हमारे शास्त्रों और प्राचीन धर्म ग्रंथों में न्याय की कोई अलग से देवी है ही नहीं। तीन महादेवियां सृष्टि का संचालन करती हैं। वे हैं महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली, जो क्रमशः चित्,सत और आनंद की अधिष्ठात्री हैं। इसके अलावा महा विद्याएं कही जाने वाली भी दस देवियां या शक्तियां हैं, जिनके अधिकारिता वाले विषय हैंः काली(काल शक्ति), तारा(क्षुधा शक्ति), षोडशी(पूर्ण/ मुक्ति शक्ति), भुवनेश्वरी(ज्ञान शक्ति),छिन्नमस्ता(त्याग शक्ति), भैरवी (भरणशक्ति),धूमावती(दरिद्रता शक्ति), बगला(क्रूर शक्ति), मातंगी(प्रभाव शक्ति), कमला(ऐश्वर्य शक्ति)। हालांकि न्याय के बड़े बड़े अनुपम उदाहरण हैं यहां। श्रीराम ने एक कुत्ते को जबरदस्त न्याय दिया था। कुत्ता, जो संभवतः 'कुकुर' गणगोत्र का समाज का निचले पायदान का व्यक्ति था, वह अभिजात्य मान्य ब्राह्मण द्वारा कष्टित किया गया था। राम ने उसकी प्रार्थना के मुताबिक ही ब्राह्मण को दंड दिया था। वन में पांडवों का उपहास करने गए दुर्योधन को एक गंधर्व उठाकर लिए जा रहा था। वह आर्त होकर चिल्लाया,तो धर्म के मूर्तिमान रूप युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा कि 'इसे बचाओ'। यद्यपि अनुज यह पसंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह तो शत्रु था और पांडवों कि खिल्ली उड़ाने गया था। तथापि अर्जुन को अग्रज की आज्ञा माननी पड़ी और दुर्योधन की रक्षा की। महाराज युधिष्ठिर ने कहा था कि,आपस में हम पांच और कौरव 100 जरूर हैं, किंतु बाहरी दुनियां के लिए हम 105 हैं। रामायण व महाभारत दोनों कालों में आपराधिक और नागरिक दोनों प्रकार की न्याय व्यवस्थाएं थीं और राजा सर्वोच्च था। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "न्यायात्पथःप्रविचलंति पदं न धीराः"। यानी न्याय के पथ पर चलने वाले लोग विचलित नहीं होते हैं। वैसे यह न्याय देवी, जिसकी मूर्ति अभी तक न्याय भवनों में लगी होती रही, वह यूनान की देवी 'जस्टिया'है; इसी से जस्टिस शब्द बना है। भारत में एक अंग्रेज़ अफसर इसे 17 वीं शताब्दी में लाया था। यह अभारतीय और उधार की देवी है।

# जमीन के विवाद में भाई-भाभी की हत्या

## दो छोटे भाइयों ने हमला करके मार डाला, खागा कोतवाली के फतेहपुर टेकारी का मामला

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** खागा कोतवाली के फतेहपुर टेकारी गांव में जमीन बंटवारे के विवाद में गुरुवार को छोटे भाइयों ने बड़े भाई और भाभी की पत्थर और कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर छोटे भाइयों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर टेकारी गांव में जमीन बंटवारे को लेकर धर्मेंद्र तिवारी (33) का विवाद अपने छोटे भाइयों बूंदी तिवारी व शुभम तिवारी से था। दोनों पक्षों में इसको लेकर अक्सर झगड़ा होता था। गुरुवार शाम भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई बूंदी एवं शुभम ने बड़े भाई धर्मेंद्र को कुल्हाड़ी एवं ईंट पत्थर से प्रहार कर मरणासन्न कर दिया। बीच-बचाव करने आई धर्मेंद्र की पत्नी रोली पर भी दोनों लोगों ने कुल्हाड़ी एवं ईंट पत्थर से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन बचाने आए तो हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। हमले में धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रोली को बाद में गंभीर हालत में परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां करीब आधे घंटे बाद उसकी भी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और छानबीन की। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं। उनकी मां और अन्य परिजनों से पूछताछ की जा रही है। मां ने बताया कि धर्मेंद्र और रोली का चार वर्ष का एक बेटा है जो अनाथ हो गया है।



घटना के बाद गांव में मौजूद पुलिस फोर्स। अमृत विचार

### 4 साल का बच्चा हो गया अनाथ

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली के फतेहपुर टेकारी गांव में जमीन बंटवारे को लेकर हुई भाई और भाभी की हत्या में एक चार साल का बच्चा अनाथ हो गया। बच्चे को पता ही नहीं कि उसकी मां और पिता के साथ क्या हुआ। दो चाचाओं ने मिलकर उसकी मां और पिता की हत्या कर दी। मामले में पुलिस मृतक की मां से पूछताछ करने में जुटी है। बता दें कि इस वीभत्स घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक व खागा कोतवाली पुलिस ने घटना का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही साक्ष्य जुटाए। वहीं इस पूरी वारदात की चश्मदीद धर्मेंद्र की मां को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए कोतवाली भेज दिया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। दो छोटे भाइयों के द्वारा भाई एवं भाभी की निर्मम हत्या किए जाने की बात सामने आई है। मृतक के पिता की मौत करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हो चुकी है, जबकि धर्मेंद्र से एक बड़ा भाई मुंबई में मेहनत मजदूरी कर अपना परिवार का भरण पोषण कर रहा है।

# चकरोड में गया खेत तो गश खाकर गिरा किसान, मौत

संवाददाता अयाना, औरैया

- घटना की जानकारी पर अधिकारियों ने बुलाया कई थानों का फोर्स

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भूरेपुर में गुरुवार दोपहर को चकरोड में खेत अधिक जाने को लेकर बुजुर्ग किसान गश खाकर चकरोड पर गिर गया। मौके पर मौजूद लेखपालों ने उसे सीएचसी अयाना पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर एसडीएम, तहसीलदार व अन्य थानों का फोर्स अस्पताल पहुंच गया है।

राजस्व टीम ने मिशन समाधान के तहत एक अगस्त को ग्राम पंचायत अयाना में सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटवाया था। इसमें भूरेपुर के चकमार्ग को चिह्नित कर कब्जामुक्त करवाया गया था। ग्राम प्रधान छोटेलाल गुप्ता चकरोड पर मनरेगा से कार्य करवा रहे हैं। गुरुवार दोपहर को किसान मुंशीलाल खेत देखने गए थे। वहां पर वह गश खाकर चकरोड पर गिर गए। इस पर वहां दूसरा चकरोड खुलवाने के लिए पहुंची राजस्व टीम ने उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी अयाना पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई जयराम ने बताया कि भतीजे लालसिंह व अजय सिंह बाहर नौकरी करते हैं। गुरुवार को भाई खेत देखने गए थे। एक कोने पर चकरोड उनके खेत में ज्यादा अंदर समझ में आया। इसका सदमा वह बर्दास्त नहीं कर सके और उनकी जान चली गई। घटना की जानकारी होने पर एसडीएम अजीतमल गरिमा सोनकिया, तहसीलदार जीतेश वर्मा, थानाध्यक्ष विनोद कुमार समेत अजीतमल व फफूंद थाना का फोर्स सीएचसी पहुंच गया।

# भाई की पत्नी की हत्या के दोषी जेठ को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कुल्हाड़ी मारकर छोटे भाई की पत्नी की हत्या करने में दोषी जेठ को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी। उस पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 20 जून 2022 को रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी निवासी राजेश रैदास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे की बारात 21 जून को जानी थी। घर में चल रही तैयारियों के बीच उसकी पत्नी कुसमा (45) पर उसके बड़े भाई बाबूलाल उर्फ बबुलिया रैदास ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे कुसमा गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटे पंकज ने 112 नंबर पर फोन करके इसकी जानकारी पुलिस को दी और एंबुलेंस से कुसमा को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से कुसमा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी बाबूलाल उर्फ बबुलिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

### छेड़खानी के दोषी को 3 वर्ष की सजा

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना अयाना क्षेत्र में साढ़े 6 वर्ष पूर्व एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने के दोषी बबलू को 3 वर्ष की कैद व 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा के अनुसार थाना अयाना में पीड़ित किशोरी ने रिपोर्ट लिखाई कि 18 फरवरी 2018 की शाम को वह खेतों में शौच के लिए गई थी तभी गांव का बबलू उसके साथ छेड़खानी करने लगा। पुलिस ने बबलू के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट व छेड़खानी गाली गलौज व मारपीट के आरोप में दर्ज किया। एडीजे मनराज सिंह ने छेड़खानी के दोषी बबलू को 3 वर्ष कैद की सजा से दंडित किया।

# 21 वर्ष चला हत्या के मामले का ट्रायल एक दोषी को हुआ आजीवन कारावास

संवाददाता उरई

- दो लोगों को न्यायालय ने किया दोषमुक्त
- 1 साथी को 10 वर्ष और अन्य 10 को 2 और 3 वर्ष की सजा

**अमृत विचार।** 21 साल चले हत्या के मुकदमें की सुनवाई करते हुए एडीजे कोर्ट ने एक दोषी को आजीवन कारावास व एक साथी को 10 वर्ष और 10 अन्य लोगों को 2 और 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। वहीं दो लोगों को दोषमुक्त किया गया।

शासकीय अधिवक्ता महेन्द्र सिंह विक्रम ने बताया कि जिला झांसी थाना ककरबई ग्राम धनौरा निवासी विजय पाल सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 1981 में उसके पिता तेजप्रताप सिंह की उसके गांव के ही रहने वाले प्रमोद मिश्रा ने हत्या की थी। जिसका बदला 1999 में उसके भाई जितेंद्र प्रताप ने प्रमोद कुमार मिश्रा की हत्या करके ले लिया। इसी रंजिश के कारण 27 जून 2003 को वह और उसका भाई जितेंद्र प्रताप व महिपाल, इंद्रपाल व शत्रुघ्न सिंह, रामपाल ताश खेल रहे थे। तभी उसके गांव के सुरेश कुमार मिश्रा, संतोष, ओम प्रकाश, दृगचंद्र, गोरेलाल, नत्थू, मूलचंद्र, मन्नू लाल, बद्री सिंह कल्लू सिंह, भूरी सिंह, शिवन पाल असलाहा लेकर दरवाजे पर आए सुरेश मिश्रा ने उसके भाई जितेंद्र प्रताप पर राइफल से जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग की और उसके 14 साथियों ने भी जान से मारने की नियत से फायरिंग की। जिससे उसके सगे भाई जितेंद्र प्रताप उर्फ गुड्डू व महिपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने 14 लोगों पर हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। पुलिस ने सुरेश मिश्रा, संतोष, ओम प्रकाश, हगचंद्र गोरेलाल, बालादीन, नत्थू, मूलचंद्र, नत्थू अहिरवार मन्नूलाल बद्रीसिंह, कल्लू सिंह भूरी सिंह शिवनपाल आदि लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। सभी आरोपियों ने हाईकोर्ट से जमानत ले ली थी। ट्रायल के दौरान आरोपियों ने जिला जालौन में निवास बना लिया था। सभी आरोपियों ने मुकदमे को जिला झांसी से उरई ट्रांसफर करने के लिए हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट के आदेश से जिला न्यायालय उरई में मुकदमे का ट्रायल चल रहा था। 21 साल पुराने मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को पूरी हुई, जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शिवकुमार ने पत्रावली का अवलोकन किया और 82 पन्नों का आदेश पढ़कर फैसला सुनाया।

जिसमें हत्या के मामले में संतोष को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई और 65,500 रुपये जुर्माना लगाया। वहीं नत्थू को जानलेवा हमले में दोषी पाते हुए दस साल की सजा सुनाई और सुरेश मिश्रा और ओमप्रकाश के खिलाफ कोई सबूत नहीं पाए जाने के कारण दोष मुक्त कर दिया। शेष आरोपियों को दो और तीन साल की सजा सुनाई गई और सभी पर कोर्ट ने जुर्माना लगाया।

# सड़क दुर्घटना के दोषी को मिली एक साल की सजा

**इटावा।** अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने एक व्यक्ति को टक्कर मारने व उसकी मौत हो जाने के बीस साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे एक साल की सजा दी। इसके अलावा उस पर साढे तीन हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार अरविंद्र कुमार निवासी रम्पुरा औरैया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका भाई अजमेर सिंह अपनी बाइक से दावत खाकर 17 जून 2004 को भरथना आ रहा था जब वह विधूना रोड पर इटैली मार्ग के पास पहुंचा तभी कार सवार ने कार को लापरवाही के साथ चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट आने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सुनवाई अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। अभियोजन अधिकारी जगदीश प्रसाद के द्वारा पेश साक्ष्यों पर कोर्ट ने सुरेश चंद्र का दोषी पाया और एक साल की सजा व साढ़े तीन हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

# पत्नी ने ही ग्राइंडर से गला रेत कर की थी पति की हत्या

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गत 14 अक्टूबर को कस्बे के ऊंछा थोक के अब्दुल गफ्फार के मकान से सड़ी गली लाश बरामद हुई थी। इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा दिया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बीते 14 अक्टूबर को बंद मकान का ताला तोड़कर महोबा जनपद के बरात पहाड़ी गांव निवासी बाबू विश्वकर्मा (40) का सड़ा गला शव बरामद किया था। मृतक के बहनोई राजू विश्वकर्मा ने मृतक की पत्नी सोनम विश्वकर्मा पर हत्या करके भाग जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सोनम को आलाकत्ल के साथ कस्बे के स्टेशन मार्ग में रानी लक्ष्मीबाई तिराहे के समीप से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। सोनम ने बताया कि पति नशे का आदी था और शराब पीकर आए दिन बुरी तरह से पीटता था। गत 3 अक्टूबर को उसने सुबह से शराब पीकर उसे जमकर पीटा था। इसके बाद वह घर से चला गया था। शाम को शराब के नशे में चूर होकर घर आते ही उसने फिर से मारा पीटा और आग लगाकर मारने की कोशिश की। लेकिन नशा अधिक होने के कारण वह कमरे के फर्श पर गिरकर बेहोश हो गया। पति की प्रताड़ना से आजिज होकर गुस्से में पत्नी ने ग्राइंडर (पत्थर काटने की मशीन) से उसका गला रेत दिया और घर पर ताला लगाकर बच्चों को साथ लेकर फरार हो गयी थी। घटना के बाद वह सीधे महोबा पहुंची और रात स्टेशन पर गुजारी। सुबह उदयपुर इंटरसिटी से वह जयपुर चली गई। वहां से वापस आने के बाद पुलिस ने उसे स्टेशन मार्ग पर दबोच लिया।

### घर में पानी रिसाव पर विवाद मारपीट में वृद्ध की हुई मौत

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लहरिया पुरवा में बनी डूडा कालोनी में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट में घायल वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के हमीद खां 62 वर्ष को लहरिया पुरवा मुहल्ले में बनी डूडा कालोनी आवंटित हुई थी, जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ रहता था। जो गुब्बारा बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया कि गुरुवार को ऊपर वाली कालोनी निवासी सुनीता पत्नी स्व. राजू से बाथरूम के पानी को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान सुनीता के पुत्र विशाल 22 वर्ष ने नीचे आकर हमीद के साथ मारपीट कर दी। जिससे घायल होने पर आसपास के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

# चौबिया थानाध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट रामचंद्र यादव ने पूर्व चौबिया थानाध्यक्ष मंसूर अहमद के खिलाफ बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे बलवीर जाटव से जाति सूचक गाली देने व मारपीट को लेकर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। थाना चौबिया पुलिस के द्वारा कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए मंसूर अहमद के खिलाफ एससी एसटी एक्ट व मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी है। इस समय मंसूर अहमद ऊसराहार के थानाध्यक्ष हैं।

चौबिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मूंज के रहने वाले बलवीर जाटव ने न्यायालय में मंसूर अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का प्रार्थना पत्र दिया था। बलवीर जाटव ने बताया 8 जनवरी 2024 को मंसूर अहमद उसके पड़ोसी अर्जुन को जाति सूचक गाली व मारपीट करते हुए निकले इस पर बलवीर ने पूछा तो उसके साथ भी जाति सूचक गाली देते हुए लात मार कर जमीन पर घसीटा। जब उसने घटना का वीडियो बनाया तो मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया। घटना को गांव के लोगों ने देखा।

कार्यक्रम | मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने की शिरकत

# लोकनृत्यों में दिखी राज्यों की संस्कृति की छाप

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शरद पूर्णिमा में भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती पर बुधवार से तीनदिवसीय शरदोत्सव शुरू हुआ। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राज्यों की संस्कृति की छाप नजर आई। इससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन मप्र के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, दिव्यजीवन दास जी दिगंबर अखाड़ा भरत मंदिर, डा. रामनारायण त्रिपाठी गायत्री शक्तिपीठ, संत मैथिली भाई रामकिंकर आश्रम, पवन बाबा सती अनुसुइया आश्रम के साथ पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, कुलपति ग्रामोदय विवि चित्रकूट प्रो. भरत मिश्रा आदि ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर पुष्पार्चन से किया। इंदर सिंह परमार ने चित्रकूट की महिमा का बखान किया। कहा कि भगवान् राम का चित्रकूट की धरा पर कण कण में निवास है, उसी तरह नानाजी का योगदान भी अमिट है। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गोंडवाना संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य जलवा से हुई, जिसे कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय की बच्चियों ने प्रस्तुत किया। सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के बच्चों ने मराठी संस्कृति की झलक दिखाते लावणी, गुजरात के गरबा एवं राजस्थान के घूमर लोकनृत्य का प्रदर्शन किया। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के कलाकारों द्वारा गरबा में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना को दर्शकों ने खूब सराहा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने योग पर आधारित कार्यक्रम किया। सुरेन्द्रपाल विद्यालय की पुरातन छात्र परिषद के प्रवीण कुमार एवं टीम ने सीताहरण लीला की आकर्षक प्रस्तुति की। दर्शकों ने खीर का आनंद लिया।

- चित्रकूट में तीन दिवसीय शरदोत्सव शुरू





शरदोत्सव की पहली शाम में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध। अमृत विचार

### अन्य कार्यक्रम भी सराहे गए

नाटक आनंद रघुनंदन को भी सराहना मिली। इसका निर्देशन- अनामिका सिंह परिहार सतना ने किया और आकार वेलफेयर सोसाइटी के युवा रंगकर्मियों ने अभिनय किया। बघेली बोली व बंडल बघेलखंड की परंपराओं के संरक्षण को रेखांकित करते विभिन्न लोक शैलियों व संगीत का प्रयोग प्रस्तुति में किया गया।

# दहेज का सामान चढ़ाते समय गिरे युवक की मौत

**कन्नौज।** तीन दिन पहले भाई की शादी होने के बाद मिले दहेज के सामान को मकान की तीसरी मंजिल पर चढ़ाते समय युवक नीचे आ गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव घर ले गये। सदर कोतवाली के मोहल्ला सफदरगंज निवास टोला निवासी नजमुद्दीन (18) पुत्र गयासुद्दीन के भाई की शादी तीन दिन पहले हुई थी। दहेज में मिला सामान मकान के भूतल में ही रख दिया गया था। शादी के दो दिन बाद तीसरी मंजिल पर भाई-भाभी को कमरा दिया गया। इस कमरे में शादी में मिले सामान को रखने के लिये परिवार के लोग रस्सी के सहारे सामान को मकान के बाहर से चढ़ा रहे थे। सामान को खींचते समय नजमुद्दीन तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने की खुदकुशी

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर ऐलई गांव में एक युवक ने पत्नी से झगड़ा करने के बाद आत्महत्या कर ली। घटना के अनुसार सुरेश निर्मल (35) ने नाराज होकर कानपुर नगर जाने का निर्णय लिया और वहां ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। कानपुर जीआरपी ने युवक के शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। शव के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर जीआरपी ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। जब परिजन घटना स्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने युवक की पहचान कर ली। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की। ग्रामीणों का कहना है कि सुरेश का पड़ोस की एक अविवाहित लड़की से कई सालों से प्रेम संबंध चल रहा था, जिससे उसकी पत्नी के साथ अक्सर झगड़े होते थे।

### रोटावेटर मशीन में फंसकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** खेत की जुताई करते समय किसान की रोटावेटर मशीन की चपेट में आकर मौत हो गई। शव की हालत देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बे के रहने वाले राम कृपाल पाल का बेटा राकेश कुमार पाल (28) खेती किसानी का काम करता था। आज सुबह ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करते समय अचानक ट्रैक्टर से गिर गया और रोटावेटर मशीन के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। खेत में काम कर रहे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रोटावेटर मशीन से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किशोर की डंडों से पिटाई का वीडियो वायरल

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के गांव बिरारी में गेहूं पिसाने के लिए गए एक किशोर के उसके ही गांव के तीन युवकों ने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान युवक नाली में गिर गया। गांव के लोगों के आ जाने पर मारपीट करने वाले भाग निकले। किसी से इसका वीडियों बना कर उसे वायरल कर दिया। मारपीट में किशोर के सिर में काफी चोटें आई। किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव नगला दलप निवासी श्याम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका पुत्र शिशुपाल सिंह गेहूं पिसाने के लिए गया था। मौका पाकर उसके ही गांव के सूरज, साहिल कठेरिया व दीपक कठेरिया ने उसके साथ डंडो से मारपीट की। मारपीट में शिशुपाल के सिर में काफी चोटें आई वह नाली में गिर पड़ा। चीख पुकार सुन आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। इसी बीच किसी ने मारपीट करने का वीडियों बनाकर वायरल कर दिया। मारपीट का वीडियों वायरल होने पर पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### रकम हड़पकर वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**सैफई, इटावा।** महिला को विश्वास में लेकर उसके दो लाख रूपए हड़प लिए। नशीला पदार्थ खिलाकर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। थाना में इसी क्षेत्र की महिला ने गांव नगला सेमरा के नितिन कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि वह परचूनी की दुकान चलाती है जहां पर नितिन कुमार का आना जाना होना लगा था जिसकी वजह से उससे पहचान हो गई थी। उसके द्वारा दो लाख रूपए नोटरी स्टांप पर लिखित रूप में उधार बतौर दिए थे। तय समय पर रकम मांगने पर अर्ध लिखित कागज दिखाकर धमकी दी अगर रुपए मांगे तो मैं तेरे घरवालों को मार देंगे तथा तेरी वीडियो मेरे पास है वह वायरल कर दूंगा। 31अगस्त को नितिन घुमाने के बहाने ले गया था, उस दौरान नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करके वीडियो बनाया था। जिसकी शिकायत थाने पर की थी। कार्रवाई न होने उसके हौसले बुलंद है जो रकम हड़पकर वीडियो वायरल करके बदनाम करने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अलमा अहिरवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### रुपये मांगने का आडियो वायरल होने पर लिपिक सस्पेंड

**महेवा, इटावा।** बिजली उपकेंद्र महेवा पर तैनात लिपिक शैलेंद्र बाबू से इटावा अधिशाषी अभियंता कार्यालय में तैनात लिपिक ने अधिशाषी अधिकारी के नाम पर पचास हजार की रिश्वत मांगने का वीडियो व ऑडियो वायरल हो गया। अधिशाषी अभियंता ने रिश्वत मांगने वाले बाबू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं वीडियो व ऑडियो की सत्यता की जांच के लिए टीम गठित की है। अमृत विचार समाचार पत्र इस आडियो वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। महेवा बिजली घर पर तैनात लिपिक शैलेंद्र कुमार से इटावा कार्यालय में तैनात बाबू राहुल देव चौहान द्वारा किसी कार्य या फिर कोई कमी आदि के चलते निलंबन होने की धमकी दी। अधिशाषी अभियंता के नाम पर पचास हजार की रिश्वत देने की मांग की। अधिशाषी अभियंता ऋषिपाल सिंह ने लिपिक राहुल देव को निलंबित कर पूरे प्रकरण की जांच हेतु टीम गठित की गई। अधिशाषी अभियंता ऋषिपाल सिंह ने दूरभाष पर बताया कि प्रकरण से उनका कोई लेना देना नहीं है। उनके नाम से रुपये मांगने एवं निलंबन की धमकी देने वाले बाबू को निलंबित किया गया है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

### एक साथ जलीं चिताएं, छलके आंसू

**कन्नौज।** वरिष्ठ पत्रकार तथा कांग्रेसी नेता को गुरुवार को महादेवी गंगा तट पर नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। कार चालक का अंतिम संस्कार जलेसर घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद से लेकर उद्योगपति, समाजसेवी, राजनीतिक व पत्रकार शामिल हुए। डीएम, एडीएम ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। बुधवार को फतेहपुर में प्रयागराज जाते समय कार सवार शहर के ग्वाल मैदान निवासी वरिष्ठ पत्रकार व वरिष्ठ नागरिक समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, गोमती देवी इंटर कालेज के प्रबंधक व कांग्रेसी नेता अविनाश दुबे व कार चालक कौशल कुमार तिवारी की हादसे में मौत के बाद देर रात शव घर पहुंचे तो घरों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह 10 बजे शव यात्रा महादेवी घाट के लिये रवाना हुई। इस यात्रा में शहर के उद्योगपति राम दीक्षित, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, कांग्रेस नेता विजय मिश्रा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, शिक्षाविद सुनील सिंह के अलावा कई राजनीतिक, शिक्षाविद, पत्रकार शामिल हुए। पुत्रों ने अपने-अपने पिता को मुखाग्नि दी। एक साथ चिताएं जलीं तो लोगों की आंखें नम हो गईं। कार चालक की अंतिम यात्रा गुरसहायगंज से निकली।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

**कन्नौज।** संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हो गई। परिजन जिला अस्पताल लाये जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव घमाइचमऊ निवासी रीनी (24) पत्नी शहनवाज की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ. रवि शर्मा ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर भाई जिला अस्पताल पहुंच गया। उसने बहन के ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। भाई ने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजन मृतका के ससुरालियों के खिलाफ तहरीर कोतवाली में देंगे।

### तालाब में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गड़रियन पुरवा मोहल्ले के पास स्थित तालाब में गुरुवार को एक अज्ञात युवक का नग्न अवस्था में शव मिलने से हुड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव उतराता देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव कई दिनों पुराना बताया जा रहा है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए मृतक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं और आस-पास के गांवों में भी भेजी गई हैं। मृतक की उम्र लगभग 25 साल बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर कहा कि शव की हालत और नग्न अवस्था को देखकर लगता है कि युवक की हत्या प्रेम-संबंध के चलते की गई है और हत्या के बाद शव को तालाब में फेंक दिया गया। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया, शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश करेंगे।

### शिक्षक के निलंबन पर छात्र भड़के, गेट में जड़ा ताला

**तिर्वा।** प्रबंध समिति अध्यक्ष ने अभद्रता करने के आरोप में शिक्षक को निलिबित कर दिया। इसकी जानकारी छात्र-छात्राओं तक पहुंचे तो वे भड़क गए। बाहर निकलकर कॉलेज गेट पर ताला डालकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शिक्षक की बहाली की मांग को लेकर छात्राएं सड़क पर बैठ गईं और प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से समझाकर शांत कराया। बताया गया कि प्रबंधक की तरफ से बहाली को लेकर हामी भरी गई है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी। मामला ठठिया क्षेत्र के सुरसी गांव स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज का है। कॉलेज में भूगोल के अध्यापक पवन कुमार की तैनाती है। उन पर आरोप है कि 27 सितंबर को प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक कटियार निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने उनसे अभद्रता कर दी, जबकि अध्यक्ष ने उनसे कुछ नहीं कहा था। वे किसी अन्य शिक्षक को कक्षा में जाने को कह रहे थे। उन पर उच्चाधिकारियों से निरंतर अभद्रता तथा दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता व निर्देशों की अवहेलना के भी आरोप लगाते हुए प्रबंध समिति ने तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया। शिक्षक पवन के निलंबन की जानकारी होते ही गुरुवार को छात्र-छात्राएं भड़क गए और कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ विरोध प्रर्दशन कर नारेबाजी करने लगे। साथ ही गेट पर ताला डालकर बाहर आ गए। छात्र-छात्राओं ने मांग की कि शिक्षक का निलंबन रद्द किया जाए। छात्राएं भी सड़क पर उतरकर नारेबाजी कर मांग पूरी करने की बात कहने लगीं।

# 60 घंटे बाद नेट सेवा बहाल, पुलिस बोली- अफवाह फैलाई तो होगी कार्रवाई

संवाददाता, बहराइच



अमृत विचार। महाराजगंज में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान दो समुदाय में भिड़ंत के बाद सोमवार दोपहर से बंद नेट सेवाएं गुरुवार शाम से फिर चालू हो गईं। करीब 60 घंटे बाद बुधवार रात 12:15 बजे नेट सेवाएं बहाल कर दी गईं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की बात कही है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस में डीजे पर गाना बजाने के दौरान समुदाय विशेष के लोगों ने विरोध किया था। विरोध के दौरान समुदाय विशेष के लोगों ने राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बवाल के बाद घर और दुकानों में आग लगाने के साथ वाहनों को जला दिया गया था। मामला बढ़ता देख शासन के निर्देश पर जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं।

> सोशल मीडिया पर तरह तरह के अफवाह फैलाया जा रहा है। जिसमें राम गोपाल मिश्रा की करंट लगने, नाखून उखाड़ने समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। यह सभी आरोप निराधार है। राम गोपाल मिश्रा की की गोली लगने से मौत हुई है।
> -डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

## रामगोपाल के घर व रास्ते पर पुलिस का पहरा, हो रही पूछताछ

संवाददाता, बहराइच

- गांव जाने वाले मार्गों पर लगाई बैरीकेडिंग, पुलिस तैनात, मृतक के परिवार से मिलने आने वाले रिश्तेदारों को भी हो रही परेशानी



महराजगंज के राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव में तैनात पुलिस। : अमृत विचार

अमृत विचार: महाराजगंज में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान गोली मारकर की गई हत्या के मामले में मृतक के गांव रेहुआ मंसूर में पुलिस ने बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया है। जगह जगह पुलिस तैनात कर दी गई है। इससे गांव के लोगों को भी दिक्कत हो रही है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर निवासी राम गोपाल मिश्रा की रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद जमकर बवाल हुआ था। आगजनी और तोड़फोड़ भी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक 62 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें गोली मारने वालों में शामिल एक अपराधी को भी जेल दिया है। वहीं अब पुलिस ने मृतक राम गोपाल मिश्रा के गांव में पूरी तरह से लोगों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें राज नेताओं के साथ मीडिया के लोग भी शामिल हैं। किसी भी पार्टी के नेताओं को मृतक राम गोपाल मिश्रा के परिवार के लोगों से मिलने पर रोक लगा दिया गया है। गुरुवार को रेहुआ मंसूर मोड़ पर महिला और पुरुष सिपाही एक उप निरीक्षक की अगुवाई में तैनात कर दिया है। जबकि मृतक के घर के पास उप निरीक्षक राज कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा गांव में एक ट्रक पीएसी के जवान लगा दिए गए हैं। पुलिस की बैरीकेटिंग और जगह जगह तैनाती को लेकर मृतक के परिवार से मिलने आने वाले लोगों को भी दिक्कत हो रही है। उनके वाहन दूर ही रोक दिए जा रहे हैं। ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक राज कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित परिवार की समस्या को देखते हुए अधिकारियों ने यह फैसला किया है। जिसका पालन करवाया जा रहा है।

### सूचना अधिकारी समेत चार पर कार्रवाई

महराजगंज बाजार में रविवार को हुए दंगे के बाद अब तक तीन पुलिस कर्मियों के साथ सूचना अधिकारी पर कार्रवाई हुई है। सूचना अधिकारी को लखनऊ संबंध कर दिया गया है। मामले में लापरवाही और लाठीचार्ज के मामले में सीओ रूपेंद्र गौड़, थानाध्यक्ष हरदी आर एस वर्मा और चौकी इंचार्ज अशोक कुमार को निलम्बित किया गया है। जबकि समाचार संकलन में सही स्थिति न होने और अधिकारियों का बयान सही न प्रसारित होने के चलते जिले के सूचना अधिकारी गुलाम वारिस को लखनऊ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महराजगंज में पटरी पर लौट रही जिंदगी

भगवानपुर। महराजगंज में घटना के बाद से जगह जगह पुलिस और पीएससी के जवान तैनात हैं। स्थिति धीरे धीरे सामान्य हो रही है। गुरुवार को भी महराजगंज के अलावा अन्य गांवों और चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रही। पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है। बवाल के बाद धीरे धीरे जन जीवन सामान्य हो रहा है। लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि आम दिनों की तरह लोग आवागमन कर रहे हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है।

# 30 की शाम जगमग होंगे 28 लाख दीपक

## 29 अक्टूबर को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम करेगी दीयों की गणना

आठवां दीपोत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल प्रबंधन में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव भव्य होगा। स्वयंसेवकों की मदद से इस बार 25 लाख से अधिक दीपक जलाकर सातवीं बार विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटा हुआ है।

घाट चिन्हांकन समिति के संयोजक डॉ. रंजन सिंह की देखरेख में गुरूवार को दूसरे दिन राम की पैड़ी के दोनों ओर घाटों पर मार्किंग का कार्य किया गया। जिसमें 80 प्रतिशत मार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के निर्देशन में दीपोत्सव की भव्यता के लिए 22 समितियां गठित की है। जिनमें समन्वय समिति में कुलपति पदेन अध्यक्ष है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र सहित 20 सदस्य हर समिति में शामिल हैं। इसके अलावा अनुशासन समिति, सुरक्षा समिति, सामग्री वितरण समिति, दीप गणना समिति, भोजन समिति, यातायात समिति आदि भी बन गईं हैं।



अयोध्या में राम की पैड़ी पर गुरुवार को घाट की मार्किंग करते कर्मी। अमृत विचार

### 30 हजार स्वयंसेवकों को किया गया प्रशिक्षित

- नोडल अधिकारी ने बताया कि दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए 30 हजार स्वयंसेवकों को लगाया गया है। जिनमें विश्वविद्यालय परिसर से 7500, महाविद्यालय से 9500, इंटर कॉलेज से 8000 व एनजीओ के 5000 स्वयं सेवक लगाये जा रहे है। इंटर कॉलेज के प्राचार्यो को विश्वविद्यालय द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। वह अपने विद्यार्थियों प्रशिक्षित कर रहे है। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन के समन्वय में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### 28 लाख दिए जायेंगे बिछाए, 25 लाख होंगे प्रज्ज्वलित

- दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि सरयू के 55 घाटों पर मार्किंग कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इन्हीं चिन्हित स्थलों पर घाट समन्यक घाट प्रभारी की देखरेख में 25 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित कराने के लिए 28 लाख दीए लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर तक वेडर्स से दीया, तेल व अन्य सामग्री प्राप्त हो जायेगी। 24 अक्टूबर से घाटों पर सामग्री पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ होगा। 25 अक्टूबर से घाटों पर 30 हजार स्वयंसेवकों द्वारा दीयों को लगाने का कार्य शुरू होगा। जिसे 28 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। 29 अक्टूबर को दीयों की गणना गिनीज बुक आफ रिकॉर्ड टीम द्वारा की जायेगी। 30 अक्टूबर को स्वयंसेवकों द्वारा घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डाला जाएगा। इसके बाद सभी 28 लाख दीपक जलाए जाएंगे।

# सपा का पीडीए केवल दिखावा : विश्वनाथ पाल

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी का पीडीए सिर्फ दिखावे के लिए है। अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ अपने परिवार के अलावा एक भी यादव को टिकट नहीं दिया। मायावती ने सर्व समाज को टिकट देकर सदन पहुंचाया है। ये बातें गुरुवार को बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहीं। वह मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के देवगांव स्थिति राजा के बाजार मैदान में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वह झूठे वादे करके सत्ता में आई है। कहा कांग्रेस ने जनता के साथ छल किया है। गरीबों और दलितों के हक को छीना है। कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान के नाम पर धोखा दिया है। विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं मंडल प्रभारी सालिम अंसारी रहे। विधानसभा प्रत्याशी रामगोपाल कोरी ने आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर महेंद्र प्रताप आनंद, रवि प्रकाश मौर्य, दिलीप कुमार विमल, सर्वेंद्र अंबेडकर, मोहम्मद असद, अर्चना कोरी सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस को अपराधी को पकड़ना होता है: राजभर

- लखनऊ। बहराइच में हुए एनकाउंटर पर कैबिनेट मंत्री व सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पुलिस हमेशा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो को गिरफ्तार करने जाती है अगर वो हरकत करते हैं तो पुलिस कि तरफ से फायरिंग होती है। जिन्दा या मुर्दा उनको उसे पकड़ना है। सुभासपा अध्यक्ष ने गुरुवार को निजी चैनल पर कहा कि जब पुलिस पकड़ने जायेगी और कोई पुलिस के ऊपर गोलियों कि बौछार करेगा तो पुलिस उसको माला तो पहनाएंगी नहीं। अगर किसी को अपराध करना है तो अंदर जमीन के अंदर रहना पड़ेगा या ऊपर जाना पड़ेगा या जेल में, जिस तरह से साढ़े सात साल से कानून चल रहा है राज्य में उसी तरह से व्यवस्था रहनी चाहिए।

## सार-संक्षेप

### सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी ऑडियो टूर से मिलेगी

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में पर्यटकों को क्यूआर कोड - आधारित ऑडियो टूर सुविधा मिलेगी। इससे पर्यटकों को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों की अधिक सुलभ, सहज और आकर्षक जानकारी मिलेगी। प्रथम चरण में पर्यटकों को वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर और आगरा में फतेहपुर सीकरी जैसे प्रसिद्ध स्थल समेत राज्य भर के 100 से अधिक प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड स्कैन कर इमर्सिव ऑडियो सामग्री मिलेगी। पर्यटन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि क्यूआर कोड-आधारित ऑडियो टूर पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगा। ऑडियो हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध होगा जो कि भविष्य में कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में भी सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि क्यूआर कोड-आधारित ऑडियो टूर में व्यापक शोध के साथ पटकथा, वर्णन और सामग्री होगी। इसमें हर स्थान की कहानी आकर्षक तरीके से बताई जाएगी। ऑडियो 01 से 15 मिनट की होगी, ताकि पर्यटक प्रत्येक स्थान की कहानियों से जुड़ें। जयवीर सिंह ने बताया कि ऑडियो टूर सुविधा विकसित करने के लिए सक्षम और अनुभवी फर्मों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। ऑडियो टूर डिजिटल युग में राज्य के आकर्षणों को और बेहतर बनाएगा।

### दीपोत्सव पर ऑनलाइन करें दान, घर पहुंचेगा प्रसाद

अयोध्या। अयोध्या विकास प्राधिकरण दीपोत्सव-2024 के लिए एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ करेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि 30 अक्टूबर को दीपोत्सव का अयोजन होगा। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में सम्मलित होने की इच्छा रखते हैं। बहुत से श्रद्धालु हैं महापर्व पर नहीं आ सकते, लेकिन ऑनलाइन माध्यम से दीये का दान कर के दीपों के इस महापर्व में अपना सहयोग प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ऐसे भक्ति-भाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी दीपोत्सव महापर्व के अवसर पर 'एक दीया राम के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम के द्वारा देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से अपने स्वेच्छानुसार राशि दान स्वरुप दे सकेंगे। देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या में होने वाले, इस महान दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं, जिसके प्रतिफल में उन्हें प्रसाद भी भेजा जायेगा। इस प्रसाद को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा निर्मित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि http://www.divyaayodhya.com/bookdiyaprashad सीधे लिंक पर जा दान कर सकते हैं।

### बहराइच दंगों की सीबीआई से जांच कराये सरकार: स्वामी

कुशीनगर। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा बहराइच के दंगों की जांच सरकार सीबीआई से कराये ताकि सच्चाई का पता चल सके। यही नही स्थानीय प्रशासन की नाकामी के चलते निर्दोष लोगों को दंगों की आग झेलनी पड़ी है। इसलिए नाकाबिल अधिकारी व कर्मचारियों को इसके लिए दंड जरूर मिलना चाहिए। यह बातें गुरूवार को पडरौना में पूर्व मंत्री व राशोसपा के अध्यक्ष ने मौर्य ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। कहा कि ऐसा लग रहा है प्रदेश में उपचुनाव को लेकर मोदी व योगी सरकार लोगों को आपस में बांटना चाह रही है। राशोसपा के जिलाध्यक्ष के हिंदू देवी देवताओं पर बयान पर रामेश्वर कुशवाहा द्वारा माफी मांग ली गयी है। लेकिन प्रशासन निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है। पडरौना के छावनी कांड मे निर्दोष लोगों को जेल भेज रही है।

### खुसरो कॉलेज प्रकरण में पूर्व प्राचार्य समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

सीबीगंज : डी फार्मा के करीब चार सौ विद्यार्थियों को फर्जी डिग्री देकर 3 .69 करोड़ की ठगी करने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुसरो कॉलेज के पूर्व प्राचार्य समेत तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉलेज का चेयरमैन शेर अली जाफरी, उसका बेटा फिरोज और फर्जीवाड़े में उसका प्रमुख मददगार विजय शर्मा पहले से जेल में है। बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में सीबीगंज के स्लीपर रोड निवासी खुसरो कॉलेज के पूर्व प्राचार्य विश्वनाथ शर्मा के अलावा दो कर्मचारी अभयपुर निवासी जाकिर अली और मोहल्ला मीर खां बाबरनगर निवासी तारिक अल्वी शामिल हैं। खुसरो कॉलेज में मान्यता न होने के बावजूद डी फार्मा के कोर्स के लिए चार सौ विद्यार्थियों के दाखिले किए गए थे और उनसे करीब 3 .69 करोड़ की फीस वसूलने के बाद उन्हें उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और यूपी के कुछ विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्री बनाकर दी गई थी। विद्यार्थियों ने इस धोखाधड़ी का पता लगने के बाद कॉलेज से लेकर उच्चाधिकारियों के कार्यालयों तक जमकर हंगामा किया था। इस मामले में फरार विश्वनाथ, जाकिर और तारिक फरार हो गए थे जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### पुनः वही सीट आवंटित होने पर दाखिले की प्रक्रिया दोहराएं

लखनऊ। एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले के लिए चल रही नीट यूजी की तीसरी काउंसिलिंग में शुक्रवार को सीट आंवटन के बाद 23 तक कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा गुरुवार को जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि अगर पूर्व की दो काउंसिलिंग में किसी अभ्यर्थी ने दाखिला ले लिया है और तीसरी काउंसिलिंग में उसे फिर से उसी कॉलेज में सीट आवंटित हो गई है तो उन्हें पुन: संबन्धित कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी, अन्यथा प्रवेश निरस्त होगा।

### मिल्कीपुर चुनाव कराने से डरी सपा- बाबा गोरखनाथ

लखनऊ। मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि हार से सपा डर गई है, इसलिए गुरुवार को मेरी याचिका वापसी के खिलाफ पैरवी करने में पूरी ताकत झोंक दी गई। गोरखनाथ ने कहा कि भाजपा हर हाल में सभी 9 सीटों पर कार्यक्रम के अनुसार ही चुनाव चाहती है।

### मेडिकल स्टोरों पर छापे, नशे की दवाएं और इंजेक्शन जब्त

बरेली : ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने बहेड़ी के तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। एक मेडिकल स्टोर पर कई दवाओं के बिल नहीं मिले तो उन्हें बेचने पर रोक लगा दी गई। दूसरे मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद हुईं जिन्हें जब्त कर वहां दवाओं को खरीदने-बेचने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सहायक आयुक्त औषधि संदीप चौधरी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार, अनामिका, अंकुर जैन ने बहेड़ी के शोभित मेडिकल स्टोर और सहर मेडिकल स्टोर समेत तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर जांच की। शोभित मेडिकल स्टोर से सात संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजा गया है। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सहर मेडिकल स्टोर से नौ तरह की नशीली दवाएं मिली हैं। इंजेक्शन भी जब्त किए गए हैं।

### बरेली, मेरठ, कानपुर व मुरादाबाद का विजय अभियान शुरू

अयोध्या। प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन हुए लीग मुकाबलों में बरेली, मेरठ, कानपुर व मुरादाबाद मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान शुरू किया। लीग कम नॉक आउट प्रतियोगिता में चार पूल बनाए गए हैं। पहले दिन हुए बरेली व बस्ती मंडल के बीच हुए मुकाबले में बरेली ने 4-1 से विजय हासिल की। बरेली के युगांक ने अकेले तीन गोल मारकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। बस्ती के आदित्य ने एक गोल किया। मेरठ मंडल व देवीपाटन मंडल के मैच में मेरठ टीम ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। मेरठ की ओर से रुद्राक्ष ने दो, अंशुल, आदित्य व समीर ने एक-एक गोल किया। तीसरे मैच में कानपुर ने आजमगढ़ मंडल पर 3-0 से जीत हासिल की। कानपुर के आदर्श, प्रथम, शिवसागर एक-एक गोल करने में सफल रहे। चौथे मैच में मेरठ मंडल ने सहारनपुर मंडल को 3-0 से पराजित कर विजय अभियान की शुरुआत की।

# देहदान: मेडिकल कॉलेज को मिला पहला शरीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सेंगर दंपति की शुरू की गई पहल रंग लाई, खुद पहुंचे साथ

अमृत विचार: सुग दधीचि देहदान अभियान का विस्तार करते हुए कानपुर के सेंगर दंपति की ओर से तराई में की गई पहल रंग लाई है। इसके तहत पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को एक मृत शरीर मुहैया कराया गया है। ये देह कानपुर के ही रहने वाले सेवानिवृत्त एलआईयू इंस्पेक्टर का है। सेंगर दंपति खुद ही देह लेकर पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीते दिनों उनकी ओर से किए गए वादे को पूरा करने की शुरुआत कर दी गई है। अब पूर्व पुलिस अधिकारी का देह भी देश को समर्पित किया गया है।

बता दें कि करीब इक्कीस साल पहले कानपुर से युग दधीचि देहदान अभियान की शुरुआत कानपुर के रहने वाले मनोज सेंगर और उनकी पत्नी माधवी सेंगर की ओर से की गई थी। सेंगर दंपति ने जल्द पीलीभीत मेडिकल कॉलेज के लिए देहदान कराने का वादा किया था। इसी क्रम में गुरुवार को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को अध्ययन के लिए पहली देह कानपुर से लाकर सेंगर दंपति ने समर्पित की। ये देह कानपुर के दीनदयाल नगर निवासी 88 वर्षीय रामप्यारे शुक्ला की है, जो सेवानिवृत्त एलआईयू इंस्पेक्टर थे। शाम 4 बजे सेंगर दंपति पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचे और एनाटॉमी हेड डा. अर्चना सिंह ने अपने सहयोगियों डॉ. फरीद एवं अन्य छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में पार्थिव देह को सम्मान सहित स्वीकार किया।

# अखिलेश ने सरकार पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बाराबंकी में एक शोकसभा में पहुंचे सांसद अखिलेश यादव। अमृत विचार

अमृत विचार: पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी मालती देवी के निधन पर गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। यहां उन्होंने बेनी प्रसाद के पुत्र राकेश वर्मा समेत पूरे परिवार से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इस दौरान अखिलेश यादव ने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर योगी सरकार पर सवाल उठाए। कहा यह भाजपा सरकार की असफलता है। बहराइच हिंसा के आरोपियों के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि योगी सरकार अंग्रेजों के नारे डिवाइड एंड रूल पर काम कर रही है। वह नफरत को बढ़ावा दे रही है।

योगी सरकार में एनकाउंटर नहीं हत्याएं हो रही हैं। बिना नाम बताये पता चल जाता है किस समुदाय से जुड़े लोगों का एनकाउंटर हुआ है। सरकार ने बैलेंस करने के लिये मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के पहले डीजीपी भी पुलिस के एनकाउंटर पर सवाल उठा चुके हैं। सपा की सरकार बनने पर हम सभी की जांच कराएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच की घटना दुखद है। समाज में ऐसी घटनाओं की कोई जगह नहीं है। इस घटना को रोका जा सकता था, लेकिन सरकार की मशीनरी पूरी तरह से फेल हुई। उन्होंने कहा कि बहराइच के पीड़ित परिवार को समाजवादी पार्टी न्याय दिलवाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पत्रकारों को मारपीट कर झूठे मुकदमे में जेल भिजवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा की सरकार आने पर हम जनता को बेहतर सुनिधाएं देंगे। हमारी सरकार में कानून व्यवस्था सुधरेगी। अखिलेश ने कहा कि यूपी पुलिस को बेहतर करने के लिए हमने डायल 100 जैसी तमाम सुविधाएं दी थीं। जो समाजवादियों ने काम किया था, 2027 में सपा जनता को उससे बेहतर सुविधाएं देने का काम करेगी। भाजपा को समाज में नफरत फैलाने से फुर्सत नहीं है।

# राहुल गांधी के मानहानि के केस में सुनवाई 31 को

सुलतानपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में गुरुवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था। परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया गुरुवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नही हो सकी। 31 अकटूबर की तारीख नियत की गई है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया था।

खेल-खिलाड़ी हरियाणा के खिलाफ रणजी मुकाबला आज, पहली जीत की तलाश में उतरेगी यूपी

# यूपी के रिंकू, हरियाणा के युजवेंद्र पर होंगी निगाहें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार: एआर जयपुरिया प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में शुक्रवार से खेले जाने वाले मुकाबले में यूपी रणजी टीम जीत की तलाश में उतरेगी जिससे वह वह सात अंक हासिल कर सके। वहीं हरियाणा यहां पर अपनी जीत का क्रम आगे बढ़ाने के लिये मैदान में उतरेगी। मुकाबले से एक दिन पूर्व भी दोनों टीमों ने आज गैलेक्सी स्टेडियम में अभ्यास कर अपनी तैयारियों को धार दी। कल से दोनों टीमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आमने-सामने होंगी।

मेजबान यूपी का अपने घर में खेले गए पहले मैच में भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। बंगाल के खिलाफ उसने किसी तरह से मुकाबले को ड्रा कराया और एक अंक ही हासिल कर सकी। यूपी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल ने पहली पारी में 92 रन बनाये थे जबकि सिद्धार्थ यादव ने भी 73 रन की कीमती पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों यूपी पहली पारी 292 रन ही बना सका। दूसरी पारी में यूपी के बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लाप रही। पूर्व कप्तान प्रियम गर्ग ने सूझबूझ भरी पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाकर यूपी को हार बचा लिया था। यूपी के बल्लेबाजों को प्रदर्शन में सुधार करना होगा। टीम में रिंकू सिंह के आने से यूपी की बल्लेबाजी मजबूत नजर आ रही है। रिंकू हरियाणा के लिये मुसीबत भी बन सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने के बाद रिंकू सिंह पहली बार यूपी टीम से जुड़े हैं। गेंदबाजी में यूपी के यश दयाल और विप्रज निगम जैसे प्रतिभावान गेंदबाज मौजूद हैं। इन गेंदबाजों ने बंगाल के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया और चार-चार विकेट लिये।

हरियाणा टीम किसी भी मामले में कम नहीं है। बल्लेबाजी के साथ ही उनकी गेंदबाजी भी बेहतरीन है। सभी खिलाड़ी फार्म में होने के कारण उनकी टीम यहां पर जीत की लय को बरकरार रखने उतरेगी। हरियाणा ने बिहार के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की। पारी के साथ 43 रन की शानदार जीत के साथ उसने सात अंक हासिल किये। ऐसे में उनकी टीम के खिलाड़ियों को आत्म विश्वास भी आसमान पर है। अंकित कुमार, लक्ष्य दयाल और कप्तान अशोक मेनारिया जैसे बल्लेबाजों को अपने बल्ले का मनाना होगा। आज अभ्यास सत्र के दौरान युजवेंद्र चहल भी आकर्षण का केंद्र रहे। दूसरे रणजी मुकाबले में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें यहां पर रिंकू सिंह और युजवेंद्र चहल पर ही होंगी।

**उत्तर प्रदेश**

आर्यन जुयाल, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, अक्षदीप नाथ, नितीश राणा, सौरभ कुमार, अंकित राजपूत, आकिब खान, विप्रज निगम, यश दयाल, शिवम शर्मा, माधव कौशिक, आदित्य शर्मा, कृतज्ञ सिंह व सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार।

**हरियाणा**

अंकित कुमार, लक्ष्य दलाल, हिमांशु राणा, धीरू सिंह, कपिल हुड्डा, सुमित कुमार, जयंत यादव, अमन कुमार, युवराज सिंह, मयंक शांडिल्य, रोहित शर्मा, अजित चहल, अमित राणा, आदित्य कुमार, हर्षल पटेल, युजवेंद्र चहल

# नए नियम से 5.5 हजार दिव्यांगों की पेंशन अटकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एनपीसीआई पोर्टल पर करानी है पेंशन खातों की मैपिंग

अमृत विचार : विधवा और वृद्धावस्था पेंशन के साथ दिव्यांग पेंशन के लिए भी खातों की एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से पांच हजार से ज्यादा दिव्यांगों की पेंशन अटक गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने पेंशनधारकों से जल्द अपने खातों की एनपीसीआई मैपिंग कराने को कहा है।

जिले में करीब 23 हजार दिव्यांगों को एक हजार रुपये की मासिक पेंशन मिल रही है। पेंशन की धनराशि हर तिमाही दी जाती है। जुलाई में सभी दिव्यांगों की पेंशन जारी हो गई थी, मगर इसके फौरन बाद नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) पोर्टल पर खाते की मैपिंग कराने की अनिवार्यता लागू कर दी गई। जिलाधिकारी की ओर से निर्देश जारी होने के बाद करीब 18 हजार दिव्यांगों ने तो मैपिंग करा ली लेकिन करीब 5400 ऐसे दिव्यांग पेंशनधारकों को एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग न होने के कारण पेंशन मिलने का रास्ता साफ नहीं हो सका है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि अब एकाउंट बेस्ड पेमेंट की जगह आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली लागू कर दी गई है। इस वित्तीय वर्ष की दूसरी किस्त लाभार्थियों के खाते में भेजी जा चुकी है। जिन दिव्यांगों के खाते में पेंशन नहीं पहुंची हैं, उन्हें बैंकों से संपर्क कर अपने पेंशन खाते को एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग (डीबीटी) कराना होगा।

## एक नजर

### साकार होगी विकसित हरियाणा, विकसित भारत की संकल्पना

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। कहा कि विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर अभिवादन किया। अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री समेत गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की। आमजन का भी हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### 19 को कानपुर में सारंग हेलीकॉप्टर शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** 19 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ पर कानपुर वायु सेना स्टेशन में ''सारंग एरोबेटिक डिस्पले टीम'' आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एयर कमोडोर एमके प्रवीण वीएम एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन कानपुर के साथ भारतीय वायुसेना के प्रतिष्ठित अधिकारी और रक्षा बलों के अन्य अधिकारी और दिग्गज शामिल होंगे। टीम दर्शकों के लिए वायु सेना स्टेशन कानपुर के हवाई क्षेत्र में प्रदर्शन करेगी।

### वानिकी विवि के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर वन प्रभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद दुनिया के पहले राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र के समीप ही देश का दूसरा वानिकी विश्वविद्यालय बनाने के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित कर ली है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर वन प्रभाग में वानिकी महाविद्यालय बनाने की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने वानिकी विश्वविद्यालय की मंशा जाहिर की। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव का कहना है कि पाठ्यक्रमों का खाका भी तैयार कराया जा रहा है।

# मीरापुर से सुंबुल राणा को उतार कांग्रेस को दिया झटका

## हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद हावी सपा ने मनमाना उम्मीदवार दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के टिकट पर मीरापुर सीट में उतारी गईं सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं। सुंबुल को टिकट मिलने से जहां कांग्रेस के इस सीट पर लड़ने की उम्मीद खत्म हो गई वहीं, उनके सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद के लिए भी इसे झटका माना जा रहा है। बतौर पर्यवेक्षक इमरान ने इस सीट को कांग्रेस के लिए मजबूत बताया था।

दरअसल, कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए पश्चिमी उप्र. की सीट मीरापुर का होमवर्क करते हुए दावा ठोका था। कांग्रेस ने इस दावे के साथ सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद को मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया। ऐसे में समाजवादी पार्टी के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई थी, क्योंकि सपा इस सीट को कांग्रेस के खाते में नहीं देना चाहती थी। इतना ही नहीं, कांग्रेस सांसद ने दावा किया था कि इस सीट पर माहौल कांग्रेस के पक्ष में है और हम इस सीट पर रिकॉर्ड भी बना सकते हैं। इमरान मसूद ने पर्यवेक्षक के तौर पर उन्होंने ग्राउंड रिपोर्ट कर वो डाटा भी जुटा लिया था।

हालांकि, बाद में हरियाणा में कांग्रेस की पराजय के बाद सपा हावी हो गई। गुरुवार को सपा ने अपने टिकट पर सुंबुल राणा के मैदान में उतार कर कांग्रेस के दावे को अब खारिज भी कर दिया। सुंबुल का नाम घोषित करते हुए सपा ने एक बार फिर पीडीए का नारा एक्स पर लिखा है। भले ही सभी प्रत्याशी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज से हैं लेकिन सात में से छह प्रत्याशियों के नामों से साफ है कि अखिलेश यादव को ज्यादा भरोसा परिवार पर ही है।

### 25 दावेदारों में मुस्लिम महिला को दी प्राथमिकता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े बड़े नेताओं से लगभग तीन घंटे मंत्रणा की जिसके बाद सुंबुल राणा के नाम पर सहमति बनी। सपा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट, वसी अंसारी एडवोकेट समेत अन्य नेता लखनऊ पहुंचे थे। टिकट के लिए 25 दावेदार थे। इनमें पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे शाह मोहम्मद का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा था। अखिलेश ने एक-एक कर 25 दावेदारों के नाम पर चर्चा की। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, तय पूर्व में ही हो गया था कि मुस्लिम प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया जाएगा।

### फिलहाल नौ सीट के लिए होंगे चुनाव

उप्र. में रिक्त दस में से नौ सीटों पर चुनाव होने जा रहा है। 18 अक्टूबर से नामांकन का दौर शुरू होगा। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना कराई जाएगी। अयोध्या की मिल्कीपुर का मामला हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण अभी वहां चुनाव नहीं हो रहा है।

**मिल्कीपुर उप चुनाव**

# तय प्रक्रिया का पालन करने के बाद ही निर्वाचन याचिका पर विचार सम्भव

## याचिका वापसी की नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन बाद ही सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का उप चुनाव फंसता नजर आ रहा है। गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने की उनकी अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा कि याची द्वारा तय प्रक्रिया का पालन करने के उपरांत ही याचिका वापसी पर विचार किया जा सकता है।

कोर्ट ने इस संबंध में याची को आदेश दिया है कि वह एक सप्ताह के भीतर याचिका वापस लिए जाने संबंधी नोटिस के ऑफिशियल गजट में प्रकाशन के लिए कार्यवाही करे। कोर्ट ने उक्त प्रकाशन के 15 दिन के उपरांत मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने गोरखनाथ की याचिका पर पारित किया।

### यह है मामला

वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे। हालांकि नामांकन के दौरान अवधेश प्रसाद द्वारा दाखिल नोटरी को डिफेक्टिव बताते हुए, उनके चुनाव को गोरखनाथ ने चुनौती दी थी। वहीं 26 अप्रैल 2022 को उक्त याचिका पर सुनवाई के उपरान्त न्यायालय ने याची के अंतरिम राहत सम्बन्धी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने टिप्पणी भी की थी कि याचिका में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है कि चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप किया जाय। इसी चुनाव को लेकर एक अन्य निर्वाचन याचिका भी शिव मूर्ति की ओर से दाखिल की गई है। उक्त याचिका के वापसी की अर्जी पर भी न्यायालय ने प्रकाशन का आदेश पारित किया है।

# दीपावली से पहले मिलेगा आशा व संगिनियों को बकाया भुगतान और इस माह का वेतन

## एनएचएम निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों और सीएमओ को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** दीपावली से पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत आशा एवं आशा संगिनियों को 25 अक्टूबर तक प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा। साथ ही कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को भी इस अक्टूबर माह का मानदेय 25 अक्टूबर तक मिलेगा। इसके लिए मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियो व मुख्य चिकित्साधिकारियों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए गये हैं।

मिशन निदेशक ने सभी जिलों में सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी 1,70000 आशा एवं 12000 आशा संगिनियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों के सापेक्ष मिलने वाले वाउचर का भुगतान कराया जाए। इसके लिए आशाओं से अतिशीघ्र ब्लाक स्तर पर सभी वाउचर जमा कराए जाएं। माह सितंबर तक बकाया व वर्तमान अक्टूबर का भुगतान 25 अक्टूबर तक कराने के साथ ही फैम्स पोर्टल पर अपलोड किया जाये।

इसके अलावा पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि एनएचएम कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को दीपावली के पहले माह अक्टूबर 2024 के मानदेय का भुगतान 20 अक्टूबर तक की उपस्थिति के आधार पर 25 अक्टूबर तक कर दिया जाए। आदेश पर तत्काल क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

**1.7** लाख आशा कार्यकत्रियों को मिलेगा लाभ

**12** हजार आशा संगिनियों को भी होगा भुगतान

### वर्दी के लिए रोडवेज के 37 हजार चालकों और परिचालकों को मिलेंगे 1800 रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम के 37 हजार चालक, परिचालक दीपावली त्योहार पर नई वर्दी में नजर आएंगे। हर चालक परिचालक को वर्दी के लिए 1800 रुपये मिलेंगे। परिवहन निगम ने गुरुवार को छह करोड़ 70 लाख रुपये की राशि वर्दी भत्ते के लिए अनुमोदित किया। एक से दो दिन के अंदर ड्राइवर कंडक्टरों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सितंबर माह में आदेश दिया था कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में ही चालक परिचालकों को नई वर्दी के पैसे मिल जाएंगे, लेकिन अभी तक उन्हें वर्दी के पैसे नहीं मिल पाए हैं। दो दिन पहले संविदा चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के महामंत्री कन्हैया पांडेय ने एमडी से सभी चालक परिचालकों को वर्दी भत्ता देने की मांग की थी। नियमानुसार दो साल पर चालक, परिचालक को वर्दी का पैसा उपलब्ध कराया जाता है।

**6.7** करोड़ की राशि अनुमोदित

### खाद्यान्न घोटाले में एडीओ पंचायत बलिया से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में 18 वर्ष पूर्व हुए खाद्यान्न घोटाले के आरोपी एडीओ पंचायत को ईओडब्ल्यू की वाराणसी टीम ने बुधवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। एडीओ को मनियर ब्लॉक के गेट से गिरफ्तार किया। आरोपी एडीओ के खिलाफ 2006 में हुए खाद्यान्न घोटाले के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

ईओडब्ल्यू वाराणसी यूनिट के इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अरुण कुमार सिंह है। वह बलिया के सिकंदरपुर स्थित खटंगी गांव का रहने वाला है। उसकी तैनाती वर्तमान समय में बलिया के मनियर ब्लॉक में है। अरुण सिंह 2006 में नवानगर ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी था। उस समय खाद्यान्न घोटाला हुआ था। इस मामले में अरुण सिंह समेत सात आरोपियों पर घोटाले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# साईं कंस्ट्रक्शन का संचालक गिरफ्तार

▸▸ ईडी ने लखनऊ जोनल कार्यालय से गिरफ्तारी की, कोर्ट से मिली 24 तक की कस्टडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जांच में सहयोग न करने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के संचालक राजीव त्यागी को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। उनको लखनऊ जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

राजीव को गुरुवार को गाजियाबाद के विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने 24 अक्टूबर तक ईडी की कस्टडी में दे दिया है। साईं कंस्ट्रक्शन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और उत्तराखंड पावर कारपोरेशन समेत कई सरकारी विभागों में कार्य करती थी। कंपनी ने बैंक से अलग-अलग मद में 22.20 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। इसके बदले उन्होंने कई संपत्तियां बंधक रखी थीं। बाद में जांच में सामने आया कि ये संपत्तियां पहले दूसरे बैंकों के पास बंधक रखी जा चुकी थीं। कंपनी और उसकी सहयोगी फर्मों के खिलाफ वर्ष 2022 में केस दर्ज किया था। ईडी ने भी मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**22** करोड़ रुपये हड़पने का चल रहा है मामला

### ईडी ने 23 सितंबर को 14.89 करोड़ की संपत्ति की थी जब्त

ईडी ने 23 सितंबर को राजीव त्यागी की 14.89 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया था इनमें संपत्तियां राजीव त्यागी, उनके बेटे अमर्त्य राज त्यागी, कनिष्क राज त्यागी, मेसर्स एसकेटी गारमेंट प्राइवेट लिमिटेड और एसएस इंटरप्राइजेस के नाम पर खरीदे गए फ्लैट, दुकान, आवासीय एवं औद्योगिक भूखंड शामिल थीं।

# 84 लाख योनियों की यात्रा दर्शाएंगे 84 स्तंभ

**महाकुंभ 2025**

▸▸ 21.30 करोड़ से सहस्त्र शिव नाम से अंकित 84 दीप्तिमान स्तंभों का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 84 लाख योनियों की यात्रा को दर्शाने वाले 84 पौराणिक स्तंभ सजाएगी। इस पर 21.30 करोड़ रुपये खर्च होगा।

जल निगम की कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन इकाई कार्यदाई संस्था है। परियोजना प्रबंधक रोहित कुमार राना के अनुसार प्रयागराज एयरपोर्ट के बाहर सड़क के दोनों तरफ इन स्तंभों की स्थापना की जा रही है। 10 करोड़ की पहली किश्त जारी की जा चुकी है। नवंबर तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। हर स्तंभ की लंबाई 6 मीटर होगी और यह खास स्टोन से बनाया जा रहा है। लगभग 525 मीटर की लंबाई में सीधी रेखा में स्थापित होने वाले इन स्तंभों में जीव के 84 लाख योनियों का संकेत होगा, जिससे सृष्टि का सार होगा। एक स्तंभ से दूसरे स्तंभ की दूरी 12 मीटर रखी गई है। हर स्तंभ में भगवान शिव के सहस्त्र नाम भी लिखे जाएंगे।

**चुस्त-दुरुस्त होगी बिजली व्यवस्था :** महाकुंभ में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चुस्त और दुरुस्त होगी। इसके लिए दो नए सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सब स्टेशनों की क्षमता वृद्धि, इंटरलिंक लाइन के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। विद्युत लाइन को भूमिगत भी किया जा रहा है।

# मुठभेड़ में लारेंस विश्नोई गिरोह का शूटर गिरफ्तार

▸▸ दिल्ली के नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है घायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मथुरा के रिफाइनरी थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह यूपी और दिल्ली पुलिस की लारेंस विश्नोई गिरोह के शूटर से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग शूटर योगेश उर्फ राजू घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारी के मुताबिक योगेश दिल्ली के चर्चित जिम मालिक नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी के पास से एक पिस्टल 32 बोर, सात जिंदा कारतूस और तीन खोखा बरामद किया गया।

एसपी सिटी मथुरा डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक राजू मूलतः बदायूं के राज चौक कटटा बहरामपुरा का रहने वाला है। वह लारेंस विश्नोई गिरोह में शामिल होकर यूपी में कई वारदात को अंजाम दिया।


## वर्ग पहेली-225

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना, कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।




### वर्ग पहेली -224 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मँ | ■ | ■ | ■ | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | ■ | ला |
| ■ | वा | ■ | रो | ■ | ना |
| ■ | ■ | 5 सं | हि | ति | ■ |
| 6 ट | ढ़ी | भू | त | ■ | 7 श |
| ■ | ■ | त | ■ | ■ | फ़ी |
| 8 शि | फा | ■ | 9 त | पा | क |

## सुडोकू -138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 6 | | | | | 8 |
| | 7 | | | 1 | | | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | 4 | 2 |
| | 2 | | 3 | | 5 | 6 | | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| | | 1 | 4 | | 7 | | 2 | |
| 7 | 4 | 5 | | | 6 | | 1 | |
| | 3 | | | 2 | | | 5 | |
| 6 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 |

# उप्र. में बढ़ा पराली जलाने का ग्राफ, एक माह में 528 घटनाएं

## 39 जिलों में सेटेलाइट से 15 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच ट्रेस हुईं घटनाएं, 193 में पराली जलाने की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तमाम कवायद के बावजूद प्रदेश में फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाएं इस वर्ष धान की कटाई के शुरुआती दौर में तेजी से बढ़ गईं। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 39 जिलों में सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग से कुल 528 पराली जलाने की घटनाएं ट्रेस की गईं हैं। लोकेशन के आधार पर कृषि विभाग ने मौके पर जांच कराई तो 193 की पुष्टि हुई।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक पराली जलने की घटना अलीगढ़ में 114, सम्भल 79, मथुरा 46, बाराबंकी 41, शाहजहांपुर 28, सीतापुर 27, बुलंदशहर 23, गौतमबुद्ध नगर 17, मुरादाबाद 16, पीलीभीत 14, बदायूं व रामपुर में 12-12 ट्रेस हुई हैं। पिछले चार वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक घटनाएं हुई हैं। इधर, कृषि विभाग का दावा है कि सूचना और लोकेशन मिलते ही फौरन टीमें मौके पर पहुंचीं तो पराली जलाने की 193 घटनाएं ही मिलीं। जबकि 164 घटनाओं में कूड़ा व अन्य चीजें जलती मिलीं। जिसका धुआं सेटेलाइट में ट्रेस हुआ। मिर्जापुर में आग की लोकेशन वाली जगह पर सोलर पैनल लगे मिले। जिनका सेटेलाइट से तापमान ट्रेस हुआ था। जबकि 146 घटनाओं की लोकेशन में खेतों पर धान में आग नहीं मिली तो कुछ जगह खेत ही ढूंढे नहीं मिले।

| वर्ष | घटना |
|---|---|
| 2021 | 460 |
| 2022 | 85 |
| 2023 | 312 |
| 2024 | 528 |

**6.37** लाख रुपये वसूला गया ढाई व पांच हजार रुपये के हिसाब से कुल जुर्माना

**24** कंबाई मशीन सीज की गई बिना एसएमएस ब्लेड के कटाई करने पर

"प्रदेश में सेटेलाइट से कुल 528 घटनाएं ट्रेस हुई थी। सभी जगह लोकेशन के आधार पर मौके पर टीमें भेजी गईं। लेकिन 193 घटनाएं ही पराली की मौके पर मिलीं। 146 घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई। जबकि शेष में कूड़ा आदि जलता मिला।

–जेपी चौधरी, युक्त निदेशक, कृषि अभियंत्रण, कृषि निदेशालय

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.15 तक तत्पश्चात द्वितीया।


मेष

आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। किन्तु आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। बिना जांच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है। आप गूढ़ विद्याओं की तरफ आकर्षित हो सकते हैं।


वृष


आज दिन की शुरुआत में आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस और पित्त की समस्या हो सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुए नियमों की स्वत: अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे।


मिथुन

आज प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपके काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रहे विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।


कर्क

आज पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा।


सिंह


आज जीवनसाथी आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपञ्चों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।


कन्या


आज सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो तो उसे बिल्कुल न करें।


तुला

आज संतान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुंवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।


वृश्चिक

आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। निसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे।


धनु

आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम भाव रखें।


मकर

आज युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में सुधार होने की संभावना है। आप सिनेमा में रुचि ले सकते हैं। नए दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।



कुंभ

आज आप कहीं दूर की यात्रा कर सकते हैं। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। प्रत्येक समस्या का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।


मीन

आज यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं, तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। आईटी से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आपकी कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-अश्विनी 1.26 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
स्पोर्ट
सुबह : 11.15
चाचा भतीजा
रात : 07.03

&pictures
अपरिचित
सुबह : 10.56
मडगांव एक्सप्रेस
रात : 08.00

SONY PIX
वाइट हाउस डाउन
सुबह : 08.14
जस्टिस लीग
शाम : 06.51

ZEE CINEMA
शागिर्द
सुबह : 10.30
सोचा न था
रात : 07.30

ZEE ACTION
प्लेयर्स
सुबह : 10.28
खुदा कसम
शाम : 05.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

करवा चौथ के एक-दो दिन पहले बाजार में एक महिला को दोनों हाथों में भर-भर के मेहंदी लगवाने के बाद याद आया कि वो स्कूटी पर अकेले ही आई है,

वो परेशान खड़ी थी कि तभी उसके एक पड़ोसी सज्जन ने उसे पहचान लिया और फिर उसी की स्कूटी में उसे घर तक छोड़ दिया।

घर पहुंचने के बाद पड़ोसी को याद आया कि वह अपनी बाइक और बीवी दोनों को तो बाजार में ही छोड़ आया है।

हैप्पी करवा चौथ।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,006.61 | 24,749.85 |
| गिरावट | 494.75 | 221.45 |
| प्रतिशत में | 0.61 | 0.89 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2800–2850 आर.आर.21 2900–2950 गेहूँफारम 3050–3100 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400–2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900–7000 अरहर 7500–8200 मसूर 5500–5600 मटर 3300–3400 उड़दहरा 11500–12000 उड़दकाला 7500–8500 मूँग 7500–8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14700–14800 अरहरस्पेशल 11600–11700 चनादाल 8600–8700 मटरदाल 4300–4400 मसूरमलका 7400–7450 मसूरदाल 7600–7650 उड़ददाल 9000–13500 उड़द धोवा 10000–12500 मूँगदाल 8500–9700 मूँग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600–1700 मैदा 1670–1720 सूजी 1700–1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570–1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900–6000 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 10500–11000 मूँगफलीदानाषिवपुरी 9400–11500 बटाली 8500–11000 सेहुआं 4000–4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14400–14500 अलसी 12700–12800 अण्डी 14000–14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960–1979 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600–2625 अलसी 4800–4900 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1950 1947 मयूर 1950 –1947 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3850–3900 मंगलौरलडडू 4700–4750 देशीभेली 4400–4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200–4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000–62000

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 105000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 110000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58650–58850 |

# भारत 2030 तक बनेगी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : एसएंडपी

## बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में चुनौतियां करेंगी प्रस्तुत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी ने कहा कि भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।



- भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना
- वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

### उभरते बाजार निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका


एसएंडपी ने आपनी रिपोर्ट उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर : निर्णायक दशक में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक जीडीपी की औसत वृद्धि दर 4.06% रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह 1.59% रहेगी। 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 65% का योगदान देंगे। इसमें मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा।

# बेयरिश पैटर्न : शेयर बाजार में गिरावट के संकेत

बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, बेयरिश पैटर्न एक महत्वपूर्ण तकनीकी संकेत हैं जो संभावित गिरावट को दर्शाते हैं। ये पैटर्न चार्ट पर विभिन्न आकृतियों में दिखाई देते हैं और ट्रेडर्स को बिक्री के अवसर प्रदान करते हैं। सही पहचान और समझ से, इन संकेतों का उपयोग कर निवेशक अपने लाभ को बढ़ा सकते हैं और जोखिमों को प्रबंधित कर सकते हैं। इस लेख में, हम बेयरिश पैटर्न के विभिन्न प्रकार, पहचानने के तरीके और इसके लाभ-हानि पर चर्चा करेंगे।

### यह कैसे करता है काम

- **प्रवृत्ति का विश्लेषण :** बेयरिश पैटर्न आमतौर पर तब बनते हैं जब कीमत उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद गिरने लगती है।
- **विपरीत संकेत :** ये संकेत देते हैं कि खरीदारी में कमी और बिक्री बढ़ रही है।
- **फिर से परीक्षण :** अक्सर, कीमत पहले की उच्चस्तर पर वापस आती है, जिससे एक और बिक्री का अवसर मिलता है।




### निवेशकों को फायदा

- **अवसर :** बेयरिश की पहचान करके, आप संभावित गिरावट से लाभ उठा सकते हैं। सही समय पर बिक्री से आपको लाभ मिल सकता है।
- **रिस्क मैनेजमेंट :** बेयरिश संकेतों के सही उपयोग से नुकसान से बच सकते हैं। सही समय पर बाहर निकलने से निवेश को सुरक्षित रख सकते हैं।

### प्रमुख बेयरिश पैटर्न

- **हेड एंड शोल्डर्स :** यह पैटर्न तीन प्रमुख उच्च स्तरों से बनता है—एक उच्च (हेड) के बीच में दो छोटे उच्च (शोल्डर्स)। जब कीमत इस पैटर्न को बनाती है, तो यह अक्सर एक मजबूत बेयरिश संकेत होता है।
- **डबल टॉप :** यह पैटर्न तब बनता है जब कीमत दो बार समान उच्च स्तर पर पहुंचती है, लेकिन तीसरी बार गिर जाती है। यह गिरावट एक संभावित ट्रेंड रिवर्सल का संकेत देती है।
- **सपोर्ट ब्रेकडाउन :** जब कीमत किसी महत्वपूर्ण सपोर्ट स्तर को तोड़ती है, तो यह एक बेयरिश संकेत हो सकता है। यह दर्शाता है कि बाजार की खरीदारी की ताकत कमजोर हो रही है।

### जरा रखें सावधानी

- **गलत सिग्नल :** बेयरिश पैटर्न हमेशा सही नहीं होते हैं। कभी-कभी, बाजार की अनिश्चितता और अन्य कारक इन संकेतों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे आप गलत निर्णय ले सकते हैं।
- **मार्केट वोलैटिलिटी :** बाजार की तेजी और मंदी के दौरान, बेयरिश पैटर्न की सटीकता कम हो सकती है। ऐसे में समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होता है।

# 10 साल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई 182 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा


देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 182% की वृद्धि हुई है। आयकर विभाग से जारी टाइम सीरीज डेटा से पता चला है कि कॉरपोरेट कर संग्रह 10 साल में दोगुना से अधिक होकर 9.11 लाख करोड़ से अधिक है। व्यक्तिगत आयकर संग्रह चार गुना बढ़कर 10.45 लाख करोड़ रुपये है। मोदी सरकार के पहले साल 2014-15 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.96 लाख करोड़ था। इसमें 4.29 लाख करोड़ कॉरपोरेट कर और 2.66 लाख करोड़ आयकर था। दाखिल आयकर रिटर्न (संशोधित रिटर्न सहित) की संख्या 2014-15 के 4.04 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 8.61 करोड़ से अधिक हो गई। प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात 2014-15 के 5.55% से बढ़कर 2023-24 में 6.64% हो गया।

# लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के 9% पर आ जाएगी: गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक लागत दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9% तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

नीति आयोग के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14% है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत 12% है। मंत्री ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.8 से 8.9% के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह जीडीपी का 14-18% है, जो वैश्विक मानक 8% से अधिक है। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। भारत पिछले वर्ष दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार था और अमेरिका तथा चीन से पीछे है।



- कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण करा रहा है मंत्रालय

# बाजार में गिरावट से निवेशकों को छह लाख करोड़ रुपये की हानि

नई दिल्ली, एजेंसी

- नेस्ले के शेयरों में सबसे ज्यादा 3% से भी अधिक की गिरावट

विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में तेज गिरावट से गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसई का सेंसेक्स 494.75 अंक टूटा। कारोबार के दौरान यह 595.72 अंक तक फिसल गया था।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 6,03,862.06 करोड़ रुपये घटकर 4,57,25,183.01 करोड़ रुपये (5.44 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले में 3% से भी अधिक की गिरावट आई। एफएमसीजी बनाने वाली नेस्ले का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 0.94% की गिरावट के साथ 899.49 करोड़ रहने से इसके शेयरों में बिकवाली देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी रही।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### पीएमएलए पर पुनर्विचार की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई गुरुवार को 27 नवंबर तक टाल दी, जिसमें सवाल किया गया है कि क्या धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी की, गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है ? न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को वकील ने सूचित किया कि याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यही होता है। जब हम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हैं तो कोई न कोई उपलब्ध नहीं होता है। स्थगन के अनुरोध का ईडी के वकील ने विरोध नहीं किया। न्यायालय, तीन न्यायाधीशों की पीठ के 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर कुछ मानकों के आधार पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

### जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाली पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह तय समय के अंदर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ से अनुरोध किया कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा देने के लिए एक एमए (विविध आवेदन) है। यह (पिछले साल के फैसले में) उल्लेख किया गया था कि इसे तय समय के अंदर होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा। यह नयी याचिका जम्मू कश्मीर के शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर की गई है।

### झारखंड में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

**जमशेदपुर।** झारखंड में गुरुवार को हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली घटना में 32 वर्षीय देवाशीष मुंडा नामक युवक पर एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया जब वह सुबह शौच के लिए जा रहा था। पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इंदबनी के निवासी मुंडा को हाथी ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# भारत उनकी भी मदद करता, जिन्होंने उससे युद्ध छेड़ा

## आरएसएस प्रमुख बोले- पूर्वजों के बनाए सिद्धांतों की प्रतिबद्धता के कारण भारत करता है सहयोग

- भागवत ने जैन समुदाय के कार्यक्रम को किया संबोधित

सूरत, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमारे पूर्वजों की ओर से निर्धारित किये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था, लेकिन सरकार ने सेना को सीमा पार न करने का निर्देश दिया था। भागवत जैन समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे। भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये।



सूरत में जैन तेरापंथ समाज के कार्यक्रम में पहुंचे मोहन भागवत।

### भारतीय हर समस्या का समाधान कर देंगे

संघ प्रमुख ने कहा कि जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। फरवरी 2019 में, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था। भारत या विश्व के समक्ष वर्तमान में मौजूद समस्याओं का कोई विशिष्ट उदाहरण दिए बिना भागवत ने कहा कि भारत के लोग अंततः हर समस्या का समाधान कर देंगे।

# बिहार: जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत, 12 लोग गिरफ्तार

पटना, एजेंसी

बिहार के सिवान और सारण जिलों में नकली शराब पीने से गुरुवार को 25 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में 12 लोग गिरफ्तार कबए गए हैं। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि नकली शराब से सिवान में 20 और सारण में पांच लोगों की मौत हुई है।

राज ने बताया कि घटना के बाद दो विशेष जांच दल गठित हुई हैं। स्थानीय स्तर पर गठित दल नवीनतम प्रकरण में आपराधिक बिंदुओं की जांच करेगा। वहीं पटना में मद्य निषेध विभाग द्वारा एक और एसआईटी गठित हुई है, जो हाल के दिनों में हुई ऐसी घटनाओं का अध्ययन करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई हो। एक शराब माफिया का नाम सामने आया है। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं।

### मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों जान लेने की जिम्मेदार: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीली शराब से हुई मौत पर गुरुवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। खरगे ने कहा कि सीवान और सारण में जहरीली शराब से अब तक 36 की मौत हो चुकी है।

### धड़ल्ले से बिक रही शराब : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने जहरीली शराब से कई लोगों की मौत पर आरोप लगाया कि प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। राज्य सरकार को इस पर लगाम लगानी चाहिए।

# विसर्जन की तैयारी में करंट से तीन की मौत

**सिवनी।** मप्र के सिवनी जिले के धूमा में महाकाली प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी के दौरान गुरुवार को करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार महाकाली प्रतिमा के विसर्जन में लगाए ट्रक में साज सज्जा का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट से तीन की मौके पर मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उनको जबलपुर भेजा गया है। मृतकों में नीलेश कुशवाहा, रवि विश्वकर्मा और मुकेश यादव है, यह धूमा के निवासी हैं। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

# घर में पिज्जा बांटने को लेकर हुए विवाद में महिला को मारी गोली

नई दिल्ली, एजेंसी



- बहस के बाद महिला की जेठानी के भाई ने दिया वारदात को अंजाम चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पिज्जा बांटने को लेकर हुई बहस के बाद महिला को उसकी जेठानी के भाई ने गोली मार दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात हुई इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला तब प्रकाश में आया जब जीटीबी अस्पताल से सीलमपुर पुलिस थाने को सूचना मिली कि सादमा नाम की महिला को गोली से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पति का भाई जीशान बुधवार को पिज्जा लाया था। उसने छोटे भाई जावेद की पत्नी सादमा सहित सभी को पिज्जा दिया। जीशान की पत्नी सादिया का सादमा से विवाद था और वह देवरानी के साथ पिज्जा साझा करने से नाराज थी। रात में सादिया ने अपने भाइयों मुंताहिर, तफसीर, शहजाद और गुलरेज को घर बुलाया और झगड़ा हुआ और इस दौरान मुंताहिर ने गोली चला दी, जो सादमा को जा लगी।

# शाह और नड्डा ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की तथा कार्यकर्ताओं से इस अभियान का हिस्सा बन संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की थी और पहले सक्रिय सदस्य बने थे। शाह ने एक्स पर कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनकर सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मैंने भी इस अभियान के तहत भाजपा की सक्रिय सदस्यता ली। भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। यह अभियान न केवल भाजपा के सदस्यता को और अधिक गति देगा, बल्कि राष्ट्रप्रथम को ध्येय बनाने वाले सदस्य भी आगे आएंगे।

# चीनी वीजा भ्रष्टाचार में कार्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस सांसद सहित अन्य के खिलाफ रिश्वतखोरी का है आरोप

सीबीआई ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए रिश्वत दी गई थी। आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी. मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।

# जीएसटी धोखाधड़ी मामले में ईडी ने गुजरात में छापे मारे

गांधीनगर, एजेंसी

- एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में 23 परिसरों को खंगाला

ईडी ने गुरुवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी)धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में गुजरात में कई शहरों में छापेमारी की, जिसमें राज्य पुलिस ने हाल में पत्रकार सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मामला दर्ज होने के बाद संघीय एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में करीब 23 परिसरों पर छापेमारी की। मामले में गिरफ्तार पत्रकार महेश लांगा और लांगा से संबंधित परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है। ईडी मामले में कई अन्य कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। एजेंसी मामले में साजिश और अपराध के जरिए आय अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है।

# महाराष्ट्र में 288 में से 200 सीट पर एमवीए में बनी सहमति : पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है।

- एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल

एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं शामिल नहीं हूं। जयंत पाटिल वार्ता में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा- असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बहुमत का फैसले सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की उस धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा जो एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है। असम समझौते के अंतर्गत आने वाले लोगों की नागरिकता के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। प्रधान न्यायाधीश ने अपना फैसला लिखते हुए धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा और कहा कि असम की भूमि के छोटे आकार और विदेशियों की पहचान कर पाने की लंबी प्रक्रिया के मद्देनजर इस राज्य में प्रवासियों के आने की दर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है।

### 6ए का फर्जी दस्तावेजों से हो सकता है दुरुपयोग: पारदीवाला

**नई दिल्ली।** बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कहा कि 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच असम में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान करने वाली, नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6ए, मनमानी और संवैधानिक रूप से अवैध है। पारदीवाला ने कहा कि जाली दस्तावेजों के आने से 6ए की खुली प्रकृति का दुरुपयोग होने की आशंका है, क्योंकि इसमें अन्य बातों के अलावा, असम में प्रवेश की गलत तारीख, वंशावली, झूठे सरकारी रिकॉर्ड के तहत जाली दस्तावेजों का प्रयोग होता है।

## खेल डायरी

### यूटीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष खिलाड़ी

**मडगांव।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को मौका मिलेगा।

### हैदराबाद में आज से शुरू होगी प्रो कबड्डी लीग

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा। पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था।

### एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन, ग्रुप बी में भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई), एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा।

### डीसी के निदेशक बने राव, बदानी मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। बदानी ने कहा दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं। भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे। राव ने कहा फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।

पहले टेस्ट के दूसरे दिन 46 रनों पर सिमटी भारतीय टीम, 37 साल बाद बनाया न्यूनतम स्कोर, न्यूजीलैंड ने बनाई 134 रनों की बढ़त

# हेनरी के आगे बिखरे भारतीय धुरंधर



मैट हेनरी
5 विकेट
15 रन
13 ओवर



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शून्य पर आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा और आर अश्विन (बाएं से दाएं) निराशा के मैदान से बाहर गए। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्के ने लिए चार विकेट डेविड कॉन्वे शतक से चूके
- ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए रविंद्र जडेजा कुलदीप और अश्विन को एक-एक विकेट

मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्के (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्द्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आयी न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन, कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (शून्य) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरूर्के ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए।

आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिये। विलियम ओरूर्के को 22 रन देकर चार विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46/10** (31.2 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पटेल बो ओरूर्के | 13 | 63 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 2 | 16 | 0/0 |
| विराट कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्के | 0 | 9 | 0/0 |
| सरफराज खान का कोंवे बो हेनरी | 0 | 3 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2/0 |
| केएल राहुल का ब्लंडेल बो ओरूर्के | 0 | 6 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी | 0 | 6 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 0 | 1 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का ब्रासवेल बो हेनरी | 2 | 17 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का हेनरी बो ओरूर्के | 1 | 3 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 4 | 16 | 1/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाजी : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13.2-3-15-5, ओरूर्के 12-6-22-4

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 180/3** (50 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2/0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्विन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1

### टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत का सबसे न्यूनतम स्कोर

**बेंगलुरू।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था।

**स्वदेश में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 46 | बेंगलुरू | 2024 | न्यूजीलैंड |
| 75 | दिल्ली | 1987 | वेस्टइंडीज |
| 76 | अहमदाबाद | 2008 | दक्षिण अफ्रीका |
| 83 | मोहाली | 1999 | न्यूजीलैंड |
| 88 | मुंबई | 1965 | न्यूजीलैंड |

**विदेश में न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 36 | एडीलेड | 2020 | ऑस्ट्रेलिया |
| 42 | लॉडर्स | 1974 | इंग्लैंड |
| 58 | ब्रिसबेन | 1947 | ऑस्ट्रेलिया |
| 58 | मैनचेस्टर | 1952 | इंग्लैंड |
| 66 | डरबन | 1996 | दक्षिण अफ्रीका |

### ऋषभ पंत के घुटने लगी चोट, जाना पड़ा मैदान के बाहर




**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया कि ऋषभ पंत के घुटने में चोट लगने के बाद सूजन आ गई है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर वापसी कर सकेगा। पंत न्यूजीलैंड की पहली पारी के 37वें ओवर में रविंद्र जडेजा की स्पिन गेंद को नहीं पकड़ पाए जो ओवर द विकेट से गेंदबाजी कर रहे थे और यह उनके घुटने पर लगी। वह जल्द ही लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए और उनकी जगह ध्रुव जुरेल मैदान में उतरे। गेंद उनके बाएं पैर के घुटने पर लगी जिसकी 2022 में उस कार दुर्घटना के बाद कई सर्जरी की गई थीं। रोहित ने बताया दुर्भाग्य से गेंद सीधे उनके घुटने पर लगी, उसी पैर पर जिसकी उन्होंने सर्जरी करवाई है। इसलिए उनके घुटने में थोड़ी सूजन है, लेकिन वह एहतियात के तौर पर मैदान छोड़कर बाहर गए। उम्मीद है कि रात में वह ठीक हो जाएंगे और हम उन्हें मैदान पर वापस देखेंगे।

### 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित

**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह दुखी हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को मिला रजत, नरूका ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अनंतजीत सिंह नरूका। ● एजेंसी

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया।

नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

## महिला क्रिकेटरों को उनका दर्जा मिलते देख खुश हूं : नीतू

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर नीतू डेविड जब आईसीसी हाल आफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनी तो क्रिकेट का उनका पूरा सफर उनकी आंखों के सामने फ्लैशबैक की तरह घूम गया। डायना एडुल्जी के बाद वह यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। डेविड इस समय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य चयनकर्ता हैं।

डेविड ने कहा मैं हैरान होने के साथ रोमांचित भी थी। मुझे नहीं पता था कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली मैं दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हूं। मुझे अपने करियर का वह दौर याद आ गया जब हमारे पास सुविधाएं नहीं होती थी लेकिन हम साथी खिलाड़ियों और परिवार के सहयोग से खेलते रहते थे। जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो कोई सुविधाएं नहीं थी। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों से काफी सहयोग मिला।

## डेनमार्क ओपन : क्वार्टरफाइनल में सिंधु

**कोपेनहेगन, एजेंसी**



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है।

भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।

## बॉलीवुड हलचल



### है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करते नजर आ सकते हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज के अलावा वरुण इन दिनों एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम ''है जवानी तो इश्क होना है'' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है रमेश तौरानी के प्रोडक्शन की इस फिल्म को वरूण के पिता डेविड धवन निर्देशित करेंगे। डेविड धवन इससे पूर्व वरूण धवन को लेकर मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 बना चुके हैं। चर्चा है कि वरुण धवन नवंबर में गोवा में है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग शुरू करेंगे। अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म के कुछ सीन्स की शूटिंग विदेश में की जा सकती है।

### 20 को होगा चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 20 अक्टूबर को होगा। जी सिनेमा इस वीकेंड चंदू चैंपियन के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मुरलीकांत पेटकर का बेमिसाल सफर लेकर आ रहा है। कबीर खान द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन के दमदार अभिनय से सजी यह फिल्म न सिर्फ इंसानी जज्बे की जीत दर्शाती है बल्कि हौसले की सच्ची कहानियों को भी सलाम करती है। कार्तिक आर्यन ने बताया, मुरलीकांत पेटकर का रोल निभाने की तैयारी के लिए मैंने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी। मुझे ऐसी डाइट लेनी पड़ी जो मेरे लिए अनजान थी और जिनका स्वाद हमेशा अच्छा नहीं होता था। यह मेरे जैसे खाने के शौकीन इंसान के लिए एक चैलेंज था। इसने न सिर्फ मेरे शरीर को बदला, बल्कि मुझे और ज्यादा ध्यानशील और सकारात्मक इंसान भी बनाया। मैंने लगभग 18 महीनों तक एक सख्त दिनचर्या का पालन किया, जिसमें मैंने पूरी लगन से मेहनत की और अपने कैलोरी इनटेक को एडजस्ट किया। शुरुआत में मुझे संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद मैंने अंततः इस अनुशासित जीवनशैली को अपनाया- समय पर खाना, समय पर सोना और नियमित रूप से जिम जाना। अपनी पिछली खाने की आदतों को छोड़ना कठिन था, लेकिन अब मैं इस नई दिनचर्या का आदी हो गया हूं, जो हमेशा स्वाद में अच्छी नहीं होती लेकिन मेरी पूरी सेहत पर सकारात्मक असर करती है।

### शर्वरी बनीं मिराजियो के नए क्लेक्शन की मॉडल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी हैंडबैग ब्रांड मिराजियो के नये क्लेकशन की मॉडल बनायी गयी है। मशहूर हैंडबैग ब्रांड मिराजियो ने बॉलीवुड स्टार शर्वरी के साथ अपने ए/डब्लू 24 क्लेक्शन का अनावरण किया है। #मेडफॉरमोर कैंपेन सिर्फ एक लॉन्च नहीं है, बल्कि उन महिलाओं का उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहती हैं। मिराजियो का यह नया कलेक्शन उन साहसी, आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऊंचाइयों को छूने और सीमाओं से परे जाने की चाह रखती हैं। शर्वरी ने कहा, मैं मिराजियो के #मेडफॉरमोर कैंपेन का चेहरा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस कैंपेन के पीछे का संदेश मेरे दिल के बेहद करीब है। यह महिलाओं को बड़ा सपना देखने और साधारण से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैंने हमेशा यह माना है कि हमें वही पाना चाहिए जो हमारे दिल को जोश से भर देता है, और मिराजियो उसी साहसी भावना को दर्शाता है। इसीलिए यह सहयोग मेरे लिए एक स्वाभाविक फिट की तरह है। हम मिलकर उन महिलाओं का उत्सव मना रहे हैं जो उत्कृष्टता की खोज में निडर हैं।

## दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 रनों का लक्ष्य

**मुल्तान, एजेंसी**



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती पाकिस्तान की टीम। ● एजेंसी

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया। पाकिस्तान का नौवां विकेट आगा सलमान के रुप में गिरा। इस तरह उसकी कुल बढ़त 296 रन की हो गयी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# वैवाहिक दुष्कर्म : पति को छूट वाले कानूनों की वैधता पर करेंगे फैसला : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के उन दंडनीय प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी जो बलात्कार के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करता है, यदि वह अपनी पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की इस दलील पर याचिकाकर्ताओं की राय जाननी चाही कि इस तरह के कृत्यों को दंडनीय बनाने से



- सीजेआई ने कहा- यह एक संवैधानिक प्रश्न है, मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है

वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा तथा विवाह की संस्था भी प्रभावित होगी। एक याचिकाकर्ता के अधिवक्ता करुणा नंदी ने दलीलें शुरू कीं और वैवाहिक दुष्कर्म पर आईपीसी तथा बीएनएस के प्रावधानों का जिक्र किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रश्न है।

हमारे सामने दो निर्णय हैं और हमें फैसला लेना है। मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है। नंदी ने कहा कि अदालत को एक प्रावधान को रद कर देना चाहिए जो असंवैधानिक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप कह रहे हैं कि यह (दंडात्मक प्रावधान) अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19, अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है... संसद ने जब अपवाद खंड लागू किया था, तो उसका आशय यह था कि जब कोई पुरुष 18 वर्ष से अधिक उम्र की पत्नी के साथ यौनाचार में संलग्न होता है, तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।

# दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में मिलेगा समाधान : मोदी

- अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा की मान्यता देने के समारोह को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए...युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए...



अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस के दौरान बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात् शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम्, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम् ।। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से ग्रसित लोगों ने ऐसा किया। आजादी के बाद एक ऐसे समूह ने देश पर कब्जा कर लिया, जो इसे अपनी विरासत की विपरीत दिशा में ले गया। उन्होंने कहा कि पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है। भाषा सभ्यता और संस्कृति की आत्मा है। पाली भाषा को जिंदा रखना, भगवान बुद्ध के शब्दों को जिंदा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### अभिधम्म दिवस याद दिलाता है करुणा और सद्भावना

अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था।

## एक नजर

### मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 2.8 तीव्रता का भूकंप

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में बृहस्पतिवार को 2.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये हालांकि इससे किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल केंद्र के अधिकारी वीएस यादव ने बताया कि भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर महसूस किये गये। नर्मदापुरम के जिलाधिकारी सोनिया मीणा ने बताया कि किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### महाराष्ट्र में व्यक्ति की चाकू मारकर की हत्या

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर शहर में गुरुवार को भीड़भाड़ वाली जगह पर महिला समेत तीन लोगों ने 37 वर्षीय व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक शिवाजी उर्फ अनिल देवकर है। शिवाजी पर पुरानी दुश्मनी से सुबह साढ़े आठ बजे दयानंद कॉलेज के पास हमला हुआ। आरोपियों में कृष्णा (30), अजय (25) और पद्मिनी है। आरोपियों ने शिवाजी पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। शिवाजी नगर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खाई में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 12 कर्मी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन बृहस्पतिवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया और इस हादसे में 12 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले के खैगाम इलाके में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में घायल हुए सीआरपीएफ के कर्मियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पाकिस्तान विस्फोट में तीन की मौत, दो घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद के राजमार्ग पर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी है जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। यातायात पुलिस ने गुरुवार को अपने बयान में बताया कि यह दुर्घटना बुधवार रात को एम1 राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा के पास हुई, जहां एक यात्री वैन में विस्फोट हुआ। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। बयान में कहा गया प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि दुर्घटना सिलेंडर फटने के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गाजा में स्कूल पर हवाई हमला, 15 की मौत

## फिलिस्तीनी अधिकारी ने कहा- स्कूल में था आश्रय स्थल, इजराइल बोला- छुपे थे जिहाद चरमपंथी

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

उत्तरी गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर बृहस्पतिवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में पांच बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि हमले में स्कूल में एकत्र हुए दर्जनों हमास और इस्लामिक जिहाद चरमपंथियों को निशाना बनाया गया।

यह हमला जबालिया स्थित अबू हुसैन स्कूल पर हुआ, जो उत्तरी गाजा में एक शहरी शरणार्थी शिविर है, जहां इजराइल एक सप्ताह से अधिक समय से बड़ा हवाई और जमीनी अभियान चला रहा है। उत्तरी गाजा में मंत्रालय की आपातकालीन इकाई के प्रमुख फारेस अबू हमजा ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। पास के कमाल अदवान अस्पताल को हताहतों का इलाज करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हमजा ने कहा कई महिलाएं और बच्चे गंभीर हालत में हैं।

सेना ने कहा कि उसने स्कूल के अंदर दोनों चरमपंथियों समूहों द्वारा संचालित कमांड सेंटर को निशाना बनाया। इसने उन दर्जनों लोगों के नामों की सूची दी, जिन्हें उसने चरमपंथी बताया और वे हमले के समय मौजूद थे। एक अन्य घटनाक्रम में, लेबनान के मध्य बेरूत में स्थित उस इमारत को चेतावनी के बाद खाली करा लिया गया, जिसमें अल जजीरा समाचार नेटवर्क और नॉर्वे के दूतावास के कार्यालय हैं। अल जजीरा ने बताया कि इमारत को खाली करा लिया गया है, लेकिन यह नहीं बताया कि चेतावनी कहां से आई थी। इजराइल ने कई इमारतों के साथ-साथ पूरे शहरों, कस्बों और गांवों को खाली कराने का आदेश दिया है।



उत्तरी गाजा में हमले के बाद उठता धुंआ। ● एजेंसी

### गाजा जाने की इजराइल दे अनुमति : डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इजरायल से आग्रह किया है कि वह उत्तरी गाजा तक मानवीय मिशनों को महत्वपूर्ण खाद्य और चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने की अनुमति दें, जो वहां जारी हिंसा के कारण पहुंच नहीं पा रही हैं। डब्ल्यूएचओ और उसके सहयोगियों ने सोमवार को पोलियो टीकाकरण अभियान का दूसरा दौर शुरू किया, जिसका लक्ष्य पांच लाख से ज्यादा बच्चों को पोलियो से बचाना है। प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने एक्स पर लिखा दो दिनों के टीकाकरण के बाद मध्य गाजा में पोलियो वैक्सीन की दूसरी खुराक पाने वाले बच्चों की कुल संख्या 156,943 हो गयी है।

### इजराइल के विदेश मंत्री ने की हमास के नेता याह्या सिनवार के मारे जाने की पुष्टि

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)।** इजराइल के विदेश मंत्री ने पुष्टि की है कि गाजा में इजराइली सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई। सिनवार एक साल पहले इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था, और उसकी हत्या से आतंकवादी समूह को एक बड़ा झटका लगा है। हमास की ओर से सिनवार की मौत की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं की गई। विदेश मंत्री कैट्ज ने सिनवार की हत्या को इजराइली सेना के लिए एक सैन्य और नैतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सिनवार की हत्या से बंधकों को तुरंत रिहा करने और एक ऐसा बदलाव लाने की संभावना पैदा होगी जो गाजा में बिना हमास और बिना ईरानी नियंत्रण के एक नयी वास्तविकता को जन्म देगा। पूरे युद्ध के दौरान, सिनवार सार्वजनिक रूप से कभी सामने नहीं आया। जुलाई में ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल के हमले में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद सिनवार को समूह के शीर्ष नेता के रूप में चुना था।

# ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों से बढ़ा भारत-कनाडा में तनाव : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सार्वजनिक जांच के दौरान की गई स्वीकारोक्ति से भारत के खिलाफ लगाए आरोपों का महत्व पता चलता है।

संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उसने जो सुना है, वह नई दिल्ली के इस दृढ़ रुख की पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा द्वारा लगाए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई सबूत पेश नहीं किया है। अभी तक कनाडा द्वारा कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट (भारत-कनाडा संबंधों में) ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से कनाडा के पास लगभग एक दशक से 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं।



- मंत्रालय ने कहा- नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला
- सार्वजनिक जांच के दौरान ट्रूडो की स्वीकारोक्ति से आरोपों के महत्व का चलता है पता

### भारत मानता है आतंकवाद पर गंभीर नहीं कनाडा

**वाशिंगटन।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि भारत का मानना है कि कनाडा हिंसा, आतंकवाद या घृणा भड़काने के अपराध को गंभीरता से नहीं लेता है। ट्रूडो ने संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप के संदर्भ में सार्वजनिक जांच के दौरान गवाही देते हुए कहा कि कनाडा सरकार यह पता लगाने के लिए भारत से मदद मांग रही है कि क्या कथित हस्तक्षेप और हिंसा किसी शरारती तत्व द्वारा की गई थी या सरकार में किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति द्वारा निर्देशित थी। ट्रूडो ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बेहद अहम सवाल है और यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर पता लगाने के लिए हम भारत सरकार से सहायता करने के लिए बार-बार कह रहे हैं।

# अफ्रीका महत्वपूर्ण व्यापार गंतव्य : मुर्मू

लिलोंग्वे (मलावी), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि अफ्रीका एक महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश गंतव्य है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महाद्वीप में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। भारत-मलावी व्यापार सम्मेलन में मुर्मू ने कहा कि वह हार्ट ऑफ अफ्रीका का दौरा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनकर खुश हैं। तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार वह यहां पहुंचीं।

मुर्मू ने कहा कि अफ्रीका में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, जल उपचार और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है।



- महाद्वीप में विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों का बढ़ रहा निवेश
- विभिन्न क्षेत्रों में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का किया है निवेश

1964 में मलावी की स्वतंत्रता के बाद उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला भारत पहला देश था। दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंध ऐतिहासिक हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क 140 वर्षों से भी अधिक पुराना है। कोविड महामारी से उत्पन्न मंदी के बावजूद भारत और मलावी के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ रहा है।

मुर्मू ने कहा कि भारत वर्तमान में मलावी का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यह मलावी में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है जिसने विभिन्न क्षेत्रों में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मलावी प्राकृतिक भंडारों और उपजाऊ कृषि भूमि के मामले में समृद्ध है, तथा भारत में ऊर्जा, खनिज और खाद्यान्न की बढ़ती मांग के साथ एक बड़ा उपभोक्ता आधार है। उन्होंने कहा कि दोनों देश कई क्षेत्रों में तालमेल स्थापित करने के लिए एक साथ आ सकते हैं।

# सोमालिया की राजधानी में कैफे में हुए हमले में सात की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के बाहर एक कैफे में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि हताहतों में अधिकारी और नागरिक शामिल हैं जो बृहस्पतिवार को जनरल काहिये पुलिस अकादमी के बाहर चाय पी रहे थे। अलकायदा से सम्बद्ध आतंकवादी समूह अल-शबाब ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित बयान के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली। इस समूह ने पहले भी सोमालिया में हमले किए हैं। निवासी मोहम्मद अली ने बताया कि उन्होंने विस्फोट की जोरदार आवाज सुनी थी।

# अमेरिका के बी-2 ने यमन के हूती विद्रोहियों के बंकरों पर किया हमला

दुबई, एजेंसी

अमेरिका के लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले बी-2 बमवर्षक से यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। अधिकारियों ने गुरुवार तड़के इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए बी-2 स्पिरिट का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है।

बी-2 स्पिरिट ऐसा बमवर्षक है जिसमें दुश्मन की नजर में आए बिना हमला करने की क्षमता है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों के विरोध में हूती विद्रोही लाल सागर में कई महीनों से पोतों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों के अल-मसीरा समाचार चैनल ने बताया कि यमन की राजधानी सना के आसपास हवाई हमले हुए हैं। साल 2014 से हूती विद्रोहियों ने सना पर कब्जा कर रखा है। इसमें बताया गया कि हूती विद्रोहियों के गढ़ सादा के आसपास भी हवाई हमले हुए हैं, हालांकि इसने नुकसान या हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारण स्थानों को निशाना बनाकर बी-2 बमवर्षक से हमले किए गए हैं। हूतियों का समर्थन करने वाले ईरान को परोक्ष रूप से चेतावनी देने के लिए भी यह हमले किए गए हैं। ईरान ने पिछले साल के दौरान दो बार इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले किए।

ईरान के नतांज या फोर्डो में स्थित परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमले में अमेरिका की ओर से बी-2 क इस्तेमाल किया जाएगा क्योंकि यह एकमात्र विमान है जो जीबीयू-57 को गिरा सकता है। इसे मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर के नाम से भी जाना जाता है।

- अमेरिका के रक्षा सचिव बोले- हूती विद्रोहियों नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारणों को बना गया निशाना

# गुजरात हाईकोर्ट ने खारिज की सीबीआई जांच की मांग

अहमदाबाद, एजेंसी

**मोरबी पुल हादसा**

- पीड़ितों के परिजनों ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का किया था आग्रह

गुजरात हाईकोर्ट ने 2022 के मोरबी पुल ढहने की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया है। इस हादसे के पीड़ितों के परिजनों ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति प्रणव त्रिवेदी की खंडपीठ ने कहा कि अदालत जांच की सटीकता पर गौर नहीं कर सकती।

अदालत गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर, 2022 की घटना के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई एक पीआईएल पर सुनवाई कर रही थी। हादसे में मच्छू नदी पर ब्रिटिशकाल का एक झूला पुल ढह जाने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ पीड़ितों और मृतकों के परिजनों ने पूरे मामले की सीबीआई से पुनः जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने गुजरात पुलिस पर उचित जांच नहीं करने और विशेष जांच दल द्वारा कुछ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बावजूद किसी भी नगर निगम अधिकारी को आरोपी नहीं बनाने का आरोप लगाया है।

सुनवाई के दौरान पीड़ितों की ओर से पेश हुए वकील राहुल शर्मा ने मुख्य प्राथमिकी में हत्या का आरोप जोड़ने का अनुरोध किया। महाधिवक्ता ने सूचित किया कि पिछले वर्ष आरोपपत्र दाखिल किया था और मोरबी मुख्य अधिकारी अनुशासनात्मक जांच का सामना कर रहे हैं। जब शर्मा ने पुनः जांच के लिए दबाव डाला तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुनः जांच का आदेश देना इस जनहित याचिका के दायरे से बाहर है।

**खगोल विज्ञान** सक्रियता की चरम अवस्था सौरमंडल को प्रभावित करती है


# चरम पर पहुंचा 11वर्षीय सूर्य का सौरचक्र

अमृत विचार, नैनीताल

25वां सोलर साइकिल चरम पर जा पहुचा है। इसके अगले वर्ष तक चरम पर रहने की संभावना है। नासा के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए), और अंतर्राष्ट्रीय सौर चक्र भविष्यवाणी पैनल के वैज्ञानिकों ने यह घोषणा की है।

सौर चक्र सूर्य का प्राकृतिक चक्र है। इस चक्र में सूर्य निम्न और उच्च चुंबकीय गतिविधि के दौर से गुजरता है। यह चक्र लगभग 11 साल का होता है। जिसमें सूर्य शांत से सक्रियता की ओर गुजरता है और सक्रियता के दौरान तूफानी स्थिति में परिवर्तित हो जाता है। नासा अंतरिक्ष मौसम कार्यक्रम के निदेशक जेमी फेवर्स के अनुसार सौर सक्रियता के अधिकतम पहुचने के दौरान सूर्य की सतह पर सनस्पॉट की संख्या बढ़ जाती है। सूर्य के चरम अवस्था के दौरान सूर्य के बारे में जानने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करती है। चरम पर पहुचने के दौरान सूर्य पृथ्वी के साथ हमारे पूरे सौर मंडल पर वास्तविक प्रभाव डालता है और अंतरिक्ष मौसम पर गहरा असर डालता है। साथ ही अंतरिक्ष में उपग्रहों और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ-साथ रेडियो संचार और जीपीएस को प्रभावित करता है। पृथ्वी पर स्थित पावर ग्रिड को प्रभावित कर सकता है।

इधर पिछले कुछ महीनों में सूर्य जबरदस्त सक्रिय है। मई माह में बड़े सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) की बौछार ने पृथ्वी को प्रभावित किया। सूर्य की हलचल ने दो दशकों में पृथ्वी पर शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान पहुचे। इन दिनों सूर्य की सतह पर दर्जनों सनस्पॉट उभरे हुए हैं। जिनसे बड़े विस्फोट सूर्य पर जारी रहेंगे। बहरहाल अगले वर्ष तक सौर चक्रियता चरम पर रहेगी।




सूर्य के निम्न व उच्चतम सक्रियता की तस्वीर ।

### महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने सबसे पहले देखे सनस्पॉट

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ वहाबउद्दीन के अनुसार 1600 के दशक में महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने पहली बार सनस्पॉट देखे थे। तभी से सूर्य पर नजर रखना शुरू हुआ और सूर्य के भयानक रूप का पता चल सका। प्रत्येक सौर चक्र का समय अलग-अलग होता है । सौर चक्र की अधिकतम समय 14 वर्ष तक हो सकता है। औसतन 11 वर्ष माना जाता है। 25वां सौर चक्र 2019 में शुरू हुआ था।

# फॉक्स न्यूज के साथ कमला का साक्षात्कार महज बकवास : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प की प्रचार अभियान टीम ने उपराष्ट्रपति एवं डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार को बकवास करार दिया है और कहा है कि इस दौरान वह गुस्से में थी और किसी भी सवाल का सीधे जवाब नहीं दे पा रही थी।

ट्रम्प के अभियान टीम ने एक बयान में कहा फॉक्स न्यूज के एंकर ब्रेट बैयर के साथ कमला हैरिस का साक्षात्कार बकवास था। कमला गुस्से में थी, रक्षात्मक थी और एक बार फिर अमेरिकी नागरिकों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं कर पायीं। वह एक भी सवाल का सीधा जवाब नहीं दे सकी, क्योंकि उसके पास कोई जवाब नहीं है। उनकी अभियान टीम ने हैरिस के अभियान टीम पर ट्रम्प के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया गया। ट्रम्प के अभियान टीम की राष्ट्रीय प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहाने कहा कमला का पूरा अभियान पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के बारे में झूठ पर आधारित है। कमला फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार के दबाव को नहीं संभाल सकती हैं। वह निश्चित रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति होने के दबाव को नहीं संभाल सकती हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव 5 नवंबर को होने वाला है।

